हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




## पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को जिंदा जलाया

## राष्ट्रपति के आवास पर धावा बोला

# नेपाल में तख्ता पलट
# पीएम ओली का इस्तीफा

सोशल मीडिया पर बैन से आक्रोश, हिंसा की आग में जले नेपाल के कई शहर


नेपाल के राष्ट्रपति पौडेल ने संकट के समाधान के लिए बातचीत की अपील की

*नेपाल बड़े राजनीतिक संकट से गुजर रहा है। युवाओं के आंदोलन, 22 लोगों की मौत और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। पूरे देश में जनआक्रोश अपने चरम पर है। 'जेन ज़ी' के नेतृत्व में हो रहे विरोध प्रदर्शन अब तख्तापलट जैसे हालात बना चुके हैं। इस बीच, भारत सरकार पूरी स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रही है। क्योंकि नेपाल केवल पड़ोसी नहीं, बल्कि भारत के लिए सामरिक और सांस्कृतिक रूप से बेहद अहम देश है।*




### आंदोलन अब हिंसा में तब्दील हो चुका

बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे मुद्दों को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब हिंसा में तब्दील हो चुका है। सरकारी इमारतें, मंत्रियों के घर और यहां तक कि संसद भवन तक पर हमला हुआ है।



### पीएम मोदी ने नागरिकों से की शांति की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के घटनाक्रम पर चर्चा के लिए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मोदी ने इस बात जोर दिया कि नेपाल की स्थिरता, शांति और समृद्धि भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा कि नेपाल में हुई हिंसा हृदय विदारक है। उन्होंने नेपाल के नागरिकों से शांति की अपील की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश और पंजाब के दौरे से लौटने के बाद सीसीएस की बैठक बुलाई। मोदी ने कहा, नेपाल में हिंसा हृदय विदारक है। मुझे इस बात का दुख है कि कई युवाओं ने अपनी जान गंवाई है।

## एअर इंडिया ने नई दिल्ली से काठमांडू के लिए उड़ानें रद्द कीं

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने देश में जारी सरकार विरोधी जबर्दस्त प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल सहित कई शीर्ष राजनीतिक नेताओं के निजी आवास पर हमला किया तथा संसद भवन में तोड़फोड़ की। छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों में राजनीतिक वर्ग के खिलाफ कई कारणों को लेकर आम लोगों का बढ़ता आक्रोश झलक रहा है, जिसमें सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार जैसे कई मुद्दे शामिल हैं। प्रदर्शनकारी कर्फ्यू और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के बावजूद काठमांडू और अन्य स्थानों पर एकत्र हुए। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 लोगों की मौत के लिए ओली के इस्तीफे की मांग करते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के उनके कार्यालय में घुसने और नारेबाजी करने के तुरंत बाद ओली ने पद छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति पौडेल को लिखे अपने त्यागपत्र में ओली ने नेपाल के समक्ष मौजूद 'असाधारण ▶▶| शेष पेज 5 पर

**संसद भवन में की तोड़फोड़**

**पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक का घर फूंका**

**ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का के घर को बनाया निशाना**

### पूर्व पीएम देउबा और उनकी पत्नी की पिटाई

नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा पर प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया। इस दौरान उनकी पत्नी और नेपाल की विदेश मंत्री आरज़ू राणा देउबा पर भी हमला किया गया है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें शेर बहादुर देउबा को लहूलुहान हालत में देखा जा सकता है।



### 'केपी चोर, देश छोड़ो' के नारे

'जेन ज़ी' के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने राजधानी के कई हिस्सों में 'केपी चोर, देश छोड़ो' और 'भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के नायकाप स्थित पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक के आवास को भी आग लगा दी। यह घटना उनके पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद हुई। काठमांडू के कलंकी, कालीमाटी, तहाचल और बनेश्वर के साथ-साथ ललितपुर जिले के च्यासल, चापागौ और थेचो इलाकों से भी प्रदर्शनों की खबरें हैं। कलंकी में प्रदर्शनकारियों ने सड़कें अवरूद्ध करने के लिए टायर जलाए।

### फेसबुक-एक्स समेत 26 साइट बैन

नेपाल सरकार ने फेसबुक और 'एक्स' समेत 26 सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था, क्योंकि वे पंजीकृत नहीं थीं। हालांकि, सोमवार देर रात को सरकार ने जनता के गुस्से को कम करने के लिए सोशल मीडिया साइटों पर लगाए प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की थी। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के अलावा राष्ट्रीय सरकार का गठन और भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शामिल है।

### जनता की पांच प्रमुख मांगें

- संसद को भंग किया जाए
- सभी सांसद इस्तीफा दें
- उन अधिकारियों को सस्पेंड करें, जिन्होंने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश दिया
- जनता के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार बनाई जाए
- अंतरिम सरकार के तहत जल्द चुनाव कराए जाएं

## मोदी दो दिवसीय प्रवास पर 31 अक्टूबर को आएंगे रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ से पुराना रिश्ता रहा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी छत्तीसगढ़ से अपने लगाव को कई मौकों पर जाहिर कर चुके हैं। इस वर्ष छत्तीसगढ़ गठन को 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और छत्तीसगढ़ में रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा। समारोह में शामिल होने का न्योता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा ▶▶| शेष पेज 5 पर



- **रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह में होंगे शामिल**

**खास खबर**

### एक दिन पहले ही पहुंचेंगे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार यहां पर दो दिनों तक रहेंगे। वे 31 अक्टूबर को यहां पहुंच जाएंगे। वे यहां पर रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद दूसरे दिन राजधानी में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसमें सबसे अहम विधानसभा भवन का लोकार्पण है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 3 ग्रामीणों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

मौसम में हुए बदलाव व गरज चमक के साथ हो रही बारिश से बतौली क्षेत्र में पिछले दो दिनों में अलग अलग घटनाओं में तीन ग्रामीणों की मौत हो गई है। इसके साथ ही घटना में एक महिला घायल हुई है। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि मृतकों के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

- **बतौली क्षेत्र में हुई अलग अलग घटनाएं, एक महिला का उपचार जारी**



बताया जा रहा है कि बतौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम उमापुर निवासी 38 वर्षीय अशोक तिग्गा आ. करलु तिग्गा 8 सितम्बर की शाम पत्नी के साथ खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम में बदलाव होने के साथ ही गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से ▶▶| शेष पेज 5 पर




**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक**

## सौर ऊर्जा, नीति बदली, शहीद एएसपी की पत्नी बनी डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



**खास खबर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सौर ऊर्जा नीति में बदलाव करते हुए अब फैसला किया गया है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं को अब राज्य की औद्योगिक नीति के तहत प्राथमिकता से उद्योग का दर्जा मिलेगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत की निर्भरता को कम करने तथा गैर पारंपरिक स्त्रोत आधारित ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की सौर ऊर्जा नीति में आवश्यक संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। नई व्यवस्था के अनुसार यह संशोधित नीति अब 2030 तक लागू रहेगी, या फिर जब तक राज्य सरकार नई सौर ऊर्जा नीति जारी नहीं करती।

**निवेशकों को मिलेंगी ये रियायतें:** नीति में बदलाव से निवेशकों को कई तरह की रियायतें और प्रोत्साहन मिलेंगे, जैसे ब्याज अनुदान, पूंजी लागत पर अनुदान (सूक्ष्म उद्योगों को), जीएसटी प्रतिपूर्ति (लघु, मध्यम और बड़े उद्योगों को), ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पत्रकार सम्मान निधि अब 20 हजार

मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ वरिष्ठ मीडिया कर्मी सम्मान निधि के तहत सेवानिवृत्त हो चुके मीडिया कर्मियों को दी जाने वाली सम्मान राशि 10 हजार रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 20 हजार रुपए प्रतिमाह करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसकी घोषणा वर्ष 2025-26 के बजट में की गई थी।

### सीजीपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति का अनुमोदन

मंत्रिपरिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए रीता शांडिल्य, जो वर्तमान में लोक सेवा आयोग की सदस्य एवं कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं, को लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है।

### शहीद गिरेपुंजे की पत्नी बनेंगी डीएसपी

मंत्रिपरिषद ने सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 9 जून 2025 को बम विस्फोट की घटना में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे की शहादत और अदम्य वीरता को सम्मानित ▶▶| शेष पेज 5 पर



## खबर संक्षेप

### हवलदार ने की सर्विस राइफल से आत्महत्या

**कोंटा।** सीआरपीएफ के हवलदार ने सोमवार रात 10.15 बजे ड्यूटी के दौरान मुख्यालय में अपने सर्विस राइफल से आत्महत्या कर ली। निलेश कुमार गर्ग कटनी जिला



मध्यप्रदेश का रहने वाला था। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। कोंटा पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। मिली जानकारी अनुसार हवलदार ने सुसाइड नोट छोड़ा है। सुकमा जिले के कोंटा ब्लाक के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित इंजरम सीआरपीएफ 219वीं बटालियन में शोक व्याप्त है। कमांडेंट की उपस्थित में मंगलवार सुबह कोंटा थाना प्रभारी सलीम काका ने घटनास्थल का मुआयना कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए विवेचना चालू की। शव का पोस्टमार्टम कर सीआरपीएफ 219वीं बटालियन को सौंप दी गई है। हवलदार की पोस्टिंग इसी वर्ष यहां हुई थी और हाल ही में छुट्टी से लौटने की जानकारी मिली है। ज्ञात हो की नक्सल प्रभावित सुकमा जिला में यह पहला मामला नहीं है, इससे पूर्व भी जवान इस प्रकार का आत्मघाती कदम उठा चुके हैं।

### 18 हजार का गांजा बरामद आरोपी महिला को भेजा जेल

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने एक महिला को सार्वजनिक स्थान पर गांजा बेचते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 हजार रुपए कीमत का 1.8 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने खुशी देवार को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

### डेढ़ लाख रुपए का ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक इंडस्ट्रीज के सुपरवाइजर ने अज्ञात चोर के खिलाफ ट्रांसफार्मर का विद्युत कनेक्शन काटकर तीन से चार सौ लीटर के करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोरी की शिकायत कूंरा रोड स्थित इंद्रमनी मिनरल्स के सुपरवाइजर ललित यादव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के बेटे से 58 लाख की धोखाधड़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के बेटा नितिन अग्रवाल धोखाधड़ी के शिकार हो गए। राजधानी रायपुर के जीई रोड स्थित फेडरल बैंक में उनका खाता खुला है, जिसमें रखे 58 लाख 5 हजार रुपए को किसी ने दूसरे बैंक के अलग-अलग तीन खातों में ट्रांसफर कर दिया है। नितिन अग्रवाल ने इस मामले में शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि यह रकम बैंक के अधिकारियों ने उनसे बिना अनुमति लिए ट्रांसफर की है। फिलहाल आजाद चौक पुलिस ने नितिन अग्रवाल की शिकायत पर अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। आजाद चौक पुलिस के अनुसार नितिन अग्रवाल निवासी स्वर्ण भूमि मोवा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके नाम पर क्राउन विला एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्म है। इस फर्म के नाम पर उसने जीई रोड स्थित फेडरल बैंक में खाता खोल रखा है। इस खाता से बिना उसकी अनुमति एवं जानकारी के 58 लाख 5 हजार रुपए दूसरे बैंक के खातों में ट्रांसफर हो गए हैं। यह राशि तीन बार में अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर हुई है। इसमें पहली राशि 29 लाख रुपए, दूसरी राशि 18 लाख 5 हजार रुपए तथा तीसरी 11 लाख रुपए हुई है। ये तीनों राशि एक ही दिन 8 सितंबर को ट्रांसफर की गई है। यह धोखाधड़ी बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से हुई है या फिर यह भी साइबर फ्राड का हिस्सा है, इसका खुलासा पुलिस की जांच के बाद ही होगा। बहरहाल पुलिस ने शिकायत पर धारा 173 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। इन दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# हाईकोर्ट में शासन ने माना- राज्य में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में संशोधन की जरूरत

## डीजे पर नाचते समय एक नाबालिग की मौत को भी गंभीरता से लिया कोर्ट ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर। डीजे और साउंड बाक्स के शोर से आम लोगों को होने वाली परेशानियों को लेकर जनहित याचिका पर मंगलवार को फिर से हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से बताया गया कि कड़ी कार्रवाई के लिए राज्य के कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में संशोधन की जरूरत है। इसके लिए शासन स्तर पर प्रक्रिया की जाएगी। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने बलरामपुर जिले में गणेश विसर्जन के दौरान डीजे पर नाचते समय एक नाबालिग की मौत को भी गंभीरता से



लिया है। हाईकोर्ट ने मामले में शासन से जवाब मांगा है।

गौरतलब है कि बलरामपुर क्षेत्र राजपुर के महुआ-पारा निवासी प्रवीण गुप्ता (15) शनिवार को गणेश पंडालों में पूजा में व्यस्त था। शाम को वो विसर्जन में शामिल हुआ। डीजे की तेज आवाज के बीच प्रवीण डांस कर रहा था। अचानक उसे बेचैनी होने लगी और जमीन पर गिर गया। उसे सांस लेने में दिक्कत होने पर दोस्तों ने सीना दबाकर पंप भी किया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में शासन से जवाब तलब करते हुए हाईकोर्ट ने पूछा कि रोक के बाद भी इतनी तेज आवाज में डीजे कैसे बज रहा था। इसमें अभी तक क्या जिम्मेदारी तय की गई है। सुनवाई के दौरान बात सामने आई कि बलरामपुर जिले में डीजे प्रतिबंधित नहीं किया गया था। जिस कारण तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था।

### फिलहाल कोलाहल अधिनियम में कड़े प्रावधान नहीं

सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि कोलाहल अधिनियम में इतने कड़े प्रावधान है ही नहीं। एक या दो बार 500-1000 रुपए पेनाल्टी लगाकर छोड़ दिया जाता है। ना सामान की जब्ती होती है और ना ही कोई कड़े नियम बनाए गए है। कोर्ट ने मामले में सरकार को कार्रवाई के संबन्ध में जवाब प्रस्तुत करने कहा है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से बताया गया कि केन्द्र सरकार की न्वाइज पाल्यूशन कंट्रोल के तहत पांच लाख रुपए तक की पेनाल्टी लगाए जाने का प्रावधान है। छग में इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है। सरकार की ओर से कहा गया कि ध्वनी प्रदूषण पर रोक के लिए ही संशोधन किए जा रहे हैं। इसे विधानसभा में रखकर पास कराया जाएगा और कड़े प्रतिबंध लागू किए जाएंगे।

# सिम्स में 15 करोड़ की मंजूरी मिलने के बाद भी नई मशीनें नहीं आ सकीं, हाईकोर्ट ने शासन से जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में 15 करोड़ की मंजूरी मिलने के बाद भी नई मशीनें नहीं आ सकीं हैं। पिछले कई माह से पुरानी मशीनों से ही मरीजों की जाँच कि जा रही है। इस मामले में संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने राज्य शासन से जवाब तलब किया है। चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान पूछा है कि आखिर मशीनें क्यों नहीं खरीदी जा रही है। डीबी ने शासन से शपथ पत्र पर जवाब तलब करते हुए इस मामले को मानिटरिंग के लिए तय करते हुए अगली सुनवाई अक्टूबर माह में निर्धारित की है।




दरअसल सिम्स प्रबंधन ने चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने और मरीजों की जांच प्रक्रिया तेज करने के उद्देश्य से शासन को 15 करोड़ रुपए के दो अलग-अलग प्रस्ताव भेजे थे। इनमें एक प्रस्ताव 10 करोड़ का और दूसरा 5 करोड़ रुपए का था। शासन से मंजूरी मिलने के बाद भी अब तक मशीनों की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इस बीच जरूरत को देखते हुए सिम्स ने एसईसीएल के सीएसआर मद और अन्य स्त्रोतों से 66 लाख रुपए की लागत से सोनोग्राफी, डायलिसिस समेत कुछ अन्य मशीनें खरीदी हैं लेकिन यह संख्या जरूरत के मुकाबले बेहद कम है। यहां कार्यरत डॉक्टरों का कहना है कि, नई मशीनें मिलने से कम समय में अधिक मरीजों की जांच संभव होगी और इलाज की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

### यहां व्यवस्था में कब सुधार होगा

मीडिया में आई खबरों के बाद हाईकोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया है। मंगलवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बी डी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा कि सिम्स इस अंचल का एक मात्र शासकीय मेडिकल कॉलेज हास्पिटल है। दूर दूर से मरीज उपचार के लिए आते हैं। जब सरकार ने बजट दे दिया है, तब मशीनें लाने में क्या परेशानी है। पुरानी मशीनों से टेस्ट का परिणाम भी प्रभावित होगा। कोर्ट ने शासन से पूछा है कि यहां व्यवस्था में कब सुधार होगा। आप कर क्या रहें हैं। मरीजों के इलाज के लिए क्या योजना है।

# तोमर-ब्रदर्स की पांच याचिकाओं पर एक साथ होगी सुनवाई

**बिलासपुर।** रायपुर के चर्चित तोमर बंधुओं की सभी पांच याचिकाओं पर हाईकोर्ट में एक साथ सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सगल बेंच ने केस की सुनवाई एक सप्ताह के लिए टाल दी है। इस दौरान शासन ने शपथपत्र के साथ जवाब दिया है, जिसमें कहा है कि दोनों भाईयों का क्रिमिनल रिकार्ड हैं। आरोपियों के वकील ने पुलिस पर दबाव में कार्रवाई करने और आर्गेनाइज क्राइम के केस में फंसाने का आरोप लगाया। ध्यान रहे कि दोनों भाई 2 महीने से फरार चल रहे हैं। गिरफ्तारी से बचने वकील के माध्यम से दोनों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई है। इस मामले की पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने रायपुर एसएसपी से व्यक्तिगत शपथपत्र के साथ जवाब मांगा था।

इस मामले में शासन की ओर से वकील ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वहीं, रायपुर एसएसपी ने शपथपत्र के साथ जवाब दिया है, जिसमें बताया कि दोनों भाई सूदखोरी करते हैं। जरूरतमंद लोगों को ब्याज में पैसे देकर मनमाने पैसे वसूली करते हैं। पैसे नहीं देने पर उन्हें डराया-धमकाया जाता है। लगातार मिल रही शिकायतों पर पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि सेशन कोर्ट ने तोमर बंधुओं को सरेंडर करने का आदेश देते हुए 18 अगस्त तक उद्घोषणा जारी की थी लेकिन, उद्घोषणा से पहले ही दोनों भाईयों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगा दी। आरोपियों की तरफ से हाईकोर्ट में अलग-अलग पांच याचिकाएं दाखिल की गई है।

### दर्ज है सात आपराधिक केस

दरअसल, रायपुर के तेलीबांधा और पुरानी बस्ती थाने में वीरेंद्र तोमर और उसके भाई रोहित तोमर पर एक्सकर्शन और सूदखोरी का केस दर्ज किया गया है। मामले में जब पुलिस ने उनके घर में दबिश दी, तब कैश, चेक और जमीनों के दस्तावेज मिले। साथ ही जांच मे यह पता चला कि मामला आर्गेनाइज क्राइम से जुड़ा हुआ है। लिहाजा, पुलिस ने तोमर बंधुओं के खिलाफ अलग-अलग 7 एफआईआर दर्ज कर सख्ती से कार्रवाई शुरू कर दी।

इधर, डिप्टी सीएम ने कहा-

# अकबर ने लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाए कराएंगे एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के 'वोट चोर गद्दी छोड़' सभा के बीच डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रेस कान्फ्रेंस कर कांग्रेस को रैली नहीं करने की बात कही। उन्होंने कहा, वोट चोरी के नाम पर कांग्रेस दिग्भ्रमित करने का काम रही है। बिलासपुर में मंगलवार को हुई कांग्रेस की रैली को दोहरे राजनीतिक मापदंड का



परिचायक बताते हुए कहा, जिस वोट चोरी के नाम पर कांग्रेस के लोग हंगामा कर रहे हैं, उसे दुरुस्त करने के लिए चल रहे एसआईआर का विरोध कांग्रेस को नहीं करना चाहिए। मंगलवार को नया रायपुर स्थित सर्किट हाउस में पत्रकारों के संबोधित करते हुए उन्होंने ऐसे अनेक नामों का दस्तावेजों के साथ जिक्र किया जिन्होंने गलत जानकारी देकर कवर्धा और राजधानी रायपुर के ही विधानसभा क्षेत्रों के दो-दो पोलिंग बूथ पर दो-दो मतदाता केंद्र में अपना नाम दर्ज कराया है। अलग एपिक नम्बर्स जारी हुए हैं। इन सारे मामलों को लेकर न्यायालय जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा, यह सब पिछली भूपेश सरकार के मंत्री रहे मो. अकबर के इशारे पर हुआ। अब कांग्रेस वोट चोरी के मामले में उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। पूर्व मंत्री मो. अकबर ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि मैंने किसी का नाम कवर्धा में नहीं जुड़वाया है।

**कराएंगे एफआईआरः** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि गलत ढंग से मतदाता सूचियों में नाम दर्ज कराने वाले लोगों के विरुद्ध चुनाव आयोग में शिकायत की गई है और अब उनके खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी।

## सूचना पर एसडीएम ने ग्राम चूनापाथर में पकड़ा

# ट्रक में 440 बोरी यूरिया लोडकर तस्कर ले जा रहे थे यूपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक तरफ यूरिया के लिए किसान भटक रहे हैं वहीं दूसरी तरफ तस्कर बेखौफ होकर पड़ोसी राज्यों में यूरिया की तस्करी कर रहे हैं। बिचौलियों द्वारा यूरिया की तस्करी की सूचना पर एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने यूरिया लोड एक ट्रक को जब्त किया है।

कोचियों एवं बिचौलियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई एवं उर्वरक दुकानों की नियमित जांच करने के लिए कृषि विभाग के दावे के बावजूद यूरिया की कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। किसानों को समितियों से समय पर यूरिया उपलब्ध नहीं हो रही है जिसके कारण वे महंगे दामों पर बिचौलियों से यूरिया खरीद रहे हैं दूसरी तरफ उर्वरक व्यवसायी जमकर यूरिया की कालाबाजारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रविवार को देर रात किसी व्यक्ति ने एसडीएम आनंदराम नेताम को तस्करों द्वारा एक ट्रक यूरिया यूपी ले जाने की सूचना दी। सूचना पर एसडीएम ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ ट्रक का पीछा किया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने ग्राम पंचायत सनावल के पास ग्रमा चूनापाथर में घेराबंदी कर यूरिया लोड ट्रक को जब्त कर सनावल पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस दौरान देर रात होने के कारण यूरिया के बोरियों की गिनती नहीं हो सकी। दूसरे दिन एसडीएम ने कृषि अधिकारियों को घटनास्थल पर पहुंचकर जांच करने के निर्देश दिए। दूसरे दिन कृषि विभाग की टीम स्थल पर पहुंचकर जांच की तो ट्रक में 440 बोरी यूरिया मिली। अनुमान लगाया जा रहा है कि हाल ही में यूरिया की रैक पहुंची थी तथा उर्वरक व्यवसाइयों को यूरिया की आपूर्ति की थी। किसी व्यवसाई द्वारा महंगे दामों पर यूपी के विचौलिए को यूरिया बेची गई होगी। कृषि विभाग की जांच में अब तक इसका खुलासा नहीं हो सका है कि तस्कर किस व्यवसाई से यूरिया खरीदकर यूपी ले जा रहे थे।

इस संबंध में प्रभारी उपसंचालक कृषि राम चंद्र भगत ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। ट्रक में 440 बोरी यूरिया मिली है। बिचौलिए किस दुकान से यूरिया खरीदे थे अभी इसकी जानकारी नहीं मिली है।

### कृषि विभाग कर रहा जांच

ट्रक से यूरिया यूपी ले जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर हमने ट्रक का पीछा किया। ग्राम चूना पाथर के पास ट्रक को पकड़ा गया। मामले की जांच का अधिकार कृषि विभाग को है इसलिए कृषि अधिकारी को जांच के निर्देश दिए गए है।

-आनंद राम नेताम
एसडीएम

# नवा रायपुर सोलर सिटी योजना में बदलाव अब हर विभाग के लिए होगी अलग योजना

**रायपुर।** प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन का 65 करोड़ का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के पास भेजा था, लेकिन इसको नामंजूर करके क्रेडा को हर विभाग के लिए अलग-अलग योजना बनाकर देने के लिए कहा गया। अब क्रेडा ने एनआरडीए के भवनों के साथ लोक निर्माण विभाग और अन्य विभागों के भवनों के हिसाब से योजना बनाकर प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा है। इन योजनाओं को मंजूरी मिलने पर काम प्रारंभ होगा। नया रायपुर के सभी सरकारी दफ्तर, मंत्रियों के बंगले, रेलवे स्टेशन भी इसमें शामिल हैं। देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है।

- क्रेडा का 10 मेगावाट का 65 करोड़ का प्रस्ताव हो चुका है नामंजूर

# झोलाछाप ने मरीज के गुप्तांग में पहनाई अंगूठी, जिला अस्पताल में बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

ज़िला अस्पताल में मंगलवार को एक बेहद अजीबोगरीब मामला सामने आया। ओड़छा क्षेत्र के जाटलूर गाँव के एक पुरुष मरीज ने एक सप्ताह तक दर्द और तकलीफ़ झेलने के बाद अस्पताल में पहुँचकर राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, मरीज को एक हफ़्ते पहले जलन के साथ पेशाब आने, बुखार और सिरदर्द की शिकायत हुई थी। गाँव के एक झोलाछाप ने इलाज़ के बजाय मरीज को गुप्तांग में अंगूठी पहनने की सलाह दी। अंगूठी पहनने के कुछ ही दिनों बाद उसका लिंग सूज गया और अंगूठी फंस गई। मरीज को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़छा ले जाया गया, लेकिन वहाँ एम्बुलेंस की



- जाटलूर गांव में अजीबोगरीब मामला, एक हफ्ते तक पहना रहा
- युवक जलन के साथ पेशाब आने बुखार और सिरदर्द पहुंचा था झोलाछाप के पास

सुविधा उपलब्ध न होने के कारण उसे ज़िला अस्पताल नारायणपुर रेफ़र नहीं किया जा सका। परेशान हाल मरीज ने आखिरकार 8 सितम्बर को मोटरसाइकिल से नारायणपुर पहुँचकर ओपीडी में परामर्श लिया।

### डाक्टरों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद काटी अंगूठी

ज़िला अस्पताल के डॉ. धनराज सिंह डरसेना और डॉ. शुभम राय ने मामले का परीक्षण किया। लगभग दो घंटे की कठिन मेहनत और आपसी तालमेल के बाद उन्होंने अंगूठी को काटकर मरीज को दर्द से मुक्त किया। आम जानता ने भी जिनमे मोनू देशमुख , मनोज सोनी ,कुणाल एवं धनेश यादव ने भी बखूभी साथ निभाया। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. विनोद भोयर ने कहा कि डॉ. धनराज सिंह डरसेना और डॉ. शुभम राय ने इलाज कर मरीज को राहत दिलाई।

*नपं में नदी किनारे लगानी और घास भूमि पर खुलेआम अवैध खुदाई*

# रेत माफिया से अब मुर्दे भी परेशान, कोपरा के दफन स्थलों से निकल रहे कंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

नगर पंचायत में रेत माफियाओं का आतंक अब अंतिम संस्कार स्थलों तक पहुंच गया है। नदी किनारे लगानी और घास भूमि पर खुलेआम अवैध खुदाई से हालात इतने बिगड़ गए हैं कि जहां "मौत मिट्टी" की रस्म अदा होती है, वहीं से रेत निकालने पर कंकाल बाहर आने लगे हैं। कई जगहों पर खोपड़ी और हाथ-पैर बिखरे हुए तो कुछ को दिखाई देने के बाद उन्हें फिर से रेत में दबाया दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक इस इलाके की बारीक रेत महंगी बिकती है, इसलिए माफिया ट्रैक्टरों से दिन-रात निकासी कर रहे हैं। यही रेत पास में ही भंडारित की जा

- सतनामी समाज के लोगों ने दर्ज कराया विरोध, कार्रवाई की मांग



रही है और रात के अंधेरे में 'हाइवा' ट्रकों में लोड कर दूर भेज दिया जाता है। लगातार उठाव से नदी किनारा और घास भूमि की परतें नीचे खिसक गईं, जिससे अंतिम संस्कार स्थल की रेत भी उधड़ गई। प्रशासन भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस घटनाक्रम के सामने आने के बाद सतनामी समाज के लोगों ने विरोध दर्ज कराया और नगर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को सूचना देकर तत्काल कार्रवाई की मांग रखी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ अवैध खनन नहीं, बल्कि धार्मिक परंपराओं और मृतकों के सम्मान के साथ गंभीर खिलवाड़ है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद, पहले की तरह इस बार भी मामले को दबाने की कोशिश हुई और मौके पर ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दी। नगर के मंगतू राम सोनवानी नरेश नवरंगे एवं अन्य लोगों का कहना है कि रेत की किल्लत, सड़क पर धूल-धक्कड़ और रात में भारी वाहनों की आवाजाही ने जीना दूभर कर दिया है। "रेत का काला कारोबार" अब सिर्फ पर्यावरण को नहीं, बल्कि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील स्थानों की मर्यादा को भी चीर रहा है,यह बात लोगों के गुस्से और बेबसी को एक साथ उजागर करती है। फिलहाल, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया कि रेत खनन पर तत्काल रोक, भंडारण पर छापे और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### दिवंगत आत्मा और परंपराओं पर गहरा आघात

"कोपरा में ट्रैक्टरों से अवैध रेत खुदाई की गई है, उसी जगह पर रेत में दफनाए गए शवों के कंकाल बाहर निकल आए हैं। यह हमारे दिवंगत आत्मा और परंपराओं पर गहरा आघात है। रेत निकालने वालों ने मृतकों की गरिमा का अपमान किया है। प्रशासन से अवैध खनन पर तत्काल रोक, भंडारण पर छापे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं।"

-मंगतूराम सोनवानी
अध्यक्ष, सतनामी समाज
कोपरा

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




**परिवहन कंपनियों ने बस संचालन बंद करने का निर्णय लिया**



# अबूझमाड़ की लाइफ लाइन सड़क पांच दिन से बंद, दलदल में तब्दील, बसें ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

नारायणपुर से कोंडागांव और ओरछा मार्ग पर पिछले पांच दिनों से बस सेवा पूरी तरह ठप है। जर्जर सड़कों के कारण पांच परिवहन कंपनियों ने बस संचालन बंद करने का निर्णय लिया है। यह पहला मौका है जब लगातार पांच दिन तक बसें सड़क पर नहीं उतरी। बस मालिकों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि बसें चलाना मुश्किल हो गया है। बस्तर ट्रैवल्स के मालिक ⏭ शेष पेज 5 पर



### 20 से 25 बसें चलती हैं इस मार्ग पर

बस मालिकों का कहना है कि रोजाना 20 से 25 बसें नारायणपुर–कोंडागांव और ओरछा मार्ग पर चलती हैं। अब बंद होने से रोजाना 50 हज़ार रुपए से अधिक का ⏭ शेष पेज 5 पर

### एंबुलेंस सुविधा भी प्रभावित

जिला मुख्यालय जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 130डी, कोंडागांव रोड, अन्तागढ़ रोड सहित जिले ओरछा, छोटेडोंगर की तमाम मुख्य जर्जर सड़कों ने आम नागरिकों को परेशान किया है। नारायणपुर निवासी पंकज यादव ने कहा ⏭ शेष पेज 5 पर


खास खबर

### सुलझाएंगे मामला

बस मालिक के द्वारा बस सेवा बंद करने का मामला संज्ञान में आया है। सभी पक्षों के साथ बैठक लेकर मामला को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।
- अभयजीत मंडवी, एसडीएम, नारायणपुर

---

### ऐसा गणित



| | |
|---|---|
| 767 | वोट डाले गए |
| 752 | मान्य |
| 152 | वोटों से जीत |
| 300 | पूर्व जस्टिस सुदर्शन रेड्डी |
| 452 | सीपी राधाकृष्णन |

# राधाकृष्णन होंगे नए उपराष्ट्रपति, 14 ने की क्रास वोटिंग, 15 वोट अवैध

*सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति होंगे। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 वोट मिले। वहीं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता के 300 वोट मिले। राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की।*


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उप राष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन विजयी घोषित किए गए। राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 तथा विपक्ष के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए। राज्यसभा के महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने नतीजों की घोषणा की। इस मतदान में निर्वाचक मंडल के कुल 781 सदस्यों में से 767 (एक डाक मतपत्र समेत) ने मतदान किया था, जिसमें 15 वोट अवैध करार दिए गए। मतदान मंगलवार सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे समाप्त हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत 760 से अधिक सांसदों ने मतदान किया। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य इस चुनाव में हिस्सा लेते हैं तथा इसमें व्हिप जारी नहीं होता है। देश के 17वें उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए, ⏭ शेष पेज 5 पर

### 2 बार के हैं सांसद और राज्यपाल

67 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे। अब वह उपराष्ट्रपति का पद संभालेंगे। राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के तिरुप्पुर जिले में हुआ। 17 साल की उम्र से ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े। राजनीतिक सफर 1998 में शुरू हुआ, जब वे कोयंबटूर से लोकसभा के लिए चुने गए। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान वे 1998 और 1999 के आम चुनावों में लगातार दो बार सांसद बने। 1998 की जीत खास थी, क्योंकि यह कोयंबटूर बम विस्फोटों के बाद हुई थी और भाजपा को तमिलनाडु में पहली बार तीन सीटें मिलीं। 2004-2007 तक वे तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में वे कोयंबटूर से बीजेपी के उम्मीदवार थे।



### एनडीए को बड़ी कामयाबी

विपक्षी दलों से मिले 14 वोट एनडीए के लिए बड़ी कामयाबी है, क्योंकि 15 वोट अमान्य हो गए और 14 वोट विपक्षी दलों से एनडीए को मिलने से विपक्ष को घाटा हो गया। एनडीए के पास अपने सांसदों के आंकड़े के साथ-साथ कुछ क्रॉस वोटिंग का लाभ भी मिला। एनडीए की कुल संख्या 427 थी, इसमें वायएसआर कांग्रेस के 11 सांसदों के जोड़ से 438 हो गए। इसके अलावा, 14 अतिरिक्त वोट क्रॉस वोटिंग के जरिए सीपी राधाकृष्णन के खाते में गए।

### राधाकृष्णन उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगेः मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राधाकृष्णन को जीत हासिल करने पर बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे।

### सीएम साय ने दी बधाई




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राधाकृष्णन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साय ने कहा ⏭ शेष पेज 5 पर

**प्रकाश लोढ़ा से है संबंध, मुंगेली रायपुर आए हैं राधाकृष्णन**

## नए उप राष्ट्रपति का छत्तीसगढ़ से कनेक्शन, कई बार आ चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश के नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का रायपुर, छत्तीसगढ़ से भी कनेक्शन है। वे यहां रायपुर और मुंगेली के प्रवास पर कई बार आ चुके हैं। यह जानकारी मुंगेली- रायपुर निवासी प्रकाश लोढ़ा ने दी। उन्होंने बताया कि सीपी राधाकृष्णन से उनके पारिवारिक संबंध हैं। वे वर्ष 2010 के बाद से लगातार छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए हैं। 2013 में श्री लोढ़ा के पिता फूलचंद जैन (लोढ़ा) का देहवासन हुआ था, उस समय भी उनका आना हुआ था। राधाकृष्णन कॉयर बोर्ड के चेयरमैन थे, उस समय प्रकाश लोढ़ा उनके साथ जापान यात्रा पर गए थे। यही नहीं, रायपुर में श्री लोढ़ा के मकान का उद्घाटन हुआ था, उस समय भी वे आए थे। ⏭ शेष पेज 5 पर



हरिभूमि तत्काल

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### जम्मू-कश्मीर में वांछित आतंकवादी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** श्रीनगर में दो साल से अधिक समय से फरार एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया है। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा का निवासी, गिरफ्तार आरोपी अब्दुल रशीद भट 2022 के इस मामले में दो साल से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। और उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। भट इस मामले में गिरफ्तार होने वाला तीसरा आरोपी है। भट की गिरफ्तारी लश्कर-ए-तैयबा द्वारा संचालित और पाकिस्तान स्थित आकाओं द्वारा समर्थित 'नार्को-टेरर मॉड्यूल' के लिए एक बड़ा झटका है।

#### एम.टेक छात्र ने प्रोफेसर पर किया चाकू से हमला

**नुजिवीडू।** आंध्रप्रदेश के नुजिवीडू स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के एम.टेक प्रथम वर्ष के छात्र ने प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति न मिलने पर परिसर में एक प्रोफेसर पर कथित तौर पर चाकू से हमला कर दिया। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षाओं से अनुपस्थित रहने के कारण छात्र विनय की उपस्थिति केवल 25 प्रतिशत थी। आईआईआईटी एम.टेक प्रथम वर्ष के छात्र ने प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होने से मना करने पर परिवहन विभाग के एक प्रोफेसर पर चाकू से हमला कर दिया। परिसर के छात्रावास में रहने वाले विनय के पास से दो चाकू बरामद किए गए, जिनमें से एक से उसने प्रोफेसर राजू पर हमला किया था। पुलिस ने बताया कि घायल प्रोफेसर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि विनय को हिरासत में ले लिया गया है।


## गांजा से भरी कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोण्डागांव नेशनल हाईवे में ग्राम दूधगांव के पास कार की ठोकर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोण्डागांव पुलिस ने कार की तलाशी के दौरान उसमें अवैध गांजा पाया। पुलिस ने इस मामले में धमतरी के दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को एक बलेनो कार सीजी 05 एटी 3674 नेशनल हाईवे 30 में जगदलपुर की तरफ से आ रही थी। इसी दौरान सोल्ड बाइक में देवनाथ नेताम व लिखतराम सोढ़ी जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम दूधगांव के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को चपेट में ले लिया। घटना में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई,। कार भी क्षतिग्रस्त ⏭ शेष पेज 5 पर

- कोण्डागांव पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में धमतरी के दो युवक को किया गिरफ्तार



### कार मालिक भी धमतरी का निकला

विवेचना के दौरान घटना में प्रयुक्त बलेनो कार के स्वामी लोकेश गोयल पिता जसराज (33) निवासी सदर दक्षिण वार्ड थाना सिटी कोतवाली धमतरी निवासी से पूछताछ करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन उसके वाहन से करने एवं मामले में उसकी संलिप्तता पाए जाने पर कोण्डागांव पुलिस ने आरोपी अनुराग सोनी पिता राजकुमार रामबाग धमतरी निवासी व लोकेश गोयल सदर दक्षिण वार्ड धमतरी निवासी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय कोण्डागांव में पेश किया गया है।

## रिश्वत लेकर प्रोफेसर का पद बेचने का आरोप राजभवन ने रोकी कृषि विवि में प्राध्यापक भर्ती

- मंगलवार से प्रारंभ होनी थी 60 पदों के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया
- लौटाए गए आवेदनों की स्क्रीनिंग के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में सहायक प्राध्यापक सहित 60 विभिन्न पदों पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया रोक दी गई है। यह भर्ती प्रक्रिया राजभवन द्वारा जारी आदेश के बाद रोकी गई है। कृषि विवि में सहायक प्राध्यापकों के 18 पदों सहित विषय वस्तु विशेषज्ञ, फॉर्म मैनेजर और कार्यक्रम सहायक के पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इन पदों के लिए आवेदन एक से 31 जनवरी तक मांगे गए थे। आवेदनों की स्क्रीनिंग सहित शुरुआती प्रक्रिया के बाद उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए मंगलवार से बुलाया गया था। साक्षात्कार प्रक्रिया प्रारंभ होने के कुछ समय पहले ही इसे रद्द कर दिया गया।

विवि ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर सूचना अपलोड करने के साथ ही उम्मीदवारों को फोन के माध्यम से भी इसकी जानकारी दी। इन पदों के लिए कृषि विवि को लगभग 400 आवेदन मिले थे। सूत्रों के अनुसार, इन पदों पर भर्ती के लिए गड़बड़ी और रिश्वत लेने के आरोपों ⏭ शेष पेज 5 पर

हरिभूमि सरोकार




### रद्द नहीं, केवल स्थगित

*जिन पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था, उन पर भर्ती आपत्तियों के कारण कुछ समय के लिए रोकी गई है। इसे रद्द नहीं किया गया है।*
*-संजय नैय्यर, जनसंपर्क अधिकारी कृषि विवि*

### वायरल हुआ था ऑडियो

कुछ दिनों पूर्व ही भर्ती प्रक्रिया से संबंधित एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस ऑडियो में प्राध्यापकों की विभिन्न श्रेणी के लिए कीमतें और पैसे देने पर कंफर्म पोस्टिंग जैसी बातें कही गई थी। हालांकि ना तो इस ऑडियो की कहीं शिकायत की गई और ना ही कोई जांच हुई। आरोपों के मुताबिक, असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 25 से 30 लाख, एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 45 से 50 लाख रुपए और प्रोफेसर के लिए 70 से 75 लाख रुपए रेट फिक्स है। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व उद्यानिकी विवि में भी प्राध्यापकों की भर्ती को लेकर अनियमितताएं सामने आई थी। जिसके बाद असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती रद्द करते हुए कुलपति डॉ. रामशंकर कुरील को उनके पद से हटा दिया गया था।

## वैगनआर कार की तलाशी में निकली 190 किलो चांदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सहसपुर लोहारा/कवर्धा

लोहरा पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से मंगलवार को एमसीपी (मोबाइल चेकिंग पाइंट) के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी। थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने दुर्ग से कवर्धा आ रही एक वैगनआर कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में चांदी के जेवर बरामद हुए। वाहन चालक ने अपना नाम चंदन जैन, निवासी दुर्ग बताया जो दुर्ग स्थित जेके ज्वेलर्स, गांधी चौक दुर्ग का संचालक है। पूछताछ के दौरान चालक किसी भी प्रकार चांदी के जेवर के दस्तावेज या बिल प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद गाड़ी को थाना परिसर में लाकर बरामद सामग्री की विधिवत तौल और जांच शुरू की गई। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक चांदी का वजन लगभग 190 किलोग्राम है।

- सहसपुर लोहरा पुलिस ने की जांच

### ज्वेलर्स नहीं दे पाया जवाब

बताया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान वाहन चालक चंदन जैन ने खुद को दुर्ग के जेके ज्वेलर्स का संचालक बताया। हालांकि वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इस कार्रवाई की पुष्टि लोहरा एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

**कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

## यूट्यूब में वीडियो देख धन कमाने की लालच, दंपती ने गंवाए 1.8 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यू-ट्यूब पर ट्रेंडिंग वीडियो देखकर शहर के एक दंपती झांसे में आ गए। उन्होंने अधिक धन कमाने की लालच में अपनी जमा पूंजी जालसाजों के खाते में ट्रांसफर दी। इस तरह वो 1 करोड़ 8 लाख 44 हजार रुपए गंवा बैठे। वहीं जब उन्हें मुनाफा तो दूर मूल रकम तक वापस नहीं मिली तो उन्हें ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद वो रकम वापसी की ⏭ शेष पेज 5 पर



### लोग समझने को तैयार नहीं

डीएसपी, साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा ने कहा कि साइबर ठगी रोकने के लिए साइबर सेल, रायगढ़ की पुलिस द्वारा अभियान चलाते हुए हर तरह के जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके बाद भी लोग समझने को तैयार नहीं हैं। इसी अज्ञानता की वजह से कोतवाली क्षेत्र में दंपती साइबर ठगी के शिकार हुए हैं। मेरी आम जनता से अपील है कि सबसे पहले सोशल मीडिया ⏭ शेष पेज 5 पर

**बसवराज के मारे जाने के बाद नेतृत्वहीन संगठन को मिला नया चीफ**

# बसवराज की जगह देवजी को नक्सलियों की कमान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में 21 मई 2025 को हुए मुठभेड़ में नक्सल संगठन के महासचिव नम्बाला केशव राव उर्फ बसवराज और उसके 28 साथियों के मारे जाने के बाद नेतृत्वहीन संगठन को एक बार फिर नया चीफ मिल गया है।

संगठन में बदलाव करते हुए तेलंगाना के करीमनगर जिले के दलित नेता देवजी उर्फ तिरूपति उर्फ डेबुजी को नया मुख्य सचिव बनाया गया है। वहीं, पीएलजीए की मिलिट्री बटालियन कमांडर माड़वी हिड़मा उर्फ संतोष उर्फ हेडमलू को विशेष आंचलिक समिति के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। नक्सल प्रभावित अलग-अलग राज्यों की बात करें तो दोनों पर 1-1 करोड़ से अधिक का ईनाम घोषित है।

मिलिट्री बटालियन चीफ हिड़मा को झीरम घाटी नरसंहार, टहकवाड़ा और बुरकापाल के अलावा वर्ष 2010 के ताड़मेटला व वर्ष 2019 में भाजपा विधायक भीमा मंडावी की हत्या जैसे बड़े हमलों का मास्टर माइंड माना जाता है। अकेले छग में उस पर 40 लाख रुपए का ईनाम घोषित किया गया है। छग में संयुक्त सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के वर्चस्व वाले इलाकों में चलाए ⏭ शेष पेज 5 पर







- पीएलजीए की मिलिट्री बटालियन कमांडर माड़वी हिड़मा विशेष आंचलिक समिति सचिव नियुक्त

### तेजी से फैसले लेने में माहिर है देवजी

बसवराज के मारे जाने के बाद संगठन का दायित्व देवजी को दिया गया है। इससे पूर्व भी वह लंबे समय तक संगठन में विभिन्न पदों में काम कर चुका है। लगभग 70 वर्ष का देवजी, टिप्परी तिरुपति उर्फ संजीव, रमेश उर्फ चेतन उर्फ कुम्मा, देवअन्ना और सुदर्शन जैसे कई नामों से मशहूर देवजी वर्तमान में पोलित ब्यूरो का सदस्य भी है। इससे पूर्व बसवराज के हाथ में महासचिव की कमांड थी, पर अबूझमाड़ के गुंडेकोट इलाके में मुठभेड़ में बसवराजू के मारे जाने के बाद नेतृत्वहीन ⏭ शेष पेज 5 पर

### संगठन में पहली बार बस्तर को मिला प्रतिनिधित्व

नक्सल संगठन के नेतृत्वहीन होने व मुठभेड़ों में लगातार शीर्ष माओवादियों के मारे जाने के बाद एक बार फिर संगठन नए नेतृत्व के सहारे बस्तर में अपनी पकड़ मजबूत करने और पुनर्गठन की कोशिश कर रहा है। इसी के तहत बस्तर इलाके में भी संगठन में बड़ा फेरबदल किया गया है। पहली बार किसी आदिवासी नक्सली लीडर के हाथ में इस तरह की कमांड सौंपी गई है। इसके अलावा हिड़मा पर दूसरे राज्यों और सुरक्षा एजेंसियों ने भी ईनाम का ऐलान कर रखा है, जो कुल मिलाकर 1 करोड़ से अधिक बताया जा रहा है। रणनीति बनाने में माहिर ⏭ शेष पेज 5 पर

चिंतन

# आंदोलन के पीछे केवल सोशल मीडिया बैन नहीं

नेपाल में जो हो रहा है, उसे किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। सोशल मीडिया बैन के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन ने पूरी सरकार को ही खदेड़ दिया है। संसद भवन के साथ पीएम, राष्ट्रपति और गृहमंत्री के आवास में तोड़फोड़ और आगजनी हुई। राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पीएम केपी ओली इस्तीफा देकर हेलिकॉप्टर से भागते दिखे। इस सीन ने पिछले साल बांग्लादेश में हुए तख्तापलट की याद दिला दी। जब शेख हसीना को हेलिकॉप्टर से भागना पड़ा था। उससे पहले श्रीलंका में भी ऐसे ही तख्तापलट हुआ था। आंदोलन का कारण 4 सितंबर को नेपाल सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर बैन के आदेश को बताया जा रहा है। इसके बाद हामी नेपाल नाम का एनलीओ चलाने वाले सुदान गुरंग ने इंस्टाग्राम पर युवाओं से स्कूल यूनिफॉर्म और स्कूली बैग लेकर सड़क पर उतरने को कहा। 8 सितंबर को नेपाल की संसद के सामने प्रोटेस्ट शुरू हुआ। ये आंदोलन सिर्फ सोशल मीडिया बैन के खिलाफ नहीं था। हामी नेपाल ने इसका आह्वान करते हुए पोस्ट में लिखा, लंबे अरसे से करप्शन ने हमारे सपने, हमारा फ्यूचर और देश की गरिमा को खत्म किया है। हम देख रहे हैं कि नेता अमीर होते जा रहे हैं और आम लोगों को जीने के लिए तक संघर्ष करना पड़ रहा है, लेकिन अब और नहीं। बस देखते ही देखते आंदोलन ने हिसंक रूप ले लिया। गड़बड़ तब हुई जब सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए गोली चलाने के आदेश दे दिए। जिसमें अब तक 22 लोग मारे गए। बच्चों पर गोली चलवाने की खबर फैलते ही आंदोलन और भी ज्यादा हिंसक हो गया। युवाओं के साथ-साथ आम जनमानस भी आंदोलन से जुड़ गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी। पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा को घर में घुसकर पीटा। वित्त मंत्री विष्णु पोडौल को काठमांडू में उनके घर के नजदीक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, शेर बहादुर देउबा और संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के निजी आवासों को भी आग के हवाले कर दिया। प्रधानमंत्री केपी ओली के अलावा सरकार में शामिल 4 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। असल में 90 के दशक से ही नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल रही है। पहले राजशाही, फिर संवैधानिक राजशाही आई और फिर लोकतांत्रिक सरकार आई, लेकिन नेपाल का करप्शन खत्म होना तो दूर बढ़ता चला गया। जिससे आम जनता में रोष बढ़ रहा था। इससे पहले जब एक सरकार के खिलाफ विरोध का माहौल बनता था तो दूसरे नेता आगे आ जाते थे और देश में चुनाव करवाकर केपी ओली, शेर बहादुर देउबा और प्रचंड के बीच सरकार का ट्रांसफर होता रहता था। इस बार गुस्सा इन सभी सीनियर नेताओं को लेकर है। इनमें से कोई भी जनता को भरोसे में नहीं ले पा रहा। ऐसे में अभी यह नहीं कहा जा सकता कि आगे नेपाल की सत्ता कौन चलाएगा। क्या फौज काबिज होगी, कोई अंतरिम सरकार बनेगी या दोबारा चुनाव होंगे, अभी इस पर कुछ भी कह पाना मुश्किल है। हां यह सही है कि सत्ता कैसी भी, किसी की भी हो, युवाओं की अनदेखी नहीं कर पाएगी। यह आंदोलन नेपाली नेताओं के लिए सबक भी है।



फिलहाल
संतोष कुमार भार्गव

# धीरे-धीरे नरम पड़ेंगे ट्रंप के तेवर


ट्रंप ने भारत से संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है।

भारत अमेरिकी राष्ट्रेपति डोनाल्डह ट्रंप के तेवर नरम पड़ गए हैं। उन्हें एहसास हो गया है कि भारत किसी भी देश के सामने झुकने वाला नहीं है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने ट्रंप के पोस्टक और उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया का मतलब समझाया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप को अब समझ आ रहा है कि उनकी आक्रामक व्यापारिक धमकियां नाकाम साबित हो रही हैं। हाल में ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को 'बहुत-बहुत खास' बताया था। फैबियन ने जोर देकर कहा कि भारत, भारत है। यह एक सभ्यता वाला देश है। भारत किसी भी देश का पिछलग्गू नहीं बन सकता। भारत सबके साथ दोस्ती चाहता है। व्यापार करना चाहता है। लेकिन, भारत किसी की तानाशाही नहीं मानेगा।

यह बात ट्रंप की ओर से भारत-अमेरिका संबंधों पर नरम रुख अपनाने के बाद आई है। ट्रंप ने इन संबंधों को 'बहुत खास' बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी दोस्ती की बात भी कही। जबकि उनकी सरकार ने भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही भारत के रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा है। इससे कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। 50 फीसदी टैरिफ के बाद जिस तरह का तनाव बन गया था, अब ट्रंप के बदलते सुर को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों पर तनाव की बर्फ पिघल रही है। हालांकि टैरिफ पर अभी कोई आधिकारिक बात नहीं हुई है, लेकिन तनाव कम होता दिख रहा है। दोनों ही नेताओं के ताजा बयान इस बात के संकेत दे रहे हैं कि दोनों देशों के बीच बिगड़े रिश्ते धीरे-धीरे सामान्य हो सकते हैं। आपको बता दें कि फिलहाल अमेरिका के द्वारा भारत पर लगाया गया 50 प्रतिशत टैक्स जारी है।

वर्तमान में विश्व के तमाम देशों से व्यापार और राजनीतिक संबंध रखना सबके लिए जरूर है। बात अगर भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों की कि जाए तो 'एप्पल' ने भारत से 67,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'अमेजन' ने 40,000 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'गूगल' ने 22-23,000 करोड़ रुपये बनाए हैं और 'मेटा' ने भी लगभग इतनी ही कमाई की है। ये सभी अमरीकी कंपनियां हैं और भारत उनका सबसे बड़ा बाजार है। भारत में इनके प्लांट भी सक्रिय होंगे अथवा स्थापित होने की प्रक्रिया में होंगे! ऐसी कई और अमरीकी कंपनियां होंगी, जो भारत में व्यापार कर रही हैं और मोटा मुनाफा कूट रही हैं। इन कंपनियों के सबसे अधिक ग्राहक और उपयोगकर्ता भी भारत में हैं। यह मुनाफा अमरीका में ही जा रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप अब भारत के बारे में क्या सोच रहे हैं? चूंकि अमरीकी कंपनियां भारत में उत्पादन कर रही हैं और माल अमरीकी बाजार में जा रहा है, क्या राष्ट्रपति ट्रंप इन उत्पादों पर भी 50 फीसदी टैरिफ थोपेंगे? बल्कि ट्रंप हररोज टैरिफ पर सफाई दे रहे हैं। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप 100 दिनों के अंतराल में टैरिफ पर पुनर्विचार कर अपने फैसले को वापस ले सकते हैं,



लिहाजा उन्होंने सर्वोच्च अदालत से आग्रह किया है कि वह टैरिफ मामले पर यथाशीघ्र सुनवाई कर उसे 'वैध' करार दे। अदालत नवंबर माह में सुनवाई शुरू करेगी, यह पहले से ही तय है।

राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि दुनिया दो ध्रुवों के बीच बंटती जा रही है और अमरीका को 'शीत युद्ध' एक बार फिर शुरू होने की आशंका है। अमरीका की ताकत भी बंटती जा रही है। अब देश अमरीका की 'दादागीरी' मानते रहने को तैयार नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीकी मंत्री अब भी भारत को अपना 'परम मित्र' मानते हैं। अमरीकी विशेषज्ञ भी मानते हैं कि देश के राष्ट्रपतियों ने दशकों की मेहनत, कूटनीति, दूरदर्शिता और देशों की लामबंदी के जरिए जो ताकत अर्जित की थी और अमरीका को सबसे बड़ी 25 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया था, राष्ट्रपति ट्रंप उस पर पानी फेर रहे हैं। भारत को 50 फीसदी टैरिफ से अमरीका ने दबाव में लाने की रणनीति बनाई, लेकिन भारत दूसरे ध्रुव पर रूस और चीन के साथ मिल गया।

उसके समर्थन में 50 अन्य देश, ब्रिक्स और एससीओ के देश आ खड़े हुए। भारत के वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में खुलासा किया है कि भारत का ऑस्ट्रेलिया और ओमान के साथ व्यापार का करार शीघ्र ही होने जा रहा है। भारत की 50 अन्य देशों के साथ भी निर्यात की संभावनाओं पर बातचीत जारी है। अमरीका के साथ भी नवंबर तक व्यापार-समझौता होना लगभग तय है। भारत आगामी दो सालों के भीतर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। सवाल यह है कि ट्रंप को भारत से दिक्कत है अथवा रूस और चीन से?

भारत ने पलट कर अमरीका पर कोई टैरिफ नहीं थोपा है। अमरीकी कंपनियां भारत की सार्वजनिक और निजी कंपनियों से अरबों डॉलर के करार कर रही हैं। अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे अधिकारी ने अमरीका में मंदी की संभावनाओं को लेकर राष्ट्रपति को सचेत किया है। ऐसे भी विश्लेषण सामने आए हैं कि एक-तिहाई उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ऐसे में भारत के साथ कारोबार कम क्यों किया जा रहा है? टैरिफ का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि रूस के साथ भारत, चीन के अलावा अमरीका और यूरोपीय देश भी तेल और गैस का धंधा कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप को आरोप लगाने की अपनी आदत को सुधारना चाहिए। उन्होंने अब चीन पर आरोप चस्पां किया है कि वह अमरीका के खिलाफ साजिश रच रहा है। दरअसल बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमरीका अकेला पड़ता जा रहा है। अच्छे संबंधों को सिर्फ टैरिफ तक सीमित कर देखना ट्रंप और अमरीका के लिए नुकसानदायक होगा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब शीत युद्ध शुरू हुआ था, तब भी भारत दोनों ध्रुवों से अलग, अपनी गुटनिरपेक्षता के लिए, मजबूती से खड़ा था। बहरहाल जो भी निर्णय लेना है, राष्ट्रपति ट्रंप और अमरीका को लेना है।

अब सवाल है कि भारत को क्या करना चाहिए? अगर ट्रंप नरम पड़ रहे हैं, तो यह नरमी अभी नीतिगत नहीं है। यह तभी वास्तविक होगी जब शर्तों पर बातचीत होगी और टैरिफ राहत पर कागजी कार्रवाई पूरी हो जाएगी। जीजीआई की ओर बहुत अधिक झुकाव अमेरिकी दबाव से राहत पाने में रुकावट का जोखिम पैदा कर सकता है। हालांकि, वाशिंगटन की ओर बहुत अधिक झुकाव, बदले में, भारत के प्रभाव को कम कर देगा। भारत को इस नरमी को खुले मानकों के लिए एक सहारा के रूप में देखना चाहिए, न कि वैश्विक निवेश साझेदारी यानी जीजीआई के दायरे को बंद करने वाले संरेखण के रूप में। दोनों रास्तों में संतुलन बनाकर ही भारत के आगे के विकल्प तय होने चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



विशेष
डॉ. जयपाल मेहरा

# जिंदगी के लूप में कहीं खो न जाए इंसानियत का जुड़ाव

सुबह उठे, अलार्म बंद किया, मोबाइल पर दस नोटिफिकेशन... फोन उठाया, बाथरूम गए, नहाते-नहाते रील्स देखीं, नाश्ता किया और ऑफिस निकल गए। ऑफिस पहुंचे, कंप्यूटर ऑन किया, चार ईमेल, पांच मीटिंग्स... दोपहर हो गई। लंच टाइम में फोन स्क्रॉल किया, दोस्तों की शादी की तस्वीरें देखीं, किसी के बच्चे का वीडियो देखा... 'लाइक' कर दिया। शाम हुई, घर आए, खाना खाया और सोने से पहले फिर वही मोबाइल... और फिर सो गए। कल फिर यही दोहराना है। जिंदगी का लूप चल रहा है। एक दिन अचानक दिमाग में ख्याल आता है कि ये सब क्यों? अगर मैं आज नौकरी छोड़ दूं, तो कल सुबह मेरी जगह कोई और बैठा होगा। मेरा कंप्यूटर पासवर्ड तक भी कंपनी भूल जाएगी। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह एक ही गाना बजाए जा रही है, और आप उसके बोल याद करके थक चुके हैं। ये कोई नई हैरान करने वाली बात नहीं लिखी है मैंने, हर दस में से आठ लोगों कि यही कहानी है। बुजुर्गों को लगता है कि उनको कोई सुनता नहीं है, युवाओं को लगता है कि उनको कोई समझता नहीं है। यही फीलिंग, यही अकेलापन, धीरे-धीरे अंदर ही अंदर इंसान को खोखला कर देता है। इस टेक्नोलॉजी के इस युग में हमने भावनात्मक संबंधों को कहीं खो दिया है। अंग्रेजी में क्या कहते है उसको, इमोशनल कनेक्शन..हां वहीं।

आजकल हमारे पास 500 फ्रेंड्स हैं फेसबुक पर और 200 कॉन्टैक्ट्स व्हॉट्स ऐप पर, लेकिन क्या कोई है जिसे हम रात 2 बजे बिना सोचे मैसेज कर सकें? हमने डिजिटल दुनिया में सैकड़ों कनेक्शन बना लिए, लेकिन असली दुनिया में उस एक इंसान को खो दिया जिसके साथ दो कप चाय पर दिल की हर बात कह सके। हमारी सबसे बड़ी समस्या यही है कि हम उस कल के लिए टेंशन में हैं जिस कल में शायद हम है ही नहीं। अब क्या पता ऊपर वाले ने हमारी टिकट पहले ही एडवांस बुक कर रखी हो। क्या पता कब, कहां और क्या आखिरी हो। इसलिए आज को जीना सीखो। शाररुख खान की 2003 में आई फिल्म के वो बोल, हर पल यहां..जी भर जीयो... जो है समां.. कल हो ना हो एकदम सटीक बैठते हैं। दुनिया में 800 करोड़ से ज्यादा लोग हैं और इसमें से आपको यह समझाना कि आपके लिए कोई नहीं है... ये गणित के नियमों के भी खिलाफ है! उस एक इंसान को ढूंढिए जो कंधे पर हाथ रखकर कहे कि सब ठीक हो जाएगा यार, एक ऐसी हंसी जो बिना किसी फिल्टर के सुनाई दे और एक ऐसा कान जो बिना हमें जज किए बस सुन ले कि क्या भसड़ मची है और इसे ही कहते हैं इमोशनल कनेक्शन। वो खास इंसान कोई भी हो सकता है जैसे बेस्ट फ्रेंड, पार्टनर, मां-बाप, या कोई आपका अच्छा सहकर्मी। पर इस लूप से भी बड़ा एक सदमा है जो हमारे युवाओं को झेलना पड़ रहा है। कितनी ही बार एक छात्र ये सोचकर हार मान लेता है कि उसका आने वाला कल सिर्फ एक कागज़ के टुकड़े पर निर्भर है। वो सब कुछ अंदर ही अंदर घुटता रहता है, और एक दिन... एक गलत फैसला कर बैठता है। क्या उसके सपनों, उसकी कला, उसकी मेहनत की कीमत सिर्फ 90% है? बिल्कुल नहीं! माँ-बाप को भी चाहिए कि बातचीत को एक रिपोर्ट कार्ड में समेटने और फोन पर.. बेटा टेस्ट में कितनी रैंक आई? याद रखो, बहुत पैसा लगा रहे हैं तुम पर, कुछ बनकर ही घर लौटना कहने कि बजाए बस पूछ लीजिए कि कोई दिक्कत तो नहीं नए शहर में ... कोई बात हो... तो बस इतना याद रखना, हम हैं तुम्हारे साथ, हमेशा। ये बात नहीं है कि पढ़ाई और करियर जरूरी नहीं। बिल्कुल हैं, पर उससे भी ज्यादा जरूरी है आपका बच्चा और उसका मानसिक स्वास्थ्य। कभी - कभी यूं ही बेवजह अपने बच्चों को गले लगा लिया करो क्योंकि इतिहास गवाह है कि बेटों को जीवन में एक बार ही पिता के गले लगने का मौका मिलता है जब वो कामयाब हो जाते हैं और बेटियों को, जब वो विदा होती हैं। तो जब अगली बार फोन लगे तो पहला सवाल नंबरों के बारे में नहीं, उसके बारे में हो। यही वह भावनात्मक जुड़ाव है जो हमें इंसान बनाता है। जब यह टूटता है, तो इंसान टूट जाता है। आत्महत्या के आंकड़े इसी अकेलेपन की चीख हैं। जिंदगी जीने के लिए बहुत छोटी है, लेकिन शिकायत लेकर मरने के लिए बहुत लंबी। हमारी असफलता अंत नहीं है, बल्कि एक नई शुरुआत का संकेत है। हर किसी की एक कहानी होती है। कुछ कहानियां इतिहास बन जाती हैं और कुछ दर्द की मारी, इंसान के साथ ही दफन हो जाती हैं। खुद के साथ ऐसा ना होने दें, दूसरों की सुने और खुद की सुनाएं और परफेक्शन से ज्यादा क्नेकशन बनाएं।

( लेखक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्त्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है- रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

## पैसा, सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

### ओणम उत्सव का समापन



केरल के तिरुवनंतपुरम में मंगलवार को सप्ताह भर चलने वाले ओणम उत्सव के समापन पर ओणम के दौरान कथकली कलाकार प्रस्तुति देते हुए।

### आज की पाती

**हानिकारक खरपतवार, गाजर घास**

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। 1950 के दशक में पुणे और महाराष्ट्र में इसे सबसे पहले देखा गया। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है। *– मदन यादव, भाटापारा*

### करंट अफेयर

## किम ने नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरानी की

उत्तर कोरिया ने मंगलवार को कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए डिजाइन किए गए एक नए रॉकेट इंजन के परीक्षण की निगरानी की। आईसीबीएम एक ऐसी मिसाइल होती है जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक मार कर सकती है। इसे लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली मिसाइल कहा जाता है। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने अपनी खबर में बताया कि ठोस ईंधन चलित रॉकेट इंजन का नौवां और अंतिम जमीनी परीक्षण सोमवार को किया गया। यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है और 1,971 किलोन्यूटन की ताकत पैदा कर सकता है, जो पहले के मॉडलों की तुलना में अधिक शक्तिशाली है। किम ने एक सप्ताह पहले उस शोध संस्थान का निरीक्षण किया था, जिसने यह इंजन विकसित किया है। इसके बाद ही परीक्षण की यह खबर सामने आई है। उस समय किम के निरीक्षण के दौरान उत्तर कोरिया ने कहा था कि यह इंजन भविष्य में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए इस्तेमाल होगा, जिसमें 'ह्वासोंग-20' नामक प्रणाली भी शामिल है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तर कोरिया ने कई तरह की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है।



### ऑफ बीट

## संरक्षित सब्जियां क्यों बन सकती हैं जानलेवा

दक्षिणी इटली के एक फूड ट्रक से जुड़ी खाद्य जनित बीमारी हाल ही में दो लोगों की मौत और दर्जनों को अस्पताल पहुंचाने का कारण बनी। इसका कारण संरक्षित सब्जियों में मौजूद क्लॉसट्रिडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया था, जो बोटुलिज़्म नामक एक घातक बीमारी के लिए जिम्मेदार है। ब्रोकली के एक विशेष खेप को लेकर ब्रिटेन की फूड स्टैंडर्ड्स एजेंसी ने भी हाल ही में चेतावनी जारी की है। आशंका जताई जा रही है कि उसमें भी बोटुलिनम विषाणु हो सकता है। कैसे बनता है यह ज़हर : कैनिंग प्रक्रिया के दौरान भोजन से हवा निकाल दी जाती है और उसे कसकर बंद कर दिया जाता है, जिससे एक ऑक्सीजन-रहित (एनेरोबिक) वातावरण बन जाता है। आमतौर पर यह प्रक्रिया भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखती है, लेकिन यह वातावरण क्लॉसट्रिडियम बोटुलिनम के लिए आदर्श स्थितियां भी पैदा कर सकता है। इस बैक्टीरिया के बीजाणु यानी स्पोर आम तौर पर मिट्टी में पाए जाते हैं और यह उच्च तापमान पर पकाने के बावजूद जीवित रह सकते हैं। खासकर ब्रोकली, हरी फलियां, मक्का, चुकंदर और मटर जैसे कम अम्लीय खाद्य पदार्थों में, यदि कैनिंग प्रक्रिया पर्याप्त गर्म या लंबी नहीं हुई हो, तो ये बीजाणु सक्रिय होकर ज़हर पैदा कर सकते हैं।



### ट्रेंड

**दौरा किया**

बाढ़ और भूस्खलन के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज हिमाचल प्रदेश और पंजाब का दौरा किया और प्रभावित लोगों से बातचीत की। भारत सरकार इस दुखद घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री




**लोकतंत्र की शक्ति**

उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 में मतदान के लिए सभी माननीय सांसदों का धन्यवाद। अब हम मतगणना और परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सदस्यों की सामूहिक इच्छाशक्ति हमारे संसदीय लोकतंत्र की सच्ची भावना को दर्शाती है। यही हमारे लोकतंत्र की शक्ति है।
- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री




**विशेष महसूस कर रहा**

धैर्य से लाइन में लगे, 3 घंटे की तपस्या हुई, परन्तु मतदान करने के बाद बहुत ही विशेष महसूस कर रहा हूं। आज लोकतंत्र के इस महान पर्व पर संसद भवन में भारत के उपराष्ट्रपति चुनाव में अपना मतदान किया।
- मनोज तिवारी, भाजपा सांसद



**पैरों पर खड़ा करना**

हमें पंजाब को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करना है। हम जानवरों के लिए चारा, सैनिटरी पैड, गद्दे, तिरपाल, ये सभी चीजें बांट रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह यहां आ रहे हैं।
- सोनू सूद, अभिनेता



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# भारतमाला आपत्तियों की यह कैसी जांच, ढाई माह में 4 बैठकें

### संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने जांच के लिए बनाई हैं चार समितियां

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर और धमतरी जिले में भारत माला परियोजना में मुआवजा घोटाला से संबंधित किसानों की आई दावा-आपत्तियों की जांच ढाई माह बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। इन दावा-आपत्तियों की जांच के लिए संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने चार टीमें बनाई हैं। इन समितियों को आयुक्त ने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पहले एक माह का समय दिया था, लेकिन समितियां संभाग आयुक्त के आदेश को किस तरह से ले रही हैं, यह समितियों की अब तक की गई जांच बयां कर रही है। ढाई माह बीत गए हैं, लेकिन अब तक दावा-आपत्तियों की जांच पूरी नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी ओर संभाग आयुक्त भी चार बार इस मामले में समीक्षा बैठक कर चुके हैं, जिसमें समितियों को जांच पूरी करने के लिए बार-बार एक नई तारीख दी गई है। संभाग आयुक्त के आदेश और मोहलत मिलने के बाद भी समितियों की जांच में गंभीरता दिखाई नहीं दे रही है, जिसके कारण इन समितियों में केवल एक समिति ही अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर पाई है।

संभाग आयुक्त के पास आई दावा-आपत्तियों में ज्यादातर में कम मुआवजा मिला, मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत किसानों ने की है। इसके साथ कुछ आवेदन ऐसे भी हैं, जिनमें किसान की जमीन अधिग्रहण के बाद भी उनका नाम प्रभावित किसानों के नाम की सूची में शामिल नहीं है। इधर भारत माला परियोजना घोटाला की जांच ईओडब्ल्यू भी कर रही है। इस मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान ईओडब्ल्यू ने तेजी से जांच करते हुए इस मामले में जुड़े लगभग आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई भी की है, जिसमें कुछ लोगों को जमानत भी मिल चुकी है, लेकिन इस मामले में शासकीय पदों पर रहते हुए बड़ा खेल खेलने वाले तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू सहित अन्य तहसीलदार एवं पटवारी अभी तक ईओडब्ल्यू की पकड़ से बाहर हैं। इन सभी को शासन ने निलंबित कर दिया है, लेकिन ईओडब्ल्यू ने अपनी जांच में इन सभी को काफी राहत दी है, क्योंकि जांच के दौरान इनमें से किसी पर भी सख्ती नहीं बरती गई और न ही हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। स्थिति यह है कि ईओडब्ल्यू अब इस मामले की जांच कछुआ गति से कर रही है।



#### दस्तावेजों की जांच सहित किसानों एवं पटवारियों के भी होने हैं बयान

इन चारों समितियों को जांच के लिए बिन्दु तय किए गए हैं। इन बिंदुओं पर ही समितियों को जांच करना है। इसके लिए किसानों की प्रभावित जमीन के दस्तावेजों की जांच करने से लेकर संबंधित किसान एवं क्षेत्र के पटवारी का भी बयान लिया जाना है।

#### साढ़े चार सौ से अधिक दावा-आपत्तियों पर की जा रही जांच

आयुक्त के निर्देश पर रायपुर और धमतरी जिले में भारत माला परियोजना से प्रभावित हुए किसानों से दावा-आपत्तियां एवं शिकायत संबंधित आवेदन मंगाए गए हैं। इन दोनों जिले से लगभग साढ़े चार सौ आवेदन किए गए हैं, जिनमें दावा-आपत्ति के साथ शिकायतें भी शामिल हैं। इन आवेदनों का पहले संभाग कमिश्नर ने स्वयं अध्ययन किया। इसके बाद इन आवेदनों में शिकायतों की छंटनी कर शेष दावा-आपत्तियों पर जांच कराने के लिए चार समिति गठित की हैं। इन समितियों में संभाग उपायुक्त, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार स्तर के अधिकारी शामिल हैं।

#### केंद्र को भेजी जानी है रिपोर्ट

भारत माला परियोजना में मुआवजा घोटाला की सच्चाई क्या है, यह जानने के लिए अब केंद्र सरकार भी एंट्री कर चुकी है। केंद्र ने राज्य सरकार से इस घोटाला के साथ संभाग आयुक्त द्वारा कराई जा रही जांच की रिपोर्ट तलब की है, लेकिन यह रिपोर्ट तभी केंद्र तक पहुंचेगी, जब संभाग आयुक्त जांच पूरी करा पाएंगे। आयुक्त ने दावा-आपत्तियों से संबंधित आवेदन मंगाकर इनकी जांच के लिए समितियां तो बना दी हैं, लेकिन समितियों ने जांच को अब तक कितने हल्के में लिया है, इसे बताने की जरूरत नहीं है, क्योंकि बीते ढाई माह में समितियां दावा-आपत्तियों की जांच नहीं कर पाई हैं।

# मितानिनों की एक माह से चल रही हड़ताल स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात के बाद स्थगित

### पचास फीसदी वेतन वृद्धि सहित तीन सूत्रीय मांग पर चल रहा था आंदोलन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

वेतन में पचास प्रतिशत की बढ़ोतरी सहित तीन सूत्रीय मांग पर आंदोलनरत मितानिनों की हड़ताल स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया से मुलाकात के बाद स्थगित हो गई। बैठक के दौरान मितानिनों के प्रतिनिधिमंडल को बताया गया है, उनके वेतन में बढ़ोतरी का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। मितानिनों की हड़ताल की वजह से स्वास्थ्य सेवा एवं अन्य शासकीय कार्यक्रम काफी प्रभावित हो रहे थे।

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव अमित कटरिया से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर मांगों पर चर्चा की। इस दौरान आरओपी में प्रशिक्षकों के लिए 16 रुपये प्रतिदिन, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर के लिए 23 रुपये प्रतिदिन तथा ब्लॉक समन्वयक के लिए 1875 रुपये निर्धारित किए जाने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। पूर्व में संचालित एनजीओ का काम समाप्त हो चुका है, इसलिए मितानिनों की सुविधा के लिए भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार एसएचएसआरसी का गठन किया गया है, जिसके सामान्य सभा के अध्यक्ष सचिव स्वास्थ्य एवं कार्यकारी समिति के अध्यक्ष आयुक्त स्वास्थ्य हैं, जिसके माध्यम से मितानिन कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। प्रदेशभर में 80 हजार से ज्यादा मितानिन, प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेट, विकासखंड ब्लॉक समन्वयक 7 अगस्त से अपना काम बंद कर धरने पर बैठे थे। उनके आंदोलन की वजह से निचले स्तर पर संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभावित हो रहे थे। विभागीय स्तर पर उन्हें मनाने का प्रयास चल रहा था, जिस पर सफलता मिल गई है। स्वास्थ्य सचिव के साथ हुई बैठक के दौरान आयुक्त सह मिशन संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला एवं मितानिन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अजय शंकर कन्नौजे मौजूद रहे।

## नए बजट की तैयारी शुरू, वित्त विभाग ने जारी किया कार्यक्रम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके साथ ही पिछले बजट 2024-25 का निष्पादन बजट बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसे विधानसभा सत्र के दौरान पटल पर रखा जाएगा। सरकार का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट कार्यक्रम वित्त विभाग द्वारा बजट नियंत्रण अधिकारियों को बजट, राजस्व प्राप्तियों की अलग-अलग प्रविष्टियों के लिए आनलाइन बजट माड्यूल लिंक तथा हार्ड कापी एक दिन पहले जारी की गई है। इसके बाद 15 सितंबर से लेकर 31 मार्च 2026 तक अलग-अलग बैठकें होंगी।

# एयरपोर्ट की तर्ज पर रेलवे स्टेशन में खुलेंगी प्रीमियम बांड की दुकानें

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

मंडल के रेलवे स्टेशनों में भी अब एयरपोर्ट की तर्ज पर ब्रांडेड कंपनियों की दुकानें खुलेंगी, जहां अच्छी क्वालिटी के कपड़े, जूते, छत्तीसगढ़ के हर्बल उत्पाद, शिल्पकला समेत फैशन से जुड़ी चीजें स्टेशनों की दुकानों में मिलेंगी। इसके लिए रेलवे ने टेंडर जारी कर आवदेन मंगाने शुरू कर दिए हैं। मंडल में आउटलेट्स रायपुर, दुर्ग, भाटापारा व भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशनों पर गैर-किराया राजस्व नीति के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे। रायपुर में बड़ी कंपनियों के स्थापित होने से यात्रियों के लिए स्टेशन में सुविधाएं बढ़ जाएंगी। इसके साथ दुर्ग और भिलाई पावर हाउस में यात्रियों की आवाजाही अधिक होती है। इसीलिए यहां भी कपड़ों और जूतों की दुकान खुलने से आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। रेलवे ने साफ किया है कि इन आउटलेट्स में खाने-पीने का सामान नहीं बेचा जाएगा। सभी दुकानें बोली प्रक्रिया के ज़रिए तय की जाएंगी। शुरुआत में दुकानों का करार 5 साल के लिए होगा, जिसे अच्छे प्रदर्शन पर 9 साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें केवल प्रीमियम दुकानों को मौका मिलेगा।

इन आउटलेट्स में यात्रियों को यात्रा सहायक सामग्री जैसे सैमसोनाइट, वीआईपी, सफारी, अमेरिकन टूरिस्टर, परिधान एवं फैशन ब्रांड्स जैसे एरो, वैन ह्यूसन, बीबा, पीटर इंग्लैंड, फेबइंडिया, जूते एवं खेल परिधान जैसे नाइकी, एडिडास, प्यूमा, रीबॉक उपलब्ध होंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ के स्थानीय प्रीमियम ब्रांड्स जैसे हथकरघा, जनजातीय कला, हर्बल उत्पाद और शिल्पकला को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। रेलवे का कहना है कि इन दुकानों से यात्रियों को बेहतर विकल्प मिलेंगे और छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी मिलेगी।

### स्टेशन में नामी ब्रांड की दुकान खोलने का मिलेगा मौका, छत्तीसगढ़ के स्थानीय प्रीमियम ब्रांड को भी प्राथमिकता




#### स्टेशन में दुकान खोलने मिलेगी जगह

रेलवे चाहता है कि स्टेशन पर सिर्फ़ बड़े, भरोसेमंद और पहले से स्थापित ब्रांड ही दुकान खोले। अगर किसी ब्रांड के पास एयरपोर्ट या मॉल पर दुकान चलाने का अनुभव है, तो उसे पहले मौका मिलेगा। रायपुर, दुर्ग, भाटापारा व भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशनों पर जगह उपलब्ध कराई जाएगी। रायपुर रेलवे स्टेशन में अभी तक कपड़े, जूते व फैशन से जुड़ी चीजे नहीं मिलती हैं। एयरपोर्ट की तर्ज पर दुकानों के खुलने से सुविधाएं बढ़ेंगी और राजस्व भी बढ़ेगा। रेलवे स्टेशन में सभी वर्गों के यात्री सफर करते हैं। लोकल व बड़े ब्रांड की दुकानों से राजस्व लाभ भी होगा।

#### स्टेशनों में स्थापित किए जाएंगे

रायपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर प्रतिष्ठित सिंगल ब्रांड रिटेलर्स कंपनियों से प्रीमियम सिंगल ब्रांड आउटलेट्स सिंगल ब्रांड आउटलेट्स (गैर-खाद्य श्रेणियां स्थापित करने आवेदन आमंत्रित किया गया है। यह आउटलेट्स रायपुर, दुर्ग, भाटापारा एवं भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशनों पर गैर-किराया राजस्व नीति के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे, जिसमें यात्रा सहायक सामग्री, परिधान एवं फैशन से संबंधित सामग्री, जूते एवं खेल परिधान एवं छत्तीसगढ़ के स्थानीय प्रीमियम ब्रांड को प्राथमिकता दी जाएगी।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल








# कोरकू, भील मुरिया, राजा मुरिया जनजाति में मृतक स्तंभ

परम्परा

डा. नीलिमा गुप्ता

बस्तर की जनजातियों में पाषाणयुगीन प्रागैतिहासिक मृतक संस्कारों की प्रथा आज भी देखी जाती है। कोरकू, भील मुरिया, राजा मुरिया, दंडाभी माड़िया, तथा अबूझमाड़िया जनजातियों में मृतक संस्कारों की यह परम्परा विद्यमान है। कोरकू जनजाति में व्यक्ति की मृत्यु होने पर काष्ठ निर्मित जिसे कोरकू मृतक स्तंभ मण्डा, मुण्डा, मण्डो अथवा गाथा पटिया कहा जाता है, जिसे सिडोली उत्सव आयोजित कर स्थापित करते हैं। पौष या माघ माह में घर के मुखिया तथा रिश्तेदारों सहित सुतार (लकड़ी) को तिलक लगाकर स्मृति चिन्ह उकेरने का कार्य आरंभ किया जाता है।

मण्डा दो प्रकार से बनाया जाता है। पहले प्रकार के




अनुसार चतुर्भुज आकार का स्तम्भ दो फीट चौड़ा तथा तीन चार फीट लंबा मोटे पटिया वाला होता है। इसके एक ही भाग पर पूर्वजों की आकृतियां मुख्य रूप से मृतक के प्रतीक स्वरूप आकृति उकेरी जाती है। दूसरी घुड़सवार की आकृति के ऊपर चंद्रमा - सूर्य बनाए जाते हैं। इन आकृतियों को बनाने की अवधारणा यह है कि व्यक्ति खुले हाथ आता है और खुले हाथ घोड़े पर सवार होकर चंद्रलोक होते हुए सूर्यलोक में जाता है। दूसरे प्रकार के लगभग पांच फीट लंबे, मोटे, चौरस स्तंभ का शीर्ष भाग मंदिर के समान होता है। इसके अग्र भाग में अधिकतर चांद सूरज तथा दाहिने भाग में गोदना गोदने वाले कलाकारों द्वारा मूंगा मूंगनी, पृष्ठ तथा बाएं भाग में पूर्वजों की प्रतीक आकृतियां उकेरी जाती हैं। स्तंभ का शेष भाग सुंदर बेल -बूटों, पशु - पक्षियों, भित्ति चित्रों, गोदना चित्रों तथा विविध ज्यामितीय आकृतियों से अलंकृत किया जाता है। वैरियर एल्विन के अनुसार ज्ञान स्मृति स्तंभों में कोरकू मण्डा श्रेष्ठ होते हैं।

ऐतिहासिक

डा. रामकुमार बेहार

## छत्तीसगढ़ में आधुनिक युग का आरंभ



छत्तीसगढ़ में इतिहासकार आधुनिक युग का आरंभ 1741 ई. को मानते हैं। एक तर्क इस तथ्य पर आधारित है कि 1741ई में मराठा सेनापति भास्कर पंत ने रतनपुर के राजा रघुनाथ सिंह को परास्त किया। रघुनाथ सिंह जी को शासन से पृथक कर अपने व्यक्ति को शासन सूत्र का संचालक नियुक्त किया। इस समय बिंबाजी भोंसले रतनपुर पहुंचकर औपचारिक रूप से इस अंचल का शासन सूत्र संभालते हैं। उल्लेखनीय है कि बिंबाजी भोंसले ने पिता की मृत्यु के पश्चात अपने सेनापति पांडुरंग को छत्तीसगढ़ पर अधिकार करने के लिए भेजा, मगर पांडुरंग को सफलता नहीं मिली, पराजय व निराशा से वह वापस लौटा था। बिंबाजी स्वयं एक बड़ी सेना व अनुभवी सेना नायकों से आर पार की लड़ाई लड़ने आया था। इसी समय आधिपत्य वाले क्षेत्र में बीमार पड़ने के कारण मोहन सिंह की मृत्यु हो गई। आगे छत्तीसगढ़ पर मराठा आधिपत्य के मार्ग की बाधा दूर हुई। ऐसी स्थिति में मई 1757 ई से ही छत्तीसगढ़ के इतिहास का आधुनिक युग का आरंभ मानना अधिक उपयुक्त होता है।

लोक साहित्य

डा. कांति कुमार जैन

## छत्तीसगढ़ के मध्य भाग की छत्तीसगढ़ी

छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जिले में बोली जाने वाली छत्तीसगढ़ी मध्य भाग की छत्तीसगढ़ी कहलाती है। इसे भाषा शास्त्रियों ने परिनिष्ठित, केंद्रीय या साधु छत्तीसगढ़ी भी कहा जाता है। इसके भाषा क्षेत्र में रायगढ़ जिले का पश्चिम भाग, जांजगीर चांपा, कवर्धा, राजनांदगांव जिले के साथ छुईखदान, तथा उत्तरी कांकेर जिले के भू भाग आते हैं। छत्तीसगढ़ के इस भाषा स्वरूप को लेकर दो तरह के मत व्यक्त किए जाते हैं। एक वर्ग बिलासपुर रतनपुर की छत्तीसगढ़ी को मानक मानता है, तो दूसरा वर्ग रायपुर की छत्तीसगढ़ी को। रायपुरी और बिलासपुरी छत्तीसगढ़ी के बीच शिवनाथ नदी एक तरह से विभाजक रेखा का कार्य करती है। वस्तुतः बिलासपुरी और रायपुरी छत्तीसगढ़ी में कोई मौलिक अंतर नहीं है। इनमें कतिपय परसर्गों, धातुओं और शब्दों के प्रयोग एवं अर्थ में अंतर दिखता है। रायपुर की छत्तीसगढ़ी में आदर्श रूपों में धातु के साथ ' अव' तथा बिलासपुरी में ' आ ' का प्रयोग होता है। परसर्गों में भी कर्मकारक को लेकर अंतर है। रायपुरी में ' ला ' का और बिलासपुरी में उसके स्थान पर ' का ' का प्रयोग किया जाता है। दोनों रूपों में संज्ञा पदो, सर्वनाम में भी किंचित अंतर दिखाई देता है। यह भी सत्य है कि रतनपुर छत्तीसगढ़ की प्राचीन राजधानी होने के कारण उसके रूप को पूर्व में परिणिष्ठित माना जाता था। किन्तु लंबे समय से रायपुर छत्तीसगढ़ का केन्द्र है। प्रचार प्रसार एवं प्रशासन की केंद्रीयता के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ी के आधुनिक रूप की निमित्त में रायपुर की अधिक भूमिका रही है। एतदर्थ, रायपुर छत्तीसगढ़ी को मानक मान लेने के आग्रह में औचित्य प्रतीत होता है।




लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

परब विशेष

डा. पीसीलाल यादव

# पूर्वजों के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट करते हैं पितर पाख में



छत्तीसगढ़ में धार्मिक रीति रिवाजों और परम्परा को मनाने की संस्कृति सदियों से चली आ रही है। अपने पूर्वजों को श्राद्ध तर्पण देने का ऐसा ही पर्व है - पितर पाख। यह क्वार कृष्ण पक्ष एकम से प्रारंभ होता है। इसमें पंद्रह दिनों तक पितरों को पिंड दान और तिल सहित जल का तर्पण दिया जाता है। प्रथम दिवस पितर बइसकी कहलाता है।

पितृ पक्ष लगते ही महिलाएं ओरवाती को गोबर से लिपती हैं। चौक पूर कर फूल चढ़ाती हैं। पितर को तर्पण देने वाला व्यक्ति जल तर्पण के समय दूब, कुश, तरोई पान, उड़द दाल व चावल का उपयोग कर पितरों को स्मरण करता है। पुरुष पितर जिस तिथि को दिवंगत होते हैं, उसी तिथि को उन्हें तर्पण दिया जाता है। नवमी के दिन माताओं को, पंचमी के दिन बच्चों व कुंवारों को तथा अकाल मृत्यु प्राप्त पितरों को चतुर्दशी को तर्पण दिया जाता है।



इन दिनों बरा, सोहारी, खीर आदि व्यंजन बना कर पितरों को चढ़ाया जाता है फिर परिवार जनों व इष्ट मित्रों को निमंत्रित किया जाता है। पितृ पक्ष में दान का बड़ा महत्व है। अतः ब्राह्मणों व भांजा भांजियों को राशि, अन्न आदि दान में दिया जाता है। पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता, आदर, श्रद्धा का भाव जगाने वाला यह पर्व पितृ ऋण से ऊऋण होने की प्रेरणा देता है।

गांव की कहानी : टीकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला'




# लद्दी से लब्दी और लब्दी से हुआ गांव गब्दी

छत्तीसगढ़ के बालोद जिला मुख्यालय के दक्षिण दिशा में लगभग बयालीस किमी की दूरी पर बसे गांव गब्दी के स्थापत्य काल अट्ठारहवीं शताब्दी है। इस समय दक्षिण कोसल छत्तीसगढ़ के दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत गुंडरदेही रियासत में रायवंश के जमींदारी थी। रियासत नगरी से सोलह किमी दूरी पर ही गब्दी गांव बसा है। ग्राम पटेल व सेवानिवृत्त शिक्षक पी आर खरांशु के जनश्रुति के मुताबिक कुछ अनाज व्यापारी बैलगाड़ी से कहीं जा रहे थे। शाम होने पर रात्रि-विश्राम के लिए रुके। तभी उन्हें बबूल के झुरमुट से कीचड़ से सना एक भैंसा दिखाई दिया। करीब जाकर देखा तो पता चला कि वहां पर एक छोटा पोखर है। पोखर में पानी कम और लद्दी अर्थात कीचड़ अधिक था। व्यापारियों ने वहीं पर रात बिताई। इस तरह उन व्यापारियों का उसी रास्ते से आना-जाना चलता रहा। जब भी पोखर में पर्याप्त पानी रहता था, वे रात बिताते थे। धीरे-धीरे व्यापारी उस विश्राम स्थल पर बसने लग गए। एक बस्ती बन गई। बस्ती का नाम लद्दी रखा गया। लद्दी से लब्दी हुआ। समय के साथ लब्दी गांव ही गब्दी




कहलाया। वो छोटा सा पोखर आज बांधा देव तालाब कहलाता है। तालाब के शीतला माता मंदिर में क्वाँर नवरात्र को ज्योत-जँवारा व ज्योत-कलश की स्थापना अंचल में प्रसिद्ध है।कालांतर में अर्जुन कोष्टा गाँव के पहले जमींदार हुए। अटल कोष्टा, भरत कोष्टा, रामलाल, बिंझवार हल्बा, सुकलाल मुकरदम,अभय राम कलार, फकीर खरांशु, चुरामन लाल राव गुरुजी गाँव के नामी व्यक्ति हुए। हीरालाल कोष्टा गांव के पहले सरपंच हुए। इस क्षेत्र में गाँव गब्दी से ही संगीतमय रामायण प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जो अनवरत जारी है। ग्राम गब्दी में मंजे हुए लोक कलाकार भी हुए। आज यह गांव शिक्षा के साथ जागरूक गांव होने के साथ विकास के नए नए आयाम गढ़ रहा है।

सुरता

आशा झा

## आंचलिक कला और साहित्य को समृद्ध करने में काफी योगदान रहा दानेश्वर शर्मा का

छत्तीसगढ़ अंचल के दुर्ग जिले के धमधा मार्ग में स्थित ग्राम मेड़ेसरा के निवासी रहे प. दानेश्वर शर्मा जी अपने जीवन को लोककला और साहित्य को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिए। आप भिलाई इस्पात संयंत्र में अधिकारी के रुप में अपनी सेवाएं दी। भिलाई इस्पात संयंत्र में 5 दिवसीय लोक कला महोत्सव की शुरुआत आपने की थी। इस भव्य मंच के माध्यम से आपने आंचलिक कलाकारों को भिलाई इस्पात संयंत्र के लोक कला महोत्सव में स्थान देकर उन्हें ऊंचाई प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। इसका सुखद परिणाम यह हुआ कि आपकी प्रेरणा से राज्य और देश में कई कलाकार अपनी कला का आज जादू बिखेर रहे हैं। इनमें पद्म विभूषित तीजन बाई, देवदास बंजारे, ऋतु वर्मा, खुमान लाल साव जी जैसे अनेक विधा के कलाकार अंचल की लोक कला को देश विदेश में पहुंचाए। आप स्वयं एक साहित्यकार रहे तथा आपके द्वारा लिखित कई कालजई गीत आकाशवाणी और दूरदर्शन के माध्यम से प्रसारित होते रहते हैं। कई पुस्तकों का प्रकाशन आपका हुआ है, तथा श्रीमद भागवत गीता का छत्तीसगढ़ी में आपने अनुवाद किया है। आप छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। आपने अमेरिका के न्यूयार्क में 2007 को आठवीं विश्व हिन्दी सम्मेलन में सम्मिलित हुए। श्रीमद भागवत पुराण के अच्छे कथा वाचक के रुप में भी आप जाने गए। छत्तीसगढ़ी फिल्मों में भी आपके गीतों को शामिल किया गया है।



कला जगतः डा. निशा शर्मा



# मध्य काल में भी प्रभावी रहा ददरिया

हमारे ग्रामीण अंचल में बैलगाड़ी आवागमन का महत्वपूर्ण साधन रहा है। अक्सर देखने में आता है कि ग्रामीण अपने बेलों को विभिन्न रंगों में सजाता संवारता है। ऐसी सजे संवरे बैलगाड़ी में अगर कोई ग्रामीण बाला चढ़ने को उत्सुक है तो वह दिलवाली होगी। श्रृंगारिक भावनाओं का परिचय मनुज प्रवृत्ति एवं व्यवहार से प्रदर्शित हो जाती है। अंचल विशेष की स्पष्ट छवि मन में अंकित हो जाती है। मध्य काल की लोक गाथाओं में तंत्र मंत्र का मायाजाल विद्यमान है। इसका प्रभाव ददरिया में भी है -

गाड़ी मा डारों गोबर खरसी।
थोपे डारो मोहनी जबरदस्ती।

मध्य काल में नाथ सिद्ध परम्परा का प्रचलन हुआ। उसी के समानांतर यहां भी जंगलीय जीवन में बैगा, जादू टोना, तंत्र मंत्र का प्रभाव पनपा। गौड़ जाति की एक शाखा बैगा, सम्मोहन, उच्चाटन आदि तंत्र मंत्र एवं जड़ीबूटियों का प्रयोग देखने को मिला।



कुछ लोग जो इस अंचल के दूर के वासी हैं, उनकी धारणा बन गई कि छत्तीसगढ़ में पुरुष ही नहीं, स्त्रियां भी जादू, तंत्र मंत्र, टोना टोटका जानती हैं और बाहर से आए लोगों को सम्मोहित कर लेती हैं। सम्मोहन की कला में यहां की स्त्रियां पारंगत थीं, यहां की लोक गाथाओं और ददरिया में भी यह स्पष्ट झलकता है।लगभग यह संस्कृति अब समाप्त हो चुकी है।

रीतिकाल में रचनाकार, नायक एवं नायिकाएं, कृष्ण एवं राधिका में प्रत्यारोपण करके श्रृंगारिक भावनाओं को प्रतिबिंबित करते रहे। इसका प्रभाव ददरिया में भी पड़ा है -

आमा लगाए ओरी के ओरी।
एमा रेंगे कन्हैया जांवर जोड़ी।

रहस्यात्मक अध्यात्म को भी चित्रित एवं विशिष्ट ढंग से समझना ददरिया कि मौलिकता है। आधे स्वर्ग में दुनिया की जो स्थिति है उसे देखें इस ददरिया में -

आधा सरग में उड़ेला मरही।
पांच नाम ला सुमर ले तोर चोला तरही।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नेपाल में तख्ता...

परिस्थितियों' का हवाला दिया और कहा कि वह मौजूदा स्थिति के 'संवैधानिक और राजनीतिक' समाधान का मार्ग प्रशस्त करने के लिए पद छोड़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की खराब स्थिति को देखते हुए काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। हालांकि, नेपाल सरकार ने 'जेन ज़ी' युवाओं के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद सोमवार रात सोशल मीडिया वेबसाइटों पर से प्रतिबंध हटा लिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा 19 लोगों की मौत की जवाबदेही की मांग को लेकर अपना प्रदर्शन जारी रखा है। 'जेन ज़ी' वे युवा हैं जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ। ओली के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले, प्रदर्शनकारियों ने बालकोट स्थित उनके निजी आवास में आग लगा दी और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड', संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग, पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक आदि के आवासों पर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति पौडेल के निजी आवास पर भी हमला किया।

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने देश में जारी सरकार विरोधी जबर्दस्त प्रदर्शन के मद्देनजर मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल सहित कई शीर्ष राजनीतिक नेताओं के निजी आवास पर हमला किया तथा संसद भवन में तोड़फोड़ की। छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों में राजनीतिक वर्ग के खिलाफ कई कारणों को लेकर आम लोगों का बढ़ता आक्रोश झलक रहा है, जिसमें सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार जैसे कई मुद्दे शामिल हैं। प्रदर्शनकारी कर्फ्यू और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के बावजूद काठमांडू और अन्य स्थानों पर एकत्र हुए। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 लोगों की मौत के लिए ओली के इस्तीफे की मांग करते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के उनके कार्यालय में घुसने और नारेबाजी करने के तुरंत बाद ओली ने पद छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति पौडेल को लिखे अपने त्यागपत्र में ओली ने नेपाल के समक्ष मौजूद 'असाधारण परिस्थितियों' का हवाला दिया और कहा कि वह मौजूदा स्थिति के 'संवैधानिक और राजनीतिक' समाधान का मार्ग प्रशस्त करने के लिए पद छोड़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की खराब स्थिति को देखते हुए काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। हालांकि, नेपाल सरकार ने 'जेन ज़ी' युवाओं के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद सोमवार रात सोशल मीडिया वेबसाइटों पर से प्रतिबंध हटा लिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा 19 लोगों की मौत की जवाबदेही की मांग को लेकर अपना प्रदर्शन जारी रखा है। 'जेन ज़ी' वे युवा हैं जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ। ओली के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले, प्रदर्शनकारियों ने बालकोट स्थित उनके निजी आवास में आग लगा दी और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड', संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग, पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक आदि के आवासों पर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति पौडेल के निजी आवास पर भी हमला किया।

**संचार मंत्री के घर पथराव-**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शनकारी युवकों ने ललितपुर जिले के सुनाकोठी स्थित संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के आवास पर भी पथराव किया। गुरुंग ने सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। उन्होंने काठमांडू के बूढ़ा नीलकंठ स्थित पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा के आवास में भी तोड़फोड़ की।

**नेपाल के नए पीएम बन सकते हैं बालेन शाह-**

ओली के इस्तीफे के बाद बलेंद्र शाह यानी 'बालेन' देश के नये प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बालेन शाह का उदय नेपाल की राजनीति में किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। पेशे से सिविल इंजीनियर और जुनून से रैपर रहे बालेन ने बाद में जाकर राजनीति में कदम रखा।

वो बाद में नेपाल की राजधानी काठमांडू के मेयर चुनाव जीते और वो अकसर युवाओं की आवाज उठाते रहते हैं।

बालेन शाह ने न सिर्फ युवाओं के मुद्दों को सशक्त आवाज दी, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदार नेतृत्व का वादा करके अपनी पहचान बनाई। यही वजह है कि ओली के इस्तीफे के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इसी नाम की हो रही है, कि क्या बालेन शाह अब नेपाल के प्रधानमंत्री बन सकते हैं? जेन जेड की नजर में बालेन शाह बदलाव के प्रतीक हैं। काठमांडू की सड़कों पर उतरे युवा उन्हें अपनी आवाज मानते हैं, क्योंकि वे भी उसी डिजिटल पीढ़ी से आते हैं जिसने सोशल मीडिया और नागरिक आंदोलनों को हथियार बनाया। हालांकि बालेन शाह भारत को लेकर कई बार विरोधी बयान दे चुके हैं। फिर भी पूरी तरह से उन्हें भारत विरोधी नहीं कहा जा सकता। कई बार उन्होंने भारत को लेकर तंज कसा है, ऐसे में अगर बालेन शाह वाकई प्रधानमंत्री बनते हैं, तो भारत को बहुत सावधानी से अपनी नेपाल नीति बनानी होगी।

### भारत ने सरहद...

जिनसे लोग रोज़ आना-जाना करते हैं। उत्तर प्रदेश के पिलीभीत, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज जैसे जिलों में खास निगरानी की जा रही है। ड्रोन से सीमा की चौकसी की जा रही है और संदिग्ध लोगों की पहचान के लिए तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। बिहार के चंपारण, सीतामढ़ी और मधुबनी जैसे इलाकों में भी सुरक्षा बलों को अलर्ट कर दिया गया है। नेपाल की तरफ से बर्दिया और धनुषा जैसे जिलों में भी नेपाल सरकार ने अपनी सुरक्षा बढ़ा दी है।

### मोदी दो दिवसीय...

अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने श्री मोदी को दिया था। श्री मोदी ने उसे स्वीकार कर लिया है। वे रजत जयंती स्थापना समारोह में शामिल होने के लिए 31 अक्टूबर को ही रायपुर पहुंच जाएंगे। रायपुर में ही श्री मोदी रात्रि विश्राम करेंगे। वे नवा रायपुर में विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे, वहीं स्थापना दिवस पर राज्योत्सव का उद्घाटन भी करेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य को बने हुए इस एक नवंबर को 25 साल पूरे हो जाएंगे। इस बार का राज्योत्सव रजत जयंती वाला होगा। इसको यादगार बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने खास तैयारी की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके उनको इसकी जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ आने का आग्रह किया था। श्री मोदी ने खास महोत्सव में शिरकत करने पर सहमति जता दी है।

**छत्तीसगढ़ की खास विधानसभा-**

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ गठन के बाद विधानसभा पुराने भवन में संचालित होती रही है। अब नवा रायपुर में विधानसभा का नया भवन तैयार किया गया है। 300 करोड़ से ज्यादा की लागत वाले विधानसभा भवन में तीन प्रमुख विंग बनाए गए हैं। विंग-ए में विधानसभा सचिवालय, विंग-बी में मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय सहित विधानसभा सदन व सेंट्रल हॉल, तथा विंग-सी में उप मुख्यमंत्रियों एवं अन्य मंत्रियों के कार्यालय होंगे। विधानसभा के बी विंग को तेजी से पूरा किया जा रहा है। इंटीरियर का कार्य भी अंतिम चरण में है। विधानसभा 52 एकड़ में बना है। यह नवीन विधानसभा भवन आधुनिक तकनीकी विशेषताओं और सांस्कृतिक सौंदर्य से युक्त एक भव्य परिसर होगा। सदन में 200 विधायकों के बैठने की क्षमता के साथ-साथ 500 दर्शकों की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया गया है।

### आकाशीय बिजली की...

दम्पति चपेट में आ गए और बेहोश हो गई। घंटों बाद महिला को अचानक होश आया तो उसने शोर मचाना शुरू किया जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजन द्वारा दोनों को उपचार के लिए शांतिपारा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सकों ने अशोक तिग्गा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर लिया था। परिजन देर शाम अशोक तिग्गा को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही मृतक की पत्नी का उपचार शांतिपारा स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। वहीं एक अन्य घटना में बतौली अंतर्गत ग्राम शिवपुर में 50 वर्षीय चकलू राम नागेश आ. सुखन राम 8 सितम्बर की शाम शिवपुर डेम के समीप मवेशी चरा रहा था। इसी दौरान अचानक गरज चमक के साथ शुरू हुई बारिश के दौरान ग्रामीण गाज की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि इसके पूर्व 7 सितम्बर को बतौली क्षेत्र के ग्राम टीरंग निवासी 57 वर्षीय सुखऊ राम आ. डूदू राम खेत में काम करने गया हुआ था। इस दौरान बारिश होने पर वह बरगद पेड़ के नीचे खड़ा हो गया और पेड़ पर बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में बतौली थाना प्रभारी सीपी तिवारी ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इन घटनाओं से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### सौर ऊर्जा, नीति...

बिजली शुल्क में छूट, स्टाम्प शुल्क में छूट, परियोजना रिपोर्ट तैयार करने पर अनुदान, भूमि उपयोग बदलने की फीस में छूट, भूमि बैंक से जमीन लेने पर शुल्क में रियायत मिलेगी, अनुसूचित जाति,जनजाति, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक और तृतीय लिंग समुदाय के उद्यमियों को जमीन के प्रीमियम में छूट, दिव्यांगों को रोजगार देने पर अनुदान, मेगा और अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट्स के लिए विशेष पैकेज का प्रावधान किया गया है।

### शहीद गिरेपुंजे...

करते हुए उनकी पत्नी स्नेहा गिरेपुंजे को विशेष प्रकरण मानते हुए राज्य पुलिस सेवा में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### अबूझमाड़ की लाइफ...

धनराज जैन ने बताया कि वे वर्ष 1990 से बस सेवा दे रहे हैं। अब तक नक्सलवाद के कारण कभी-कभार एक-दो दिन सेवा बंद करनी पड़ती थी, लेकिन सड़क की हालत को देखते हुए पांच दिन तक सेवा ठप करना इतिहास में पहली बार हुआ है।

### एंबुलेंस सुविधा भी...

कि नक्सलवाद के समय भी बस सेवा अधिकतम दो दिन बंद रहती थी, लेकिन सड़क की स्थिति इतनी बदहाल है कि अब लगातार पांच दिन से यातायात पूरी तरह थम गया है। यहां तक कि 108 एंबुलेंस कीचड़ में फंसने से महिला को सड़क पर ही प्रसव करना पड़ा।

### 20 से 25 बसें...

नुकसान हो रहा है। बस सेवा बंद होने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। छात्र–छात्राएं परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच पा रहे, शिक्षक स्कूल नहीं जा पा रहे और व्यापारी अपने कारोबार से कट गए हैं। होटल व्यवसायियों, दुकानदारों और रिक्शा चालकों की रोजी-रोटी पर भी असर साफ दिखाई दे रहा है।

### राधाकृष्णन होंगे देश...

निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं) एवं 12 मनोनीत सदस्य तथा लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है) शामिल थे। निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 781) हैं। बीजू जनता दल (बीजद), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने चुनाव से दूर रहने का फैसला किया था।

गौरतलब है कि यह चुनाव उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जुलाई में स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने के बाद आयोजित किया गया। संसद परिसर के वसुंधा भवन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान चला. संसद के दोनों सदनों के सांसद ने इस चुनाव में मतदान किया।

### सीएम साय ने...

कि एक प्रभावशाली नेता और कुशल प्रशासक के रूप में राधाकृष्णन ने समाज की जड़ों से उठकर राष्ट्र के उच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने का गौरव अर्जित किया है। उनका यह सफर लोकतांत्रिक मूल्यों की सशक्त मिसाल है। राधाकृष्णन का दूरदर्शी नेतृत्व और गहरा प्रशासनिक अनुभव न्याय, समानता और विकास के मूल्यों को नई ऊंचाइयों पर स्थापित करेगा। वंचित और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के उत्थान के प्रति उनकी निष्ठा सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय प्रगति को और सुदृढ़ बनाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह सफलता राधाकृष्णन के विश्वास, कड़ी मेहनत और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है, जो पूरे देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से राधाकृष्णन को पुनः शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

### नए उप राष्ट्रपति का ...

प्रकाश लोढ़ा का जन्म स्थान मुंगेली है, उनका निवास रायपुर के टैगोर नगर में है और खुद बाल्यकाल से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे हैं। प्रकाश लोढ़ा विवेकानंद बाल कल्याण समिति मुंगेली, दीनदयाल वनवासी सेवा समिति मुंगेली, भारत माता आराधना एवं प्रेरणा केंद्र मुंगेली, छत्तीसगढ़ जीव रक्षा एवं गौ सेवा शोध संस्थान मुंगेली, परम प्रोजेक्ट चेननहल्ली बेंगुलुरु के सदस्य, आहिंसा विश्व भारती दिल्ली( छत्तीसगढ़ प्रांत) जैसे संगठनों में शामिल रहे हैं। वे देश के कई राज्यों के साथ विदेश में यूके, अमेरिका, स्विटजर लैंड सहित यूरोपीय, खाड़ी देशों के सतत संपर्क में रहने के साथ विभिन्न दशों में ग्लोबल आउटरीच के अंतर्गत संगठन के अनेक कार्यक्रमों में निरंतर सक्रिय रहे हैं।

### गांजा से भरी कार की ...

हो गई। वहीं कार में सवार दल्लीराजहरा के तीन लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। सूचना पर कोंडागांव पुलिस घटनास्थल पहुंची और क्षतिग्रस्त कार में बैठे मिले युवक से पूछताछ की। युवक ने अपना नाम अनुराग सोनी पिता राजकुमार (28) रामबाग धमतरी निवासी बताया। पुलिस ने उसके आधिपत्य ने क्षतिग्रस्त कार की तलाश ली। इसी दौरान कार की डिक्की से दो पैकेट गांजा 14 किलो 300 ग्राम कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए बरामद किया गया। मादक पदार्थ क परिवहन में प्रयुक्त की जा रही उक्त क्षतिग्रस्त कार क्र. सीजी 05 एटी 3674 व एक नग मोबाइल कुल कीमत 7 लाख 43 हजार रुपए को आरोपी अनुराग सोनी के कब्जे से जप्त कर धारा 20/ख नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### रिश्वत लेकर...

के बाद राजभवन यह फैसला किया गया है। राजभवन को बड़ी संख्या में गंभीर शिकायतें इस संदर्भ में प्राप्त हुई थी। असिस्टेंट प्राध्यापक सहित सभी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया रोकी गई है।

### यूट्यूब में वीडियो ...

उम्मीद लेकर सिर पकड़े कोतवाली थाना पहुंचे। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल ढिमरापुर रोड स्थित रॉयल रेसीडेंसी कॉलोनी निवासी मेदनी पटेल व उसके पति लखन पटेल ने यू-ट्यूब पर शेयर ट्रेडिंग का विज्ञापन देखा। विज्ञापन में करोड़पति बनने का सपना दिखाने पर उन्होंने उसे विस्तार से देखा। वहीं उक्त विज्ञापन में इस कारोबार के फायदे गिनाते हुए दो मोबाइल नंबर भी दिए गए थे, साथ ही कहा गया कि ट्रेडिंग का काम करने के इच्छुक होने पर इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। ऐसे में दंपती को करोड़पति बनने की लालच जागी और उन्होंने यू-ट्यूब पर दिए गए नंबरों पर संपर्क किया। जिसमें एक नंबर को रिसीव करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम नितिन शर्मा व दूसरे ने तेज कुमार जैन बताया। साथ ही दोनों ने खुद को यूके इंडिया ट्रेडिंग कंपनी के लिए काम करना बताया। इसके बाद दोनों ही शातिर ठगबाजों ने अपनी जादू भरी बातों से कुछ ही मिनटों में दंपती को पूरी तरह अपने झांसे में ले लिया। वहीं दंपती द्वारा भी उनके बताए अनुसार अलग-अलग खातों में 1 करोड़ 8 लाख 44 हजार रुपए शेयर ट्रेडिंग के लिए इन्वेस्ट कर दिया गया।

जनवरी से अगस्त तक 930 लोग हुए ठगी के शिकार

जनवरी से अगस्त तक 930 लोगों से आरोपियों ने करीब साढ़े 6 करोड़ रुपए की ठगी कर ली है। इस तरह देखा जाए तो हर दिन औसतन 3 से 4 लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं। यह आंकड़े काफी चौकाने वाले हैं, इसमें पुलिस कर भी क्या सकती है। लोग खुद ही अंजान लिंक्स पर क्लिक करके, सोशल मीडिया में मैसेज व कॉल के जरिए अपनी गाढ़ी कमाई को गंवा रहे हैं।

**फिर से ठग लिए और 5 लाख-**कुछ दिनों के बाद जब पटेल दंपती ने उन्ही नंबरों पर संपर्क किया तो ठगों ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि पैसा निकालने के लिए 5 लाख रूपए और जमा करना पड़ेगा, इसके बाद ही पूरी रकम एक साथ वापस होगी। उनकी बातों में आकर लखन पटेल ने उनके खाते में 5 लाख रुपए और जमा कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने अपने नंबर बंद कर दिए। बार-बार कॉल करने पर उक्त नंबर उपलब्ध नहीं हैं जवाब मिला तो दंपत्ति को एहसास हुआ कि वे साइबर ठगों के जाल में फंस चुके हैं। इसके बाद उन्होंने घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में कराई। ऐसे में पुलिस ने श्रीमती मेदिनी पटेल के की रिपोर्ट पर मोबाइल नंबर धारक नितिन शर्मा व तेज कुमार जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) व 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### लोग समझने को ...

के माध्यम से आने वाले किसी भी अज्ञात लिंक्स, वीडियो कॉल, यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम में आने वाले लुभावने वीडियो पर ध्यान न दें।

### बसवराज की जगह...

जा रहे नक्सल विरोधी अभियानों से संगठन लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। सुरक्षाबलों द्वारा मुठभेड़ में दर्जनों शीर्ष माओवादियों को मार गिराया जा चुका है। वहीं सैकड़ों नक्सलियों की गिरफ्तारी व आत्मसमर्पण से संगठन लगातार कमजोर हो रहा था। **9 पोलित ब्यूरो मेंबर के मारे जाने के बाद देवजी को मिली कमान-**सीपीआई माओवादी ने पार्टी के 20वीं स्थापना दिवस के अवसर पर वर्ष 2024 अक्टूबर माह में 25 पन्नों का बुकलेट जारी किया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि पिछले दो दशक में सेंट्रल कमेटी के 22 सदस्य मारे गए थे, जिनमें पोलित ब्यूरो के 8 मेंबर भी शामिल थे। इसके बाद इस वर्ष 21 जनवरी को छत्तीसगढ़ में चलपति उर्फ जयराम रेड्डी और 22 अप्रैल को झारखंड में प्रयाग मांझी ऊर्फ विवेक दा जैसे सेंट्रल कमेटी के दो सदस्यों के मारे जाने के बाद 21 मई को छत्तीसगढ़ के माड़ में पार्टी महासचिव नंबाला केशव राव ऊर्फ बसवराजू भी मारा गया। बसवराजू की मौत के बाद संगठन की जिम्मेदारी देवजी को दी गई है।

### तेजी से फैसले...

नक्सली संगठन ने देवजी को नया चीफ बनाया है, जो वर्तमान में नक्सलियों की मिलिट्री इंटेलिजेंस विंग का चीफ भी था। माना जाता है कि देवजी बहुत तेजी से फैसले भी लेता है। संगठन में सबसे उपर पोलित ब्यूरो होते हैं, जिनके लिए निर्णय को सीसी मेम्बर (सेंट्रल कमेटी सदस्य) आगे बढ़ाते हुए डीकेएसजेडसी (दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी) सदस्यों तक पहुंचाते हैं।

### संगठन में पहली...

हिड़मा कई लेयर की सुरक्षा में रहता है। सुकमा जिले के पूवर्ती में निवासी हिड़मा बस्तर में नक्सलवाद की रीढ़ कहा जाता है, जिसे बटालियन कमांडर के पद से सेंट्रल कमेटी का सदस्य बनाया गया था। अब एक बार फिर प्रमोशन करते हुए उसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का इंचार्ज बना दिया गया है।

## 50 साल पुराने बरकेला बांध में 16 स्थानों से हो रहा रिसाव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अम्बिकापुर

लुत्ती और गेरसा बांध के फूटने के बाद अब सरगुजा जिले में एक और बांध खतरे के संकेत दे रहा है। जिले के 50 साल पुराने बरकेला बांध में पिछले एक माह से 16 जगह रिसाव हो रहा है। हालांकि समय रहते जल संसाधन विभाग ने इसका पता लगाया और रिसाव को कम करने के लिए फिल्टर लगाए गए है जिससे मिट्टी का कटाव ना हो सके। मंगलवार को कलेक्टर के साथ ही विभागीय अधिकारियों ने इस बांध का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया है और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

बता दें कि बलरामपुर जिले में तातापानी में लुत्ती और सरगुजा के लुंड्रा स्थित गेरसा बांध के फूटने के बाद शासन प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। रायपुर से लगातार प्रदेश भर के 30 साल से अधिक पुराने बांधों की विशेष निगरानी करने के निर्देश दिए गये है और उनकी मॉनिटरिंग की प्रतिदिन रिपोर्ट ली जा रही है। इसी कड़ी में सरगुजा जिले में एक और बांध की जानकारी सामने आई है जो खतरनाक स्थिति में है। यह बांध अंबिकापुर विकासखंड के ग्राम बरकेला में स्थित है।

बताया जा रहा है कि बरकेला स्थित इस बांध का निर्माण लगभग 1978 में किया गया था। इस बार सरगुजा में हुई बारिश ने नया रिकॉर्ड कायम किया है और यही वजह है कि जिले के सभी बांध लगभग फुल हो चुके है और बांधों के वेस्ट वीयर से पानी लगातार निकल रहा है। बरकेला का यह बांध भी पूरी तरह से लबालब है। मंगलवार को कलेक्टर ने बरकेला बांध का निरीक्षण किया और बांध में जलभराव, तटबंध की स्थिति और मिट्टी के कटाव का जायजा लिया।


**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र–2 एवं स्पष्टीकरण**

**निविदा क्रमांक: BPL-PROJECT-EPC-2025-02**
**प्रकाशन दिनांक: 15.07.2025**

निविदा क्रमांक: BPL-PROJECT-EPC-2025-02 प्रकाशन दिनांक 15.07.2025 हेतु IREPS Portal पर शुद्धि पत्र–02 एवं स्पष्टीकरण, दिनांक 05.09.2025 को प्रकाशित किया गया है। पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। कृपया उक्त वेबसाइट को आगे की सूचना के लिए विजिट करें।

(हस्ता.)
उप मुख्य विद्युत अभियंता, प.म.रे., भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पंचायत लालबहादुर नगर**
**जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**
Email: nplalbahadur@gmail.com

क्रमांक / 931 / लो.नि.वि./न.पं./2025-26 — लालबहादुर नगर, दिनांक 08/09/2025

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

एतद् द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | लागत राशि (रू.लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 174991 | Design, Construction, Testing, Commissioning and setting up of Material Recovery Facility (MRF) & Compost Plant in Municipal Areas of Lal Bahadur Nagar, Chhattisgarh (1st Call) | Rs 53.72 | 30/09/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत लालबहादुर नगर

**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
**CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची-834008, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**प्रोफार्मा 10-01**

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज एसी सिन्गल फेजशिरोपरी कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद मे उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाईन की सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जायेगा।

| कार्य की विवरण खण्ड/स्टेशन | मण्डल | तारीख |
|---|---|---|
| विद्युत निर्माण विभाग (बिलासपुर) द्वारा **बाराद्वार - यार्ड, बाराद्वार-सक्ती सेक्शन, बाराद्वार-सारागांव सेक्शन अप (बहारी) लाइन** के इलेक्ट्रिफिकेशन के संबंध में 4th लाइन पर 25 केवी, सिंगल फेज एसी, 50 हर्ट्ज, ट्रैक्शन ओएचई की शुरूआत के लिए सार्वजनिक अधिसूचना"। | बिलासपुर द.पू.म.रेलवे | 17.09.2025 |

**दिनांक: 04.09.2025**

**प्रोफार्मा 10-02**

**एसी 25 केवी कर्षण को चालू करना**
**"सड़क उपयोक्ताओं को चेतावनी"**

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि द. पू. मध्य रेल्वे, बिलासपुर मण्डल के अंतर्गत विद्युत निर्माण विभाग (बिलासपुर) द्वारा **बाराद्वार- यार्ड, बाराद्वार-सक्ती सेक्शन, बाराद्वार-सारागांव सेक्शन अप (बहारी)** लाइन के इलेक्ट्रिफिकेशन के संबंध में 4th लाइन पर 25 केवी, सिंगल फेज एसी, 50 हर्ट्ज, ट्रैक्शन ओएचई की शुरूआत के लिए सार्वजनिक अधिसूचना"॥ सभी समपारों पर सडक सतह से 4.78 मी की स्पष्ट ऊँचाई पर ऊँचाई गेजें लगाई है ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके।

जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढ़ोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिलंघन न करें।

**अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरा निम्नानुसार हैं: -**

i) ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरुप सड़क और रेल्वे लाइन पर बाधा।
ii) वाहन पर ले जाये जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
iii) चालकों की खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

**दिनांक: 04.09.2025**
CPR/10/PR/306

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)
द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

**PUBLIC NOTICE**

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission, in exercise of powers vested under 181 of the Electricity Act, 2003, has drafted Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission (Conduct of Business) (Second Amendment) Regulations, 2025.

Draft Regulations can be downloaded from the Commission's website- *www.cserc.gov.in* and can also be obtained from the Commission's office. Comments/suggestions of the stakeholders/ public are invited by 03/10/2025. Hearing will be held on 08/10/2025 at 11:30 am at the Commission's office.

"SAVE ELECTRICITY" — SECRETARY

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

homefirst — We'll take you home

**कब्जा सूचना**

**संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना**

चूँकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, 2002) के अंतर्गत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे दिए गए संबंधित तिथियों पर जारी किए गए मांग नोटिस के अनुसरण में, आप से/ऋणधारकों से, नीचे नामित, संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। तथापि, आप/उधारकर्ता सभी निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड** ने सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, इसके तहत नियमों को पढ़ते हुए, नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्तियों को अपने **कब्जे** में ले लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं)/ सह ऋणधारक (ओं)/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रू. में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संतोष राजपूत, उषा राजपूत, रंजीता राजपूत | प्लॉट-मौजा लोखंडी, टुकड़ा ख.नं. 242/5, प.ह.नं. 54/31, मौजा लोखंडी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर- चित्ररेखा की ज़मीन, पश्चिम- 37 फीट 6 इंच का सार्वजनिक रास्ता, पूर्व- अर्जुन केवट एवं विक्रेता की 37 फीट 6 इंच भूमि, दक्षिण- सड़क। | 04-07-2025 | 19,29,807 | 06-09-2025 |
| 2. | आशीष टंडन, सविता टंडन | प्लॉट-ख.नं. 1704/3/घ/5 का एक भाग, प.ह.नं. 53, मौजा निरतु, तहसील सकरी, ज़िला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- मो. छोटू की भूमि, पूर्व - सड़क, पश्चिम-भोला श्रीवाश की भूमि। | 04-07-2025 | 23,18,634 | 06-09-2025 |
| 3. | राज कुर्रे, ललिता कुर्रे, लता कुर्रे | मकान-ख.नं. 1704/3/घ/1 का एक भाग, प.ह.नं. 53, मौजा निरतु, तहसील सकरी, ज़िला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- राधेश्याम की भूमि, पश्चिम- सड़क, उत्तर- कार्तिपारा रोड, दक्षिण- गिरीश अग्रवाल की भूमि। | 04-07-2025 | 10,71,540 | 06-09-2025 |
| 4. | साहिल ग्रेयकर, गीता बाई | मकान- ख.नं. 147/4, प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सकरी, मौजा सैदा, तहसील सकरी और ज़िला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व - सार्वजनिक रास्ता (निस्तारी रास्ता), पश्चिम- दुबे जी की भूमि। | 04-07-2025 | 13,53,106 | 06-09-2025 |
| 5. | मुकेश कुमार, प्रीति सर्वे | प्लॉट- ख.नं. 126/94 (भाग), प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा और ज़िला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-गोविंद की भूमि, पश्चिम- प्रस्तावित सड़क, उत्तर- मुस्तफ़ाक़ की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि। | 04-07-2025 | 13,90,777 | 06-09-2025 |
| 6. | बालमुकुंद विश्वकर्मा, सरिता विश्वकर्मा | मकान- ख.नं. 641/3 (भाग), प.ह.नं. 42, मौजा उसलापुर, तहसील और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- प्रदीप कुमार पटेल की भूमि, पश्चिम- निस्तारी रोड, उत्तर- प्रदीप कुमार पटेल की भूमि, दक्षिण- प्रदीप कुमार पटेल की भूमि। | 04-07-2025 | 28,78,978 | 06-09-2025 |
| 7. | संतोषी नागरे, नरेंद्र कुमार | ख.नं. 917/24, मौजा मुंगेली, प.ह.नं. 29/59, तहसील व जिला-मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495334। चौहद्दी: पूर्व- प्रस्तावित सड़क, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि। | 04-07-2025 | 8,63,094 | 06-09-2025 |
| 8. | रामप्रकाश, चैती बाई लहरे, राहुल कुमार | प्लॉट-ख.नं. 278, मौजा निरतु, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. पेंड्री विकासखंड, तह. तखतपुर व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 04-07-2025 | 12,02,454 | 06-09-2025 |
| 9. | धन कुमार यादव, बरखा यादव | मकान-ख.नं. 626/72, मौजा मुंगेली, म.नं.-2, प.ह.नं. 19/59, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495334 चौहद्दी: पूर्व-रामनाथ सोनकर का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-धन का मकान, दक्षिण-ठाकुर का मकान। | 04-07-2025 | 13,98,893 | 06-09-2025 |
| 10. | वीरेंद्र कुमार मिश्रा, रोशनी मिश्रा | प्लॉट-ख.नं. 248/32, मौजा सैदा, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम- निस्तारी रास्ता, उत्तर- विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट। | 04-07-2025 | 11,41,229 | 06-09-2025 |
| 11. | देवीलाल कौशिक, बृहस्पति कौशिक | प्लॉट-ख.नं. 126/121, प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- सड़क, पश्चिम- लोहरानी भूमि, उत्तर- विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 04-07-2025 | 9,81,923 | 06-09-2025 |
| 12. | प्रज्ञा श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव | फ्लैट-ख.नं. 59/2 प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी : पूर्व- शकुंतला पांडे का प्लॉट, पश्चिम- निस्तारी रास्ता, उत्तर- विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट। | 04-07-2025 | 12,13,387 | 06-09-2025 |
| 13. | प्रताप वर्मा, कुमारी वर्मा | प्लॉट-68/1[भाग], म.नं.-1 मौजा- मुंगेली, प.ह.नं. 18, तह. व जिला- मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495335 चौहद्दी: पूर्व- विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम- विक्रेता का प्लॉट, उत्तर- प्रस्तावित सड़क, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट। | 04-07-2025 | 8,26,466 | 06-09-2025 |
| 14. | रोहित कुमार सोनानी, रवि सोनानी, सूरजा सोनानी | फ्लैट-ख.नं. 37/62, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - सड़क। | 04-07-2025 | 11,54,111 | 06-09-2025 |

ऋणधारक द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, ऋणधारक/जमानतदार और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ उक्त नियम के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऊपर उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

**ऋणधारकों/जमानतदारों** और **आम जनता** को एतद्द्वारा आगाह किया जाता है कि वे ऊपर उल्लिखित संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों या उसके किसी भाग के साथ लेन–देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के साथ कोई भी लेन–देन **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा, जो संपत्तियों/प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध ऊपर उल्लिखित राशि के लिए है, जो पूर्ण भुगतान होने तक उस पर **अतिरिक्त ब्याज** के साथ देय है।

**ऋणधारक का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

**स्थान: बिलासपुर, दिनांक: 10-09-2025** — **प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड**

भारत के पड़ोसी देशों में पिछले कुछ सालों से हालात बने हुए हैं अस्थिर

सोशल मीडिया बैन से उपजा विवाद नेपाल में बन गया 'दावानल'

दुनियाभर में युवा आंदोलनों ने हुकूमत को अर्श से लाया फर्श पर

# अफगान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अब नेपाल चार साल में 4 पड़ोसी देशों में 'तख्तापलट'

*नेपाल में सोशल मीडिया बैन, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के विरोध में सोमवार को शुरू हुए प्रदर्शन के 30 घंटे के भीतर ही प्रधानमंत्री को अपना पद छोड़ना पड़ा, लगातार वहां अराजक स्थिति बनी हुई है। ऐसे ही हालात कुछ साल पहले भारत के अन्य पड़ोसी देशों में भी पनपे थे, जब सत्ता पर आसीन लोगों को जनाक्रोश के सामने सरेंडर करना पड़ा था। सच पूछिए तो भारत के पड़ोसी देश पिछले चार-पांच साल से अस्थिर बने हुए हैं। नेपाल के पहले अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश में भी तख्ता पलट हो चुका है*

## काबुल पर तालिबान का कब्जा

नेपाल जैसे हालात साल 2021 में अफगानिस्तान में भी पनपे थे, जब तालिबान ने काबुल की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अफगानिस्तान में अमेरिका समर्थित सरकार का पतन हो गया और तालिबान का शासन स्थापित हुआ। 2001 में अमेरिका के नेतृत्व में तालिबान को सत्ता से हटाया गया था और अशरफ गनी की सरकार बनी थी। इसके बाद फिर विरोध बढ़ा और अगस्त 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान के प्रमुख शहरों को कब्जे में ले लिया। तत्कालीन राष्ट्रपति अशरफ गनी देश छोड़कर भाग गए और तालिबान ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया। अफगानिस्तान में सेना की कमजोरी, भ्रष्टाचार, अमेरिका सेना की वापसी विद्रोह की वजह बने। इसके बाद काबुल की बागडोर तालिबान के हाथों में आ गई।

## श्रीलंका में आर्थिक संकट

अफगानिस्तान में विद्रोह के एक साल बाद यानी साल 2022 तक श्रीलंका में आर्थिक संकट गंभीर हो गया। इसके विरोध में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू हो गए और धीरे-धीरे एक जनआंदोलन खड़ा हो गया। सड़कों पर आगजनी, राष्ट्रपति आवास, संसद सभी जगहों पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया। यहां तक कि राष्ट्रपति भवन के पूल में प्रदर्शनकारियों के स्वीमिंग करते वीडियो भी सामने आए। राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को आधी रात में देश छोड़कर मालदीव भागना पड़ा। 2022 की शुरुआत में ईंधन और दवाओं की कमी हो गई और कालाबाजारी भी होने लगी। मार्च-अप्रैल के दौरान इसी वजह से लाखों लोग राजधानी कोलंबो की सड़कों पर उतरे और मई 2022 में प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को इस्तीफा देना पड़ा।







## बांग्लादेश में गिरी हसीना सरकार

बांग्लादेश में पिछले साल यानी 2024 में छात्र आंदोलन की वजह से शेख हसीना सरकार गिर गई। बांग्लादेश में 2024 के छात्र आंदोलन को 'दूसरा स्वतंत्रता संग्राम' तक कहा गया। इसमें सेना की भूमिका अहम थी और इसी वजह से हसीना सरकार का तख्तापलट हुआ।शेख हसीना की अवामी लीग सरकार 2009 से सत्ता में थी, लेकिन भ्रष्टाचार, मानवाधिकार उल्लंघन और आरक्षण नीति पर असंतोष को लेकर छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। जुलाई-अगस्त में प्रदर्शन ज्यादा हिंसक हो गए और सरकार ने गोलीबारी के आदेश दे दिए। इस फायरिंग में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। पांच अगस्त 2024 को शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देकर भारत आना पड़ा। नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार बनाया गया, जो फिलहाल देश की बागडोर संभाल रहे हैं।

## पाकिस्तान में बिगड़े हालात

इसी तरह पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी लगातार राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से हटाने के बाद शुरू हुआ आंदोलन अब भी जारी है। पाकिस्तान में लगातार इमरान समर्थकों की तरफ विरोध प्रदर्शन, रैलियां और जनसभाएं आयोजित की जा रही हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे गुटे ने उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान और बलूचिस्तान में हमले तेज़ कर दिए हैं, अक्सर ड्रोन हमले किए जाते हैं।

### म्यांमार में दिखा सेना का क्रूर चेहरा

इसी तरह म्यांमार में भी लोकतंत्र समर्थक नेता आंग सान सू की को सेना ने जबरन साल 2021 में सत्ता से बेदखल कर दिया था। सेना को अंदाजा भी नहीं था कि इस सैन्य तख्तापलट के खिलाफ जनता बड़ी तादाद में सड़कों पर उतर आएगी। लोकतंत्र समर्थक लाखों लोगों ने म्यांमार में प्रदर्शन किए तो जवाब में सेना ने जनसंहार शुरू कर दिया। विरोध करने वालों को गोलियों से भून दिया गया। इसी वजह से आम जनता ने भी सेना का मुकाबले करने के लिए हथियार उठा लिए और संघर्ष शुरू कर दिया। म्यांमार में आज कई ऐसे छोटे-बड़े गुट हैं, जो जंगलों में रहकर सेना के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं।

## सुदन गुरुंग जिनके इशारे पर उबल पड़ा नेपाल, पीएम को भी देना पड़ा इस्तीफा



नेपाल में शुरू हुए प्रदर्शन अब बहुत हिंसक रूप ले चुके हैं। यह प्रदर्शन सोशल मीडिया बैन तक सीमित नहीं रहा बल्कि सरकार के भ्रष्टाचार और नेपोटिज्म के खिलाफ आवाज बन गया। हजारों युवा सड़क पर उतर आए पीएम को इस्तीफा देना पड़ा। इस पूरे आंदोलन का मुख्य चेहरा बनकर सामने आए हैं सुदन गुरुंग। आइए जानते हैं कौन हैं सुदन और कैसे उन्होंने नेपाल की सत्ता को चुनौती दी...

### कैसे शुरू हुआ आंदोलन?

नेपाल सरकार ने 4 सितंबर 2025 को अचानक 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगा दिया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, यूट्यूब और एक्स जैसी प्रमुख साइट्स पर रोक ने युवाओं में भारी गुस्सा भड़काया। इसी बीच 'हामी नेपाल' नामक युवा संगठन ने विरोध को संगठित करना शुरू किया। इसका नेतृत्व कर रहे हैं 36 वर्षीय सुदन गुरुंग. ने सोशल मीडिया का उपयोग करके युवाओं को एकजुट किया और उन्हें शांतिपूर्ण लेकिन जोरदार प्रदर्शन में शामिल किया।


### वीडियो जारी कर रखी मांगें

गुरुंग लगातार इस प्रोटेस्ट को मोबेलाइज करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने अब एक वीडियो जारी कर अपनी मांगे रखी हैं। इससे पहले भी वो ऐसे वीडियो पोस्ट करते रहे हैं, जिन्होंने प्रदर्शन की आग को भड़काने का काम किया। गुरुंग ने ये मांगें सामने रखीं-

- प्रधानमंत्री केपी ओली को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए . उन्होंने हमारे काफी भाइयों और बहनों को मार डाला है। इसलिए इस सरकार के पास सरकार में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है
- सरकार से जुड़े सभी प्रांतीय मंत्रियों को भी तुरंत इस्तीफा देना चाहिए
- हमारे भाइयों को गोली किसने मारी? नीचे से लेकर ऊपर तक हर कोई जिम्मेदार है। इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए
- नेपाल युवाओं की एक अंतरिम सरकार का गठन किया जाए

## त्रिभुवन एयरपोर्ट पर उड़ानें रद्द भारत की तीन फ्लाइट प्रभावित

नेपाल में हिंसक प्रदर्शन के चलते अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सभी उड़ानें रद्द कर दी गईं हैं। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, कोटेश्वर के पास धुएं के गुबार के बाद दोपहर 12:45 बजे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रोक दी गई हैं। इस बीच तीन भारतीय उड़ानें भी प्रभावित हुई हैं। आवाजाही में समस्या के कारण चालक दल के सदस्य हवाई अड्डे तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इंटरनेशनल के अलावा बुद्ध एयर सहित घरेलू एयरलाइनों ने भी सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। काठमांडू के दक्षिण में भैसपति मिनीसिटी क्वार्टर स्थित हेलीपैड से करीब एक दर्जन हेलीकॉप्टर काठमांडू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर चुके हैं। दिल्ली से काठमांडू जाने वाली इंडिगो और एयर इंडिया की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। हाल ही में काठमांडू से केवल दो विमानों ने उड़ान भरी है, जिसमें बैंकॉक जाने वाले एक थाई एयरवेज का विमान और दूसरा गुआंगझाउ जाने वाला विमान शामिल है।






*नेपाल के मुख्य एयरपोर्ट : नेपाल में कुल 50 एयरपोर्ट हैं, जिनमें से 30 एयरपोर्ट सक्रिय हैं। इनमें से तीन, त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (काठमांडू), गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (भैरहवा, लुंबिनी के पास) और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा को इंटरनेशनल का दर्जा मिला हुआ हैं।काठमांडू का त्रिभुवन एयरपोर्ट नेपाल का सबसे व्यस्त और मुख्य अंतरराष्ट्रीय गेटवे है।*

### नेपाल में फंसे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन

विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों से अपील की है कि नेपाल की स्थिति सामान्य होने तक यात्रा से बचें। जो भारतीय वहां मौजूद हैं, उन्हें अपने ठिकाने पर ही रहने, सड़कों पर न निकलने और पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। साथ ही उन्हें नेपाल सरकार और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। किसी भी मदद के लिए भारतीय दूतावास की हेल्पलाइन +977-9808602881 और +977-9810326134 पर संपर्क किया जा सकता है। इन नंबरों पर व्हाट्सएप कॉल पर भी बात की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### 'मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए देश तैयार : इसरो प्रमुख



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा है कि भारत 2027 तक अपनी पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत 7,700 ग्राउंड टेस्ट पूरे हो चुके हैं और 2,300 और परीक्षण किए जाने बाकी हैं। इसके बाद ही अंतरिक्ष में मानव मिशन को अंजाम दिया जाएगा।

### देश को धनखड़ के बोलने का इंतजार : रमेश

**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ ने जुलाई 2025 में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से उनका कोई बयान नहीं आया है। जगदीप धनखड़ की उस चुप्पी पर एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने सवाल खड़े किए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि देश को उनके मुखर होने का इंतजार है। धनखड़ के इस्तीफे के चलते ही नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ है। दरअसल, कांग्रेस ने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव के कहा कि जगदीप धनखड़ ने पिछले 50 दिनों से बड़े ही असामान्य ढंग से चुप्पी साध रखी है और अब देश को उनके चुप्पी तोड़ने का इंतजार है।

### अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था स्थिर बनाए ब्रिक्स : जयशंकर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ की वजह से विश्व में बनी हुई आर्थिक उथल-पुथल के बीच ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के आह्वान पर ब्रिक्स समूह की एक आपातकालीन वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। इसमें भारत की तरफ से विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने ही टैरिफ संकट से पार पाने के लिए समूह को एक जरूरी सुझाव देते हुए कहा कि वर्तमान में ब्रिक्स का पूरा ध्यान वैश्विक अर्थव्यवस्था और वर्ल्ड ऑर्डर को स्थिर बनाने पर केंद्रित होना चाहिए।

## सुको में कर्नाटक सरकार ने कहा, राष्ट्रपति-राज्यपाल हैं नाममात्र के प्रमुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल केवल नाममात्र के प्रमुख हैं और वे केंद्र तथा राज्य दोनों में मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं। कर्नाटक सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल सुब्रमण्यन ने मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच जज की संविधान पीठ के समक्ष कहा कि संविधान का अनुच्छेद 361 राष्ट्रपति और राज्यपाल को किसी भी आपराधिक कार्यवाही से छूट प्रदान करता है क्योंकि उनके पास कार्यपालिका की जिम्मेदारी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए सुब्रमण्यन ने जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस ए एस चंदुरकर की पीठ को बताया कि विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपाल की संतुष्टि, मंत्रिपरिषद की संतुष्टि ही है।



### राष्ट्रपति के प्रश्नों की जांच कर रही अदालत

न्यायालय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा भेजे गए 14 प्रश्नों की जांच कर रहा है, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या संवैधानिक प्राधिकारी विधेयकों पर अनिश्चित काल तक स्वीकृति रोक सकते हैं और क्या न्यायालय अनिवार्य समय-सीमा लागू कर सकते हैं।

### विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से रोका

तीन सिबंतर को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि विधेयक के रूप में जनता की आकांक्षाओं को राज्यपालों और राष्ट्रपति की 'मनमर्जी और इच्छाओं'के अधीन नहीं किया जा सकता, क्योंकि कार्यपालिका को विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से रोका गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित राज्य सरकार ने कहा था कि राज्यपाल संप्रभु की इच्छा पर सवाल नहीं उठा सकते हैं और विधानसभा द्वारा पारित विधेयक की विधायी क्षमता की जांच करने के लिए आगे नहीं बढ़ सकते हैं, जो न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है।


## बाढ़ प्रभावित हिमाचल पंजाब पहुंचे पीएम मोदी

हिमाचल को 1,500 करोड़ व पंजाब को 1,600 करोड़ रुपए की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित पंजाब व हिमाचल प्रदेश का जायजा लिया। पंजाब और उसके पड़ोसी हिमाचल प्रदेश में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करने के लिए एक दिवसीय दौरे पर आए मोदी हवाई सर्वेक्षण करने के बाद पंजाब के सबसे बुरी तरह प्रभावित जिलों में से एक गुरदासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए 1,600 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। पंजाब 1988 के बाद से सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा है।





### कांगड़ा में बैठक

पंजाब से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल में प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और फिर राहत एवं पुनर्वास उपायों की समीक्षा तथा क्षति का आकलन करने के लिए कांगड़ा में एक बैठक की। यहां उन्होंने हिमाचल के लिए 1,500 करोड़ रुपये की तत्काल राहत की घोषणा की। राज्य में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति का जायजा लेने के बाद मोदी ने मृतकों के परिजनों के लिए दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की सहायता राशि की भी घोषणा की।

## रेणुकास्वामी मर्डर केस

### एक्टर दर्शन कोर्ट में जज से बोले- मुझे जहर दे दीजिए!

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू



कर्नाटक का रेणुकास्वामी हत्याकांड एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार आरोपी नंबर-1 कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन ने अदालत में जज के सामने ऐसा बयान दिया जिसने सबको चौंका दिया। उन्होंने कहा कि वो जेल में किसी भी हाल में नहीं रहना चाहते, यहां उनकी स्थिति बहुत खराब है। दर्शन ने जज से कहा, 'ऐसी जिंदगी जीने से अच्छा है कि मुझे जहर दे दीजिए। मैं अब ऐसे जीवित नहीं रह सकता।' एक्टर दर्शन मंगलवार को मासिक सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 64वें सिटी सिविल एंड सेशन कोर्ट (सीसीएच) में पेश हुए। उन्होंने अपनी हालत बताते हुए कहा कि उनके हाथों में फंगस हो चुका है। उनके कपड़ों से बदबू आ रही है।

#### रेणुकास्वामी के अपहरण हत्या का आरोप

एक्टर दर्शन को चित्रदुर्ग निवासी 33 वर्षीय रेणुकास्वामी के अपहरण और हत्या के आरोप में जून 2024 में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, रेणुकास्वामी ने दर्शन की करीबी सहयोगी पवित्रा गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे। इसी वजह से दर्शन के इशारे पर उनका अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद बेंगलुरु के एक शेड में रेणुकास्वामी को बुरी तरह प्रताड़ित किया गया। उनकी मौत होने के बाद में उनका शव नाले फेंक दिया गया। भाड़े के हत्यारों का यह काम था। पुलिस ने इस पूरी साजिश का खुलासा कर दिया।

## अगले साल देशभर में शुरू होने जा रहा है यह महाअभियान

# पूरी तरह डिजिटल होगी जनगणना, मोबाइल से डेटा संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत में 2027 में होने वाली अगली जनगणना पहली बार पूरी तरह से डिजिटल रूप में आयोजित की जाएगी। केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि इस बार लगभग 34 लाख गिनतरीकर्मी और पर्यवेक्षक अपने-अपने निजी स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर घर-घर जाकर डेटा इकट्ठा करेंगे। गृह मंत्रालय और रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के अधिकारियों के अनुसार, इस उद्देश्य के लिए एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन तैयार किया गया है। यह ऐसा ऐप होगा जो हर तरह के मोबाइल को सपोर्ट करेगा। एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा और सीधे डेटा को केंद्रीय सर्वर पर अपलोड करेगा।

- स्मार्टफोन के जरिये घर-घर जाकर डेटा किया जाएगा इकट्ठा

### 34 लाख कर्मियों के लिए बड़ा बदलाव

अधिकारियों के मुताबिक, देशभर के लगभग 34 लाख कर्मियों को इस नए डिजिटल तंत्र का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें यह सिखाया जाएगा कि किस प्रकार अपने निजी मोबाइल फोन पर ऐप डाउनलोड कर उसका इस्तेमाल करना है। सरकार का मानना है कि इससे डेटा कलेक्शन की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और त्वरित हो जाएगी।



### मिलेगा 'सेल्फ एन्यूमरेशन' का विकल्प

सूत्रों के अनुसार, इस बार नागरिकों को भी स्वयं अपने विवरण भरने का मौका मिलेगा। लोग ऐप या पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का डेटा स्वयं दर्ज कर सकेंगे। अधिकारियों का मानना है कि यह सुविधा विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बेहद कारगर साबित होगी।

### 2021 की जनगणना से शुरू हुई थी तैयारी

दरअसल, यह मोबाइल ऐप सबसे पहले 2021 की जनगणना के लिए विकसित किया गया था, लेकिन कोविड महामारी और अन्य कारणों से उस समय जनगणना टल गई थी। अब इस ऐप को नए तकनीकी मानकों के अनुसार अपडेट और 'री-कैलिब्रेट' किया जा रहा है ताकि यह 2027 की पूरी प्रक्रिया को सुचारु ढंग से संचालित कर सके।

#### कागजी डेटा की भी होगी डिजिटल एंट्री

अगर किसी कारणवश गिनतरीकर्मी डेटा कागज पर दर्ज करते हैं, तो उन्हें उसे एक समर्पित वेब पोर्टल पर सीधे भरने की सुविधा दी जाएगी। इसका अर्थ है कि भविष्य में अलग से स्कैनिंग या मैनुअल डेटा एंट्री की आवश्यकता नहीं होगी। इससे आंकड़े न केवल तेज़ी से बल्कि सटीक रूप से इलेक्ट्रॉनिक डेटा में बदल जाएंगे।

## यूपी की घटना

### रिटायर्ड आईएएस डिजिटल अरेस्ट, 12 लाख की ठगी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी के लखनऊ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक रिटायर्ड आईएएस से साइबर ठगी हुई है। साइबर ठगों ने रिटायर्ड आईएएस को डिजिटल अरेस्ट करके 12 लाख रुपए वसूले हैं। लखनऊ के साइबर थाने की पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। लखनऊ में साइबर ठगों ने रिटायर्ड आईएएस को डिजिटल अरेस्ट करके 12 लाख रुपए वसूले हैं। ठगों ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बताया था। लखनऊ के साइबर थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। साइबर जालसाजों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर गोमतीनगर के विरामखंड-1 निवासी रिटायर्ड आईएएस कृपा शंकर गौतम को दो दिन डिजिटल अरेस्ट करके 12 लाख रुपये वसूले। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दोषी बताया गया था। साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।



### वाहन कंपनियों के खातों में अनुमानित 2,500 करोड़ रुपए है संचित

# वाहन कंपनियों के बही-खातों में संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को समाप्त हो जाएगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वाहन कंपनियों के खातों में अनुमानित 2,500 करोड़ रुपये का संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को नई जीएसटी दरें लागू होने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फिलहाल वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है जो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सबसे ऊंची दर है। इसके ऊपर, वाहन की किस्म के आधार पर एक प्रतिशत से लेकर 22 प्रतिशत तक का क्षतिपूर्ति उपकर भी लगाया जाता है।

■ फिलहाल वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है

इंजन क्षमता और लंबाई के आधार पर छोटी पेट्रोल कारों पर 29 प्रतिशत का कुल कर लगता है जबकि एसयूवी के मामले में यह 50 प्रतिशत तक पहुंच जाता है।



### समायोजन या रिफंड की मांग की गई

वाहनों पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर की व्यवस्था 22 सितंबर से समाप्त हो जाएगी। वाहन कंपनियों ने अपने खातों में संचित उपकर से संबंधित चिंताएं व्यक्त की हैं और या तो इसे अपनी कर देनदारी के साथ समायोजित करने या रिफंड की मांग की है।

### उपकर को लेकर उद्योग की तरफ से चिंताएं जताई गई

रिपोर्टों के मुताबिक, संचित उपकर लगभग 2,500 करोड़ रुपये है। अगर इसके समायोजन की मंजूरी नहीं दी गई तो कंपनियों के लेखा बहीखातों में इसे हटाना होगा।

### बचा क्रेडिट कंपनियों के खाते में पड़ा रहेगा

अग्रवाल ने 'प्रॉफिट जीएसटी कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित करते हुए कहा, ''क्षतिपूर्ति उपकर एक खास मकसद से लगाया गया था। एक बार उपकर खत्म हो जाने के बाद जो भी क्रेडिट बचा है, वह कंपनियों के खातों में ही पड़ा रहेगा।''

### उपकर एयरेटेड व कोयले पर भी लागू

अग्रवाल ने कहा, ''वाहनों के मामले में भी यही हुआ है या शायद जहां भी उपकर बंद किया गया है। यह केवल वाहन ही नहीं, बल्कि एयरेटेड वॉटर और कोयले के मामले में भी लागू है।'' जीएसटी कानून के तहत कंपनियां केवल संचित उपकर का ही समायोजन अपनी उपकर देनदारी के साथ कर सकती हैं। जिस तरह कच्चे माल पर चुकाए गए कर को केवल उत्पादन कर देनदारी के मामले में समायोजित किया जा सकता है।

## कर छूट के बाद कर्मचारी बचत, निवेश को दे रहे तरजीहः रिपोर्ट




एजेंसी ▸▸ मुंबई

आयकर में छूट के साथ कर्मचारियों का झुकाव वित्तीय नियोजन की ओर हुआ है। लगभग 57 प्रतिशत लोग अपनी अतिरिक्त आय को बचत और निवेश में लगा रहे हैं। नई कर व्यवस्था लागू होने के छह महीने बाद, एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। रोजगार के बारे में सूचना देने वाला मंच नौकरी की एक रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की नई कर व्यवस्था लागू होने के छह महीने बाद, 12.75 लाख रुपये प्रति वर्ष (एलपीए) तक कमाने वाले पेशेवर सोच-विचार कर खर्च की तुलना में बचत, निवेश और ऋण चुकाने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**नए लोग सबसे अधिक जानकारी रखते हैं :** रिपोर्ट में कहा गया है कि नए लोग सबसे ज्यादा जानकारी रखते हैं।

## जीएसटी सुधार से खपत बढ़ेगी राजस्व में आएगी कमीः मूडीज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि जीएसटी सुधार परिवारों के लिए राजकोषीय नीति समर्थन का एक और रूप हैं और इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, इन सुधारों से सरकार के राजस्व में कमी आएगी। मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत की प्रभावी जीएसटी दरों में कमी से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलने और आर्थिक वृद्धि को ऐसे समय में समर्थन मिलने की संभावना है जब देश उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण बाहरी दबावों का सामना कर रहा है। जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी।

■ जीएसटी दरों में कमी से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा

सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर 31 दिसंबर तक 28 प्रतिशत कर और क्षतिपूर्ति उपकर लागू रहेगा। वर्तमान में, जीएसटी पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों पर लगाया जाता है। मूडीज ने कहा, ''जीएसटी सुधार परिवारों के लिए राजकोषीय नीति समर्थन का एक और रूप है।




### अनुमानित हानि 48,000 करोड़ रुपए होगी

सरकार का अनुमान है कि इस वर्ष शुद्ध राजस्व हानि 48,000 करोड़ रुपये (5.4 अरब डॉलर) होगी, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित है। मूडीज ने कहा, ''फरवरी में वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित कर उपायों, विशेष रूप से आयकर भुगतान के लिए व्यक्तिगत आय सीमा में वृद्धि के साथ, जीएसटी में कर दरों में कमी से राजस्व वृद्धि पर असर होगा।''

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**द्वितीय रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

क्र. 402/अमृत/न.पा./2025-26 तखतपुर, दिनांक 09/09/2025

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रलाय, नई दिल्ली के "AMRUT MITRA" योजना अंतर्गत "Women for Tree" अभियान Project Code: AMT-CG-TAKHATPUR-5773 के दिशा-निर्देशो के अनुरूप, वृक्षारोपण, रखरखाव, जागरूकता एवं पर्यावरणीय अभियान से संबंधित कार्यों हेतु डे-एनयूएलएम मिशन अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक महिला स्व-सहायता समूहों (SHGs) से नगर पालिका परिषद तखतपुर क्षेत्र में उक्त कार्य के संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) स्पीड / पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 15/09/2025 को शाम 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्ते एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समयावधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है। आमंत्रित रूचि की अभिव्यक्ति में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क राशि रू. 100.00 स्थानीय नगरीय निकाय में जमा कर प्राप्त कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तखतपुर

स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, में योगदान देवे।

## जेएलआर वाहनों के दाम 30.4 लाख तक घटाएगी

**नई दिल्ली।** जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने मंगलवार को कहा कि वह जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए तत्काल प्रभाव से अपने वाहनों की कीमतों में 4.5 लाख रुपये से 30.4 लाख रुपये तक की कटौती करेगी। कंपनी ने बयान में कहा कि ग्राहकों को रेंज रोवर, डिफेंडर और डिस्कवरी ब्रांड के वाहनों में 4.5 लाख रुपये से 30.4 लाख रुपये तक का लाभ मिलेगा। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अम्बा ने कहा, ''लक्जरी वाहनों पर जीएसटी को युक्तिसंगत बनाना ग्राहकों और उद्योग दोनों के लिए एक स्वागतयोग्य कदम है। यह कदम भारत के लक्जरी बाजार में हमारे विश्वास और प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, बहुप्रतीक्षित प्रोत्साहन प्रदान करेगा।'' एक अलग बयान में, वोल्वो कार इंडिया ने कहा कि वह 22 सितंबर से अपने पेट्रोल, डीजल वाहनों की कीमतों में 6.9 लाख रुपये तक की कटौती करेगी।



## इट्सा हॉस्पिटल में वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे पर रोबोटिक रिहैबिलिटेशन की शुरुआत




**रायपुर।** इट्सा हॉस्पिटल में इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स (आईएपी) के सहयोग से वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मरीजों के इलाज में तकनीक की भूमिका को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा रोबोटिक रिहैबिलिटेशन सुविधा की शुरुआत, जिससे इट्सा हॉस्पिटल अब मध्य भारत के चुनिंदा उन्नत फिजियोथेरेपी केंद्रों में शामिल हो गया है। विशेषज्ञों ने बताया कि यह अत्याधुनिक तकनीक खासतौर पर न्यूरोलॉजिकल, ऑर्थोपेडिक और क्रॉनिक डिजीज से पीड़ित मरीजों की रिकवरी को तेज, सटीक और प्रभावी बनाती है। इससे मरीज न केवल जल्दी सामान्य दिनचर्या में लौट पाते हैं, बल्कि उनकी जीवन गुणवत्ता में भी सुधार होता है। कार्यक्रम में इंटरैक्टिव सेशन्स, जागरूकता वार्ता और लाइव डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट्स ने बताया कि शुरुआती स्तर पर दी गई फिजियोथेरेपी और रोबोटिक तकनीक का समन्वय मरीजों के आत्मविश्वास को कैसे बढ़ाता है। इट्सा हॉस्पिटल प्रबंधन ने इस अवसर पर संदेश दिया कि संस्थान परंपरागत चिकित्सा विशेषज्ञता को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ जोड़कर समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**कार्यालय बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाठा)**

**-: निविदा सूचना :-**

पृ.क्रमांक/228/निविदा/बि.दे.के./ बिलासपुर (चकरभाठा) दिनांक 06.09.2025

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाठा) में कर्मियों की आपूर्ति हेतु 09 साफ-सफाईकर्मी (अकुशल) 12 माह के अस्थायी रूप से संचालन हेतु निविदा निर्धारित प्रारूप एवं शर्तो के अधीन निविदा दिनांक 24.09.2025 समय दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित किया गया है इच्छुक फर्म / संस्था निर्धारित प्रारूप के साथ 500/- रूपये का डिमांड ड्राफ्ट बिलासपुर एयरपोर्ट बिलासपुर के नाम से प्रत्येक सेवा हेतु पृथक-पृथक बंद लिफाफा अधेहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 से दोपहर 02:00 बजे तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) जमा कर सकते है।

निर्धारित प्रारूप एवं आवश्यक शर्ते बिलासपुर जिले के वेबसाईट www.bilaspur.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 24.09.2025 को 02:00 बजे अपरान्ह तक

निविदा खोलने की तिथिः 24.09.2025 को सायं 03:00 बजे
स्थानः- बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट, बिलासपुर (चकरभाठा)

जी 252603371/1

एयरपोर्ट डायरेक्टर
बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट,
बिलासपुर (चकरभाठा)

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
कक्ष क्रमांक 66, प्रथम तल, कलेक्ट्रेट रायगढ़ (छ.ग.)
email-acexcise.rgh-cg@gov.in.phone/fax-no.-07762-222733

क्रमांक / आब. / ठेका/2025/3035 रायगढ़, दिनांक 08.09.2025

**द्वितीय निविदा सूचना**

जिला रायगढ़ अंतर्गत सी.एस.एम.सी.एल. द्वारा संचालित देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान मटन मार्केट रायगढ़ (छ.ग.) के स्थल परिवर्तन हेतु भवन / दुकान/परिसर को किराये पर लेने बाबत कानूनी मालिकों से मुहर बंद निविदाएं (तकनीकी शर्तों से संबंधित दस्तावेज एवं रेट ऑफर पृथक-पृथक बंद लिफाफों में) आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | वर्तमान में संचालित दुकान का नाम व स्थल | नवीन प्रस्तावित स्थल जहां दुकान स्थानांतरण होना है | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्राप्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान मटनमार्केट, रायगढ़ | ट्रांसपोर्ट नगर, रायगढ़ एवं ट्रांसपोर्ट नगर, रायगढ़ से 01 कि.मी. परिधि के अंतर्गत क्षेत्र | डिमांड ड्रफ्ट रु 1180/- (रू. 1000 एवं जीएसटी रू. 180) सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ (छ.ग.) के पक्ष में देय, का भुगतान कर जारीकर्ता कार्यालय से कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। |

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि 25-09-25 समय 05:30 P.M. बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 26-09-25 समय 02.00 P.M. बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि 26-09-25 समय 04:00 P.M. बजे तक।

सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु कलेक्टर, जिला रायगढ़ (छ.ग.)

जी. 252603369/2

## जीएसटी दर बदलाव के बाद एमआरपी बदले कंपनियां




**नई दिल्ली।** सरकार ने विनिर्माताओं से जीएसटी दरों में बदलाव के अनुसार बिना बिके भंडार पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को बदलने के लिए कहा है। सरकार ने विभिन्न उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी को कम कर दिया है, जो 22 सितंबर से लागू होगा। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''नई जीएसटी दरों के अनुसार विनिर्माता, पैकर और आयातक 31 दिसंबर, 2025 तक (या भंडार रहने तक) बिना बिके भंडार पर एमआरपी बदल सकते हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि संशोधित कीमतें केवल जीएसटी में हुए बदलाव को ही दिखाएंगी। मंत्री ने कहा कि नया एमआरपी स्टिकर, स्टाम्प या ऑनलाइन प्रिंट के साथ दिखाना चाहिए।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग जांजगीर, मुख्यालय-चांपा (छ.ग.)**

**-: निविदा निरस्तीकरण सूचना :-**

ज्ञाप क्र. 2961/व.ले.लि./जांजगीर-चांपा/2025 चाम्पा, दिनांक-08/09/25

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./2024-25, दिनांक 03.03.2025 निविदा सिस्टम क्रमांक- 165360 द्वारा ''जांजगीर चांपा जिले के सत्तीगुड़ी एनीकट में हाइड्रोपंपिंग द्वारा सिंचाई के लिए एनीकट से टर्बाइन पंप और टर्बाइन पंप से वितरण टैंक तक पाइपलाइन उपलब्ध कराना और बिछाना तथा जल टरबाइन के आधार का निर्माण'' हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की गई थी। प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग रायपुर के सिस्टम प्रभारी द्वारा दिनांक 16.04.2025 को निविदा खोली गई, जिसमें केवल एक ही निविदाकार को योग्य पाया गया है, एवं प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग रायपुर के पत्र पृ. क्र. 4263564 / निविदा प्रकोष्ठ /2025/2163 (टी.सी.) रायपुर, दिनांक 01.09.2025 द्वारा प्रकरण संभागीय कार्यालय को प्रेषित की गई। अतः एकल निविदाकार होने की स्थिति में उक्त निविदा जी नम्बर 242505777 को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग-जांजगीर
मुख्यालय-चाम्पा (छ.ग.)

जी -252603347/4

**न्यायालय तहसीलदार पुसौर, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / (पेपर प्रकाशन)**

रा.प्र.कं अपं / बी-121/2025-26
ग्राम - लंकापाली तहसील पुसौर जिला रायगढ़

कलेक्टर महोदय रायगढ द्वारा कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रायगढ (छ.ग.) हेतु लंकापाली से छींच मार्ग के लालडीपा नाला पर पुल एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य में प्रभावित ग्राम लंकापाली पहनं 26 रा.नि.मं पुसौर तहसील पुसौर की कुल भूमि खसरा नं. 461/1 से रकबा 0.114 हे. में सें अधिग्रहित भूमि रकबा 0.102 हे. भूमि का आपसी सहमति से भूमि क्रय नीती 2016 में वर्णित प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्यवाही एवं जॉच प्रतिवेदन भूमि पर स्थित स्थावर संपत्तियों तथा कुंआ, मकान, वृक्ष आदि का मूल्यांकन कर संबंधित विभाग तथा उघनिकी विभाग आदि के अधिकारी से अवगत कराते हुए समय-सीमा के भीतर अभिमत सहित प्रतिवेदन हेतु पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

जिसकी सुनवाई दिनांक 22/09/25 को नियत किया गया है। जिस संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई उजर आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 22/09/25 तक पेश कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त उजर आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
पुसौर, जिला रायगढ़ (छ.ग.)

जी. 252603342/1

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/वि.स. क्षेत्र चंद्रपुर/36-1/25-26/4636 रायपुर, दिनांक 08/09/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in, Sub Portal: http:// samb. eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि 06.10.2025, फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि 13.10.2025

| क्र. | कार्य का नाम/स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | वि.स. क्षेत्र चंद्रपुर जिला सक्ती वि.ख. डभरा अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र दर्री एवं वि.खं. मालखरौदा अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र मुक्ता में आहता सह मेन गेट निर्माण। | 32.02 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर |
| 2 | वि.स. क्षेत्र चंद्रपुर जिला सक्ती वि.ख. डभरा अंतर्गत ग्राम/ग्राम पंचायत सुखापाली, नवापारा (म), सिंघरा, छुहीपाली, पेण्डरूवा, सकराली एवं वि.ख. मालखरौदा अंतर्गत ग्राम / ग्राम पंचायत बोड़ासागर, किरकार, नावापारा, सपिया में सी.सी. रोड निर्माण। | 151.14 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर |
| 3 | वि.स. क्षेत्र/जिला/वि.ख. सक्ती अंतर्गत ग्राम धनपुर, मरकाम गोढी, जोंगरा, परसदा खुर्द, लिमतरा में पुलिया व सी.सी. रोड निर्माण। | 85.59 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

संवाद-45186

प्रबंध संचालक

## जियो फाइनेंशियल और आलियांज में गठजोड़

**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने और जर्मनी की आलियांज ने भारत में पुनर्बीमा व्यवसाय के लिए 'आलियांज जियो रीइंश्योरेंस लिमिटेड' (एजेआरएल) नाम से एक संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन किया है। जेएफएसएल ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी एजेआरएल में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 25,000 इक्विटी शेयरों की प्रारंभिक सदस्यता के लिए 2.50 लाख रुपये का निवेश करेगी। एजेआरएल का गठन भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद किया गया है।




**छत्तीसगढ़ संवाद (जनसम्पर्क विभाग की सहयोगी संस्था)**
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़, फोन 0771-2512510

क्रमांक-2278/छ.ग.सं/ फिल्म /2025 नवा रायपुर, दिनांक : 09/09/2025

**ऑडियो-विजुअल निर्माण हेतु दर निर्धारण एवं योग्य, अनुभवी फर्मों का इम्पैनलमेंट बाबत ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा राज्य शासन के विभिन्न विभागों, निगम, मंडलों द्वारा संचालित योजनाओं कार्यक्रमो एवं नीतियों के प्रचार-प्रसार हेतु ऑडियो-विजुअल निर्माण के लिये दर निर्धारण एवं ऑडियो-विजुअल निर्माता फर्मों/एजेंसियों का इम्पैनलमेंट हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित है। निविदा प्रपत्र, नियम-शर्तें एवं वित्तीय दर प्रस्ताव संबंधित अधिक जानकारी के लिए छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाइट www.samvad.cg.nic.in से प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा के नियम शर्तों या अन्य किसी प्रकार संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जायेगी। मात्र उक्त वेबसाइट में संशोधन की जानकारी दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | राशि रू. 2,360/- (रू. 2000 + जीएसटी रू. 360)- (वापसी योग्य नहीं) प्रत्येक के लिए |
| अमानत राशि | 1- ऑडियो-विजुअल निर्माण हेतु<br>'अ' श्रेणी के लिए रू. 2,00,000/-<br>'ब' श्रेणी के लिए रू. 1,00,000/-<br>'स' श्रेणी के लिए रू. 25,000/-<br>2- रेडियो जिंगल्स एवं धारावाहिक निर्माण हेतु रु. 25,000/- |
| प्री-बिड प्रश्न प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 15/09/2025 समय 5:00 बजे सायं तक |
| प्री-बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 16/09/2025 समय 3:00 बजे सायं |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 07/10/2025 समय 3:00 बजे अपरान्ह तक |
| ऑनलाईन निविदा टेक्निकल बिड खोलने की तिथि | दिनांक 07/10/2025 समय 4:00 बजे सायं |
| प्रस्तुतिकरण की तिथि | टेक्निकल बिड में योग्य फर्मों को पृथक से सूचित किया जाएगा। |
| वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | योग्य फर्मों को पृथक से सूचित किया जाएगा। |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ संवाद
नवा रायपुर, अटल नगर

संवाद-45185

**कार्यालय श्रमायुक्त छत्तीसगढ़**
इन्द्रावती भवन, खण्ड-03, द्वितीय तल, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
Email ID cglc2012@gmail.com, Phone No.-0771-2443514, Fax No.-0771-2443516

**स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार-2025-2026**

छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्था को स्व. रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार दिया जाता है जिसके अंतर्गत रूपये 02 लाख एवं प्रशास्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

अतः ऐसे श्रमिक/संस्था जिन्होने "श्रम के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 में किये गये उल्लेखनीय योगदान के आधार पर चयनित किया जायेगा, मजदूरों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में विशेष कारगार उपाय किया हो, जिसके फलस्वरूप आलोच्य वर्ष में कोई गंभीर दुर्घटना न हुई हो एवं सुरक्षा के नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया हो, जिससे प्रदेश का नाम श्रम जगत में गौरवान्वित हुआ हो" के द्वारा दिनांक 29.09.2025 तक श्रम विभाग की वेबसाईट में दी गई लिंक (shramevjayate.cg.gov.in/alankran.aspx) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

श्रम यशस्वी पुरस्कार से संबंधित नियम, अर्हताएं, प्रक्रिया, आवेदन प्रपत्र आदि श्रम विभाग की वेबसाईट (shramevjayate.cg.gov.in/alankran.aspx) से डाउनलोड की जा सकती है।

(श्रमायुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

(एस.एस. पैकरा)
उप श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़

जी. 252603372/2

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग बिलासपुर**

क्र.:-का.अभि./सं./सं./ संभाग / 5465 बिलासपुर, दिनांक : 09.09.2025

**-: बिजली बंद की सूचना :-**

समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सेंदरी वितरण केन्द्र अंतर्गत निम्नांकित 11 केव्ही एवं 33 केव्ही फीडरों में दिपावली पूर्व मेंटनेंस हेतु तालिका में दर्शायी गई तिथि में सुबह 09:30 बजे से शाम 02:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित्र क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.09.2025 | गुरुवार | 11 के.व्ही. रमतला | रमतला |
| 2 | 12.09.2025 | शुकवार | 11 के.व्ही.भरारी बस्ती | गतौरी, नवगवा, चुमकुवा, मोहतराई |
| 3 | 13.09.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. लोफांदी बस्ती | कछार, अमतरा, लोफांदी |
| 4 | 14.09.2025 | रविवार | 11 के.व्ही. सेन्दरी | सेन्दरी ग्राम |
| 5 | 15.09.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही.लमेर बस्ती | घुटकू, लमेर, गौबंद, खरगहना |
| 6 | 16.09.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही.बिरकोना | बिरकोना, सेन्दरी |
| 7 | 17.09.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. पौसरा बस्ती | गतौरी, बरपाली, सेमरताल, जलसो, |
| 8 | 18.09.2025 | गुरुवार | 11 के. व्ही. रमतला | सेन्दरी, समवृद्धि विहार, महामाया रेसिडेंसी |
| 9 | 19.09.2025 | शुकवार | 11 के.व्ही. पौसरा बस्ती | बनियाडीह, पैंसरा, परसदा, परसौडी, धुरीपारा |
| 10 | 20.09.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही.निरतु बस्ती | घुटकू, निरतु, तुरकाडीह |
| 11 | 21.09.2025 | रविवार | 11 के.व्ही.अरपाग्रीन 1-2 | अरपाग्रीन कालोनी |
| 12 | 22.09.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. लोफांदी पम्प | कछार, अमतरा, लोफांदी |
| 13 | 23.09.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. पौसरा पम्प | सेमरताल, जलसो, पौंसरा, परसौडी |
| 14 | 24.09.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही.भरारी पप्प | मोहतराई, भरारी, सेमरी, सेमरा |
| 15 | 25.09.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही.निरतु पप्प | घुटकू निरतु |
| 16 | 26.09.2025 | शुकवार | 11 के.व्ही.मेन्टल | मेन्टल, इनवायरो, दवा, कछुवाहा |
| 17 | 03.10.2025 | शुक्रवार | 33 के.व्ही. सेन्दरी | सेन्दरी सबस्टेशन |
| 18 | 04.10.2025 | शनिवार | 33 के.व्ही.सत्या फीडर | सत्या पॉवर एच.टी. कनेक्शन |
| 19 | 05.10.2025 | रविवार | 33 के.व्ही.पावर ग्रीड | पावर ग्रीड एच.टी. कनेक्शन |
| 20 | 06.10.2025 | सोमवार | 33 के.व्ही. सुधाबायो | सुधा बायो एच.टी. कनेक्शन |
| 21 | 06.10.2025 | सोमवार | 33 के.व्ही. घुटकू फीडर | सबस्टेशन से संबंधित क्षेत्र |
| 22 | 07.10.2025 | मंगलवार | 33 के.व्ही. बनियाडीह फीडर | सबस्टेशन से संबंधित क्षेत्र |
| 23 | 07.10.2025 | मंगलवार | 33 के.व्ही.फील स्टील | सबस्टेशन से संबंधित क्षेत्र |
| 24 | 08.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही.लमेर फीडर | लमेर बस्ती |
| 25 | 09.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. पौंसरा पम्प | पौंसरा |
| 26 | 10.10.2025 | शुकवार | 11 के.व्ही.भरारी बस्ती | भरारी बस्ती |

# राष्ट्रहित में बिजली की बचत करें। # समय पर बिजली बिल का भुगतान करें।
# विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है।

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., बिलासपुर

संवाद - 45158

# होंडा, यामाहा, बजाज ऑटो और जीप ने वाहनों के दाम घटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


वाहन कंपनियों होंडा, जीप, बजाज ऑटो और यामाहा ने जीएसटी दरों में किए गए बदलाव के अनुरूप मंगलवार को अपने वाहनों की कीमतों में कटौती करने की घोषणा की है। होंडा कार्स इंडिया ने कहा कि वह अपनी लोकप्रिय गाड़ियों के दाम घटा रही है। कॉम्पैक्ट सेडान अमेज पर 95,500 रुपये तक, सिटी मॉडल पर 57,500 रुपये तक और एलीवेट मॉडल पर 58,400 रुपये तक की कटौती होगी। जीप इंडिया ने कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद उसके कम्पास, मेरिडियन, रैंगलर और लक्जरी एसयूवी ग्रांड चेरोकी की कीमतों में 1.26 लाख रुपये से लेकर 4.8 लाख रुपये तक कटौती की जा रही है। दोपहिया वाहन कंपनी इंडिया यामाहा मोटर ने भी अपने मॉडल के दाम घटाने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि आर15 बाइक अब 1,94,439 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 2,12,020 रुपये थी। इसी तरह रेजेडआर मॉडल का दाम 93,760 रुपये से घटाकर 86,001 रुपये कर दिया गया है।

■ सेडान अमेज पर 95,500 और सिटी मॉडल पर 57,500 रुपए घटाए



### बजाज ने ऑटो पर 24,000 रुपए घटाए

*बजाज ऑटो ने भी अपने बजाज एवं केटीएम ब्रांड वाली मोटरसाइकिलों पर 20,000 रुपये तक और तीन-पहिया वाहनों पर 24,000 रुपये तक की कटौती की है। नई दरें 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो जाएंगी। वाहन कंपनियों ने जीएसटी कटौती को त्योहारी मौसम से पहले लिया गया सराहनीय कदम बताया है।*



# भारतीय कॉरपोरेट की नियुक्ति योजनाएं धीमी पड़ी : सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** इस साल अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए भारतीय कॉरपोरेट की नियुक्ति योजनाएं थोड़ी धीमी पड़ गईं हैं, क्योंकि नियोक्ता गतिशील माहौल में चुस्त-दुरुस्त बने रहने के लिए स्थायी, अस्थायी और सलाहकार प्रतिभाओं में संतुलन बना रहे हैं। मैनपावरग्रुप के ताजा रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण में मंगलवार को कहा गया कि भारत का शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 40 प्रतिशत रहा। इससे पता चलता है कि पिछली तिमाही की तुलना में नियुक्ति की उम्मीदें सात प्रतिशत कम हुई हैं। हालांकि, इसमें पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में इसमें 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एनईओ की गणना भर्ती की योजना बना रहे नियोक्ताओं के प्रतिशत में उन नियोक्ताओं के प्रतिशत को घटाकर की जाती है जो कर्मचारियों की संख्या में कमी की आशंका रखते हैं।

# भारतीय परिवारों का तिमाही खर्च 33 प्रतिशत बढ़ा : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय परिवारों का औसत तिमाही खर्च पिछले तीन वर्षों में लगातार 33 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2025 में 56,000 रुपये हो गया। शहरी और ग्रामीण भारत में उपभोग व्यवहार पर 'वर्ल्डपैनल बाय न्यूमेरेटर' की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में हर साल घरेलू खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, रिपोर्ट में आगे कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी खर्च बढ़ा है। इसके मुताबिक, घरेलू खर्च लगातार बढ़ रहा है। औसत तिमाही खर्च



2022 में लगभग 42,000 रुपये से बढ़कर 2025 में 56,000 रुपये से अधिक हो गया। शहरी परिवार सबसे अधिक खर्च कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीण परिवारों में भी तेज उछाल देखा गया है, जो देश भर में बजट पर बढ़ते दबाव को रेखांकित करता है। शहरी बाजारों में औसत तिमाही खर्च जून, 2022 में 52,711 रुपये था और यह बढ़कर मार्च, 2024 में 64,583 रुपये और मार्च, 2025 में 73,579 रुपये हो गया।

**ग्रामीण परिवारों का औसत तिमाही खर्च 46,623 रुपए**

इसी तरह, ग्रामीण परिवारों का औसत तिमाही खर्च जून, 2022 में 36,104 रुपये था और यह बढ़कर मार्च, 2025 में 46,623 रुपये हो गया। यह रिपोर्ट 6,000 परिवारों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।





































epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** एलआईसी में महिलाओं के लिए खास बीमा सखी बनने का अवसर। मानदेय 7000 रुपए प्रतिमाह सम्पर्क करें- स्मिता तिवारी दुबे 8839185098 **(38657)**

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षित शिक्षिकाएं नर्सरी से 8वीं (बीएड, कम्प्यूटर अनुभवी, स्पोकन इंग्लिश वाले प्राथमिकता) आया (8वीं पास) चाहिए सम्पर्क करें- सिन्धी कालोनी जरहाभाठा बिलासपुर फोटो सहित बायोडाटा व्हाट्सएप पर भेजें 74898 85833, 9300654801 **(38651)**

**आवश्यकता है-** ग्रामीण क्षेत्र में मार्केटिंग कार्य के लिए युवक की आवश्यकता है जिसे छत्तीसगढ़ी का भाषा ज्ञान एवं स्वयं की बाईक आवश्यक अपनी डिटेल भेजें- 74772 37699 **(38654)**

**आवश्यकता है-** मैकेनिकल इंजीनियर, सिविल इंजीनियर, एक मल्टीटैलेंटेड कर्मचारी (जो इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कारपेंटर कार्य हेतु), डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं साइट पर कुक चाहिए (कुक का वेतन 9000+ खाना) सम्पर्क करें- 62643 15731 **(38648)**

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीकल्स शाप में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आर.एस. सेल्स, गोल्डन बार के सामने, दीनदयाल गार्डन के पास, व्यापार विहार बिलासपुर **(38653)**

**आवश्यकता है-** कैफे में कार्य हेतु फ्रेशर युवक/ युवती चाहिए सैलरी योग्यतानुसार 6000 से 8000 सम्पर्क करें- 12 बजे के बाद, ब्रूबेरी कैफे, एम्बियंस बिजनेस पार्क, CMD कॉलेज के सामने 7987926453, 9131256249, 07752 490692 **(38655)**

**आवश्यकता है-** शादी भवन हेतु सुरक्षागार्ड की। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- सुबह 10 से 1 एवं शाम 4 से 6 तक हरिअमृत मैरिज रिसोर्ट सीपत रोड मोपका बिलासपुर 9300273965 **(38643)**

**आवश्यकता है-** मंगला चौक के पास M.I. गेस्ट हाउस और तोरवा चौक के पास R.M. गेस्ट हाउस में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8871781100 **(38652)**

**आवश्यकता है-** नेहा ज्वेलर्स एवं रत्न केन्द्र सदर बाजार बिलासपुर में काम करने हेतु शिक्षित कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बंकिम मिश्र 9753019109, 79993 42318 **(529)**

**आवश्यकता है-** कोनी स्थित निर्माणधीन आवासीय कालोनी में साईट सुपरवाइजर की सिविल वर्क/निर्माण कार्य सड़क, नाली भवन निर्माण का अनुभव हो। पता वृन्दावन प्लाजा 3rd फ्लोर नेहरू चौक बिलासपुर 9827150404, 9827478609 **(38647)**

**आवश्यकता है-** सर्वमंगला टेन्ट हाउस में काम करने हेतु लड़कों, ड्राइवर एवं स्टोर कीपर हेतु युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कुम्हारपारा रोड राजीव गांधी चौक बिलासपुर 62602 73334, 9826601147 **(38656)**

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट ऑफिस में ऑफिस कार्य एवं मार्केटिंग हेतु 18 से 23वर्ष की लड़कियां चाहिए योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट वेतन 6000 से 12000 समय सुबह 10:30 से शाम 7:30 (lunch included) सम्पर्क स्वप्निल बिल्ड रियल स्टेट 93028 22476, 7415558455 **(38646)**

**आवश्यकता है-** रेडीमेड शोरूम में बच्चों के कपड़ों का काउंटर सम्भालने के लिए अनुभवी पुरुष सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन 9000 से शुरू सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी गोल बाजार बिलासपुर **(38640)**

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य हेतु मेहनती लड़कों/ लड़की एवं एलइडी टीवी, डीटीएच, इंडक्शन कुकर, पंखा आदि रिपेयर करने हेतु अनुभवी मिस्त्री की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 76973 68454 **(38642)**

**Required-** Male hair Dresser and Female Beautician and Hair Dresser needed. The Heritage Prime Unisex Family Salon Mangla Chowk Bilaspur Salary 12 to 14 thousand. Contact 9131985355 **(38644)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर शहर में फास्ट फूड और चाइनीज आइटम बनाने के लिए 2 अनुभवी शेफ (chef) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8349360608, 78691 02530, 7869102531 **(38637)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस, कम्प्यूटर आपरेटर, गार्ड, कटर फिटर, सुपरवाइजर, वेल्डर, चपरासी, इलेक्ट्रीशियन, स्टोर कीपर पावर प्लांट हेतु 5-12वीं पास लड़के लड़कियां चाहिए वेतन 10000 से 30000+ मेडिकल रहना सम्पर्क- सीपत बिलासपुर 7772950319 **(38639)**

**आवश्यकता है-** चश्मा दुकान में कार्य हेतु लड़का एवं घर के कपड़े (प्रेस आयरन) करने अन्य घरेलू कार्य हेतु लड़की। सम्पर्क- सपना चश्मा घर सिटी कोतवाली के पीछे तेलीपारा रोड़ बिलासपुर 9827110803 **(38638)**

**आवश्यकता है-** थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट, माल निकालने, पैकिंग करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं एक ड्राइवर की आवश्यकता है इच्छुक सम्पर्क करें- बंगाल ड्रग हाउस, तेलीपारा, बिलासपुर 88153 53022 **(38634)**

**आवश्यकता है-** A1 वाटर प्लांट सरगांव के लिए 1 जूनियर अकाउंटेंट, 1 फीटर, 1 इलेक्ट्रिशन, (आईटीआई जरूरी) 1 फोरमैन, 10 हेल्पर, 2 सेल्समैन (अनुभवी), 3 मैजिक ड्राइवर एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून, कुक, मेस हेल्पर (मेल/ फीमेल) आवास एवं भोजन उपलब्ध। मिलने का समय दोपहर 12 से 6बजे तक पता- अनुराज ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज एक्सिस बैंक के ऊपर तिफरा बिलासपुर 76103 65130, 9009989437 **(38641)**

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेंट में मीठा नमकीन बनाने हेतु कुक साउथ इंडियन कुक, वेटर सप्लायर, काउंटर सप्लायर चाहिए केवल अनुभवी ही सम्पर्क करे तृप्ति रेस्टोरेन्ट बस स्टॉप के पास महामाया चौक बिलासपुर 9993721402 **(38623)**

**आवश्यकता है-** (1) बच्चे की देखभाल एवं घर के कामकाज करने वाली (2) खाना बनाने हेतु लड़की/ महिला की आवश्यकता है। सम्पर्क करें– सुबह 9 से शाम 7बजे तक डॉक्टर अनिल अग्रवाल, नेहरु नगर प्रकृति लूथरा नर्सिंग होम के पीछे, बिलासपुर 79998 77858 **(38631)**

**आवश्यकता है-** Aquaguard सर्विस सेन्टर में फील्ड कार्य के लिए 10वीं, 12वीं ग्रेजुएट बाईक वाले लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हर्ष इंटरप्राइजेस, विनोबा नगर बिलासपुर 90390 14222, 8962337374 **(38622)**

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में सीनियर सेल्समैन की आवश्यकता है जो कोरबा चांपा, मुंगेली में कार्य कर सके सम्पर्क करें- मिहिर मेडिकोज मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर मो. 7974670905 **(38627)**

**आवश्यकता है-** (1) सिविल साइट सुपरवाइजर एवं इंजीनियर (autocad and structural knowledge साइट चलाने योग्य) (2) ऑटोमैटिक कार हेतु अनुभवी लाइसेंसी मेहनती, नशामुक्त ड्राइवर। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यतानुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 **(38614)**

**आवश्यकता है-** सिलपहरी स्थित फैक्ट्री में केमिस्ट (पिग आयरन से संबंधित या फेरो एलायज से संबंधित जानकारी हो) एवं एक लैब सेमप्लट की योग्यता 10 पास पूर्ण जानकारी के साथ संपर्क करें 913110 6922 **(38626)**

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 **(38629)**

**आवश्यकता है-** कॉर्टून पैकिंग एवं गोडाऊन कार्य हेतु मेहनती एवं अनुभवी लड़कों एवं बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवक/युवती की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मालिक राम मेडिकल एजेंसी तेलीपारा बिलासपुर **(38625)**

**आवश्यकता है-** घरेलू कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुबह 10बजे से 2बजे तक लिटिल फ्लावर स्कूल ओम नगर राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर 9329258565 **(38624)**

**आवश्यकता है-** शादी घर में देखरेख, साफ, सफाई कार्य के लिए नशामुक्त, ईमानदार, मेहनती, शिक्षित अनुभवी व्यक्ति चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। परिवार सहित रहन की सुविधा। सम्पर्क करें- 7999043732, 70007 99879, 9993450848, 9752777077 **(38598)**

**आवश्यकता है-** हॉटल में कार्य करने हेतु दो लड़के चाहिए वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें हॉटल द ऐनी श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे नेहरू नगर बिलासपुर 70673 10092, 8815664344 **(38618)**

**आवश्यकता है-** (1) माजदा/ आइशर ड्राइवर-2 (2) पिकअप ड्राइवर-2 (3) ऑफिस में काम करने हेतु चार लेबर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रतीक ऑटोमोबाइल, बबल आइलैंड के सामने सिरगिटी रोड बिलासपुर 8827773222 **(38621)**

**आवश्यकता है-** अम्माजी ट्रेडर्स में कलेक्शन कार्य के लिए लड़के की आवश्यकता है बाइक अनिवार्य सम्पर्क करें- 9699991449 **(38566)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 35वर्ष वेतन 5000+ कमीशन +बोनस सम्पर्क करें- नियर आशीष डेंटल हॉस्पिटल मंगला चौक बिलासपुर 78059 32585 **(263)**

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता है पद संख्या 790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 27500+ 56500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा- 7054311719 **(1136)**

**आवश्यकता है-** कार एवं एक्सेसरीज (आटो पाट्‌र्स) दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 **(38619)**

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238, 9229187457 **(1137)**

**आवश्यकता है-** सर्जिकल ऑफिस में कार्य करने के लिए टैली प्राइम डेटा एंट्री एकाउंटेंट की जरूरत है समय- सुबह 10.30 बजे से शाम 8.30 बजे तक, टैली प्राइम में न्यूनतम 1वर्ष का अनुभव आवश्यक है। सम्पर्क करें- श्री विनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 **(261)**

## बेचना

**बेचना है-** बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई शहरों में घर, फ्लैट, फार्म हाऊस, कमर्शियल प्रॉपर्टी, कृषि जमीन, सभी प्रकार की जमीन खरीदने हेतु सम्पर्क करें- स्वप्निल बिल्ड रियल स्टेट मार्केटिंग 93023 22476, 7415558455 (बिलासपुर में मिलेगी सबसे सस्ती प्रॉपर्टी) **(38645)**

**बेचना है-** रेल्वे क्षेत्र हेमू नगर **बिलासपुर 2BHK फ्लैट बेचना है साईं मंदिर के पास पाम हाईट्स के तृतीय फ्लोर पर प्राइवेट पार्किंग, लिफ्ट, फायनेंस भी उपलब्ध 27,00,000 में सम्पर्क- 9300000194, 93000 00195 (38650)**

**बेचना है-** शांती नगर बिलासपुर में शिवम रेसीडेन्सी अपार्टमेन्ट में थर्ड फ्लोर में स्थित सर्वसुविधायुक्त 2BHK फ्लैट नम्बर सी-304, बेचना है सम्पर्क 9827158035 **(38628)**

**बेचना है-** हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 **(38649)**

## किराया

**किराया-** व्यापार विहार श्रीराम टावर के पीछे गार्डन के सामने 1600 वर्गफीट हॉल किराए से देना है कन्सल्टेंसी, सर्विस एजेन्सी, कम्पनी, बॉयज हॉस्टल व्यावसायिक उपयोग हेतु उपयुक्त सम्पर्क करें- 9424254836, 83192 59757 **(38630)**

**किराया-** वृंदावन धाम श्रीकृष्ण नगरी (U.P.) एसी रूम, गीजर, फ्रिज, टीवी अटैच वॉशरूम, लिफ्ट 5 स्टार रूम मात्र 1200/- प्रतिदिन किराया सभी मन्दिर के पास सम्पर्क करें-श्री उमेश गौतम 88811 19584 **(38633)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।






### CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि — समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST For All Ad

**EDUCATION SPECIAL-** Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

**MATRIMONIAL CG+MP**

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

**HEALTH CARE** 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# एशिया कप हॉकी : भारत का आज कोरिया से मुकाबला, जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर अविजित रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में बुधवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपनी प्रभावशाली लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। भारत ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार तरीके से करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंदा, इसके बाद जापान के खिलाफ 2-2 ड्रॉ खेला। भारत ने अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 12-0 से हराकर पूल बी में गोल अंतर के आधार पर जापान से आगे रहते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत इस लय को बनाए रखते हुए खिताब जीतने और अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा।

### कोरिया के बाद चीन व जापान से मुकाबला

विश्व रैंकिंग में 10 वें नंबर पर काबिज भारत सुपर चार चरण में विश्व रैंकिंग में 16 वें स्थान की टीम कोरिया के खिलाफ जीत के दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगा। कोरिया के बाद भारत बृहस्पतिवार को खिताब के दावेदार चीन के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद शनिवार को जापान से भिड़ेगा। भारत व कोरिया दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मुकाबलों में भारत ने तीन बार जीत हासिल की है , जबकि कोरिया ने एक बार विजयी रहा है। एक मैच ड्रॉ रहा। भारत के पास ऐसे में मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी।

सुपर चार के मुकाबले शुरू



### भारत की इन खिलाड़ियों पर टिका दारोमदार

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर और मुमताज खान पूल स्टेज में पांच - पांच गोल कर शानदार लय में हैं। उनसे उम्मीद होगी कि वे अपनी लय बरकरार रखते हुए टीम को फाइनल में पहुंचाने में अपना योगदान दे। नवनीत, मुमताज और ललरेमसियामी को सिंगापुर के खिलाफ कोई चुनौती नहीं मिली और उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाया। नवनीत और मुमताज ने सिंगापुर के खिलाफ 12-0 की जीत में हैट्रिक जमाई। मिडफील्ड में नेहा, उदिति, शर्मिला और रुतुजा पिसाल ने भी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### सुपर चार चरण का ऐसा है शेड्यूल

सुपर चार चरण में भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया एक-दूसरे के खिलाफ एक- क मैच खेलेंगे। तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि बाकी दो टीमें तीसरे और चौथे स्थान के लिए भिड़ेंगी। भारत ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर सुपर चार में जगह बनाई है जबकि कोरिया ने पूल ए में दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सुपर चार के लिए क्वालीफाई किया।

### टीम के प्रदर्शन से खुश : कोच हरेंद्र

भारत के कोच हरेंद्र सिंह पूल स्टेज में अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हैं। उन्होंने कहा हम टूर्नामेंट में टीम की शुरुआत से संतुष्ट है। खिलाड़ियों ने कमाल का जज्बा दिखाया है। हमारी टीम आक्रमण कर मौके का पूरा फायदा उठाने में सफल रही है। पूल चरण हमें अपनी गति बनाये रखने के साथ विभिन्न खेल शैलियों के खिलाफ खुद को परखने का अच्छा मौका मिला। सुपर चार चरण में हालांकि एक अलग चुनौती होगी क्योंकि हमें कोरिया, चीन और जापान जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीमों का सामना करना है।

### भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा चीन

भारतीय कोच ने कहा हमें पता है कि सुपर चार चरण में भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज चीन है। टीम अगर फाइनल में पहुंचने में सफल रही तो वहां भी उसके सामने चीन की चुनौती होने की अधिक संभावना होगी। ऐसे में भारत के सामने कोरिया के खिलाफ मैच के बाद चीन को मात देने के लिए कारगर रणनीति तैयार करने की चुनौती होगी।

## खबर संक्षेप



### भारत की अगुवाई करेंगे रक्षित और अंशुल

**दुबई।** मौजूदा अखिल भारतीय एमेच्योर चैंपियन अंशुल मिश्रा और रक्षित दहिया 23 से 26 अक्टूबर तक यहां होने वाली 16वीं एशिया पेसिफिक एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। मौजूदा प्रवेश सूची के अनुसार भारत से दहिया और मिश्रा के अलावा राघव गुलाटी और रणवीर मित्रो भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इन चारों खिलाड़ियों को अच्छा-खासा अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। इस टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी को 2026 में मास्टर्स टूर्नामेंट में खेलने का निमंत्रण मिलेगा जबकि उपविजेता खिलाड़ी क्वालीफाइंग सीरीज में भाग लेगा। इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के 120 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

### ट्यूनीशिया ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ट्यूनिस।** मोहम्मद अली बेन रोमधाने के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से ट्यूनीशिया ने इक्वेटोरियल गिनी पर 1-0 से जीत दर्ज करके फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। ट्यूनीशिया को अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए दो मैच बाकी रहते जीत की ज़रूरत थी। वह ग्रुप एच में आठ मैचों में 22 अंकों के साथ शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद नामीबिया से 10 अंक आगे है।

## एशिया कप 2025 : मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से

# भारत-यूएई की भिड़ंत आज, दोनों के बीच अब तक हुआ है सिर्फ एक मैच जो भारत ने जीता

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम अपने पहले मैच में यूएई क्रिकेट टीम से आज 10 सितंबर को भिड़ेगी। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में युवा टीम जोरदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगी।

दूसरी तरफ मुहम्मद वसीम के नेतृत्व में यूएई की टीम अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। भारत और यूएई के बीच होने वाला अगला मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आज 10 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।




### भारत ने यूएई के खिलाफ जीता है अपना इकलौता मैच

अब तक दोनों देश सिर्फ 1 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आमने-सामने हुए थे, जिसे भारतीय टीम ने जीता था। एशिया कप 2016 की इकलौती भिड़ंत में यूएई की टीम निर्धारित 20 ओवर खेलने के बाद 81/9 का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 10.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था। ढाका में खेले गए उस मुकाबले में भारतीय टीम से रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 39 रन बनाए थे।




### जितेश को मिल सकता है मौका

भारतीय टीम से शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा पारी की शुरुआत करते हुए दिख सकते हैं। ऐसे में संजू सैमसन बेंच पर नजर आ सकते हैं और आईपीएल 2025 में मैच फिनिशर की भूमिका में नजर आने वाले जितेश शर्मा बतौर विकेटकीपर खेल सकते हैं।

**इन पर होंगी नजरें :** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने दुबई में 8 टी-20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 36.20 की औसत और 158.77 की स्ट्राइक रेट से 181 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में बुमराह ने दुबई में 4.77 की इकॉनमी रेट के साथ कुल 6 विकेट लिए हैं। वहीं यूएई के कप्तान वसीम ने इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक 13 पारियों में 31.30 की औसत और 156.53 की स्ट्राइक रेट से 407 रन बनाए हैं। यूएई की टीम एक बार फिर अलीशान शराफू और कप्तान मुहम्मद वसीम की सलामी जोड़ी के साथ नजर आ सकती है। हाल ही में त्रिकोणीय टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले वसीम अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने का प्रयास करेंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत एकादश:** शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह।

**यूएई एकादश:** मुहम्मद वसीम (कप्तान), मुहम्मद जोहैब, आसिफ खान, अलीशान शराफू, राहुल चोपड़ा (विकेटकीपर), हर्षित कौशिक, हैदर अली, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद रोहिद खान, जुनैद सिद्दीकी और सिमरनजीत सिंह।

## दलीप ट्रॉफी 2025

# ट्रॉफी पर कब्जा जमाने कल साउथ और सेंट्रल जोन में होगी भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

■ मैच 11 से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में सुबह 9 :30 बजे से

दलीप ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच 11 सितंबर से खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल साउथ जोन और नॉर्थ जोन के बीच ड्रॉ रहा, जिसमें पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल करने के चलते साउथ जोन ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, सेंट्रल जोन और वेस्ट जोन के बीच मुकाबला भी ड्रॉ रहा और बढ़त बनाने वाली सेंट्रल जोन ने खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला 11 सितंबर से 15 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।

### ऐसा रहा पहला सेमीफाइनल मुकाबला

पहले सेमीफाइनल में साउथ जोन ने एन जगदीशन के बड़े शतक (197) की बदौलत 536 रन बनाए। जवाब में नॉर्थ जोन की टीम शुभम खजूरिया के शतक (128) के बावजूद 361 रन ही बना सकी। बढ़त हासिल करने वाली साउथ जोन ने दूसरी पारी में जब 95/1 का स्कोर बनाया था, तब मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस बीच जगदीशन ने अपनी दूसरी पारी में नाबाद 52 रन बनाए।

### रोचक रहा दूसरा सेमीफाइनल

दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ट जोन ने रुतुराज गायकवाड़ के शतक (184) की मदद से 438 रन बनाए। जवाब में सेंट्रल जोन ने 600 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। सेंट्रल जोन की ओर से शुभम शर्मा (96), कप्तान रजत पाटीदार (77), उपेंद्र यादव (87), हर्ष दुबे (75) और सारांश जैन (63*) ने अर्धशतक लगाए। इसके बाद वेस्ट जोन ने दूसरी पारी में जब 216/8 का स्कोर बनाया, तब मैच ड्रॉ रहा।

### बैजबॉल को लेकर गलतफहमी खिलाड़ियों का अनादर: ब्रेंडन

**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि क्रिकेट का बैजबॉल ब्रांड कोई कड़ी खेल शैली नहीं है बल्कि यह खिलाड़ियों को स्वच्छंद होकर खेलने की छूट देने से जुड़ा है तथा इसको लेकर गलत धारणाएं खिलाड़ियों के लिए अपमानजनक है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## भारतीय महिला रिकर्व टीम कांस्य पदक प्लेऑफ में

**ग्वांग्जू।** दीपिका कुमारी, गाथा खडके और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में पहुंच गई लेकिन पुरूष टीम पहले दौर से बाहर हो गई। कंपाउंड तीरंदाज भी दो पदकों से आगे नहीं बढ़ सके। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में जापान से 2-6 से हार गई।

### कांस्य पदक के लिए द. कोरिया से भिड़ंत

अब कांस्य पदक के लिये भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय महिला टीम की नजरें 2015 के बाद विश्व चैम्पियनशिप में पहले पदक पर है। भारत ने अभी तक दो पदक जीते हैं और दोनों कंपाउंड वर्ग में मिले है। टीम क्वालीफिकेशन में भारत तीसरे स्थान पर रहकर सीधे दूसरे दौर में पहुंचा।

# निकहत जरीन विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

दो बार की चैंपियन निकहत जरीन ने मंगलवार को जापान की युना निशिनाका को कड़े मुकाबले में हराकर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ड्रॉ में गैर वरीयता प्राप्त निकहत ने महिलाओं के 51 किग्रा भार वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सर्वसम्मत फैसले में जीत हासिल की। हालांकि यह स्कोर 21 वर्षीय निशिनाका द्वारा दी गई कड़ी टक्कर को नहीं दर्शाता। निशिनाका ने लगातार भारतीय मुक्केबाज को परेशान किया और जरूरत से ज्यादा पकड़ बनाए रखने के कारण उनके दो अंक काटे गए। भारत की 20 सदस्यीय टीम के आधे



से अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिता से बाहर हो चुके हैं। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक शुरुआत की और पूरे इरादे के साथ आगे बढ़ीं। निकहत ने शुरुआत में कुछ हुक लगाए लेकिन जापान की मुक्केबाज ने 3-2 से बढ़त बना ली। दूसरे राउंड में निकहत ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बेहतर मुक्के जड़े। भारत की 29 वर्षीय मुक्केबाज ने तीखे जवाब दिए और राउंड 4-1 से जीत लिया।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी के साथ हांगकांग ओपन में आगे बढ़े जॉर्ज

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने मंगलवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया जबकि किरण जॉर्ज ने क्वालीफाइंग मुकाबला जीतकर पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।


पेरिस विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में अपना दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहले दौर के अपने मुकाबले में चीनी ताइपे के चियू शियांग चिए और वांग ची-लिन को 21-13, 18-21, 21-10 से हराया।



### अब जापान व सिंगापुर से होगा मुकाबला

आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अब जापान के केनया मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा तथा थाईलैंड के पीरचाई सुखफुन और पक्कापोन टीरारत्सुकुल के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज किरण का अगला मुकाबला सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा।

## शब्द पहेली - 5984



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(उर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 5983 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | बे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| शा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | शा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | य | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | ढ़ा | र | ■ | दा | ■ | ता | य |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल- 5994

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5993 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |




साइंस-फिक्शन

वैज्ञानिकों की हैरान करने वाली भविष्यवाणी!

# इंसानों के बाद धरती पर राज करेगा आठ हाथ-पैर वाला ये क्रिएचर

**वॉशिंगटन।** सोचिए एक ऐसी धरती जहां इंसान नहीं, बल्कि समुद्र की गहराई में रहने वाले जीव का साम्राज्य हो। यह सुनने में किसी साइंस-फिक्शन फिल्म जैसा लगता है, लेकिन कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि यह कल्पना सच भी हो सकती है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर टिम कूल्सन सहित कई विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर कभी इंसान धरती से लुप्त हो जाएं, तो ऑक्टोपस अगले सबसे बुद्धिमान और सक्षम जीव हो सकते हैं, जो यहां राज करेंगे। यह थ्योरी उनके असाधारण दिमाग और अनोखी शारीरिक बनावट पर आधारित है, जो उन्हें बदलते पर्यावरण में टिके रहने की शक्ति देती है।



### समुद्र का छिपा हुआ जीनियस

ऑक्टोपस न केवल दिखने में आकर्षक होते हैं, बल्कि ये काफी समझदार भी होते हैं। ये जार खोल सकते हैं, पजल सॉल्व कर सकते हैं और कई काम एक साथ कर सकते हैं। उनका दिमाग केवल सिर में नहीं, बल्कि उनके आठों हाथ-पैर में फैला होता है। इससे उन्हें तेज फैसले लेने और कई काम एक साथ करने में मदद मिलती है।

### परिस्थिति में ढलने की शक्ति

ऑक्टोपस की शरीर रचना बहुत लचीली होती है। वे किसी भी आकार में ढल सकते हैं, संकरे रास्तों से निकल सकते हैं और कई बार पानी के बाहर भी थोड़ी देर सांस ले सकते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि आने वाले समय में वे जमीन पर सांस लेने के लिए भी टेक्निक विकसित कर सकते हैं। जैसे इंसान का स्कूबा डाइविंग गियर।

### प्राइमेट्स से आगे निकलने की संभावना

अभी तक यह माना जाता रहा है कि इंसानों के बाद प्राइमेट्स (बंदरों की प्रजाति) धरती पर राज कर सकते हैं। लेकिन प्रोफेसर कूल्सन की रिसर्च के मुताबिक, प्राइमेट्स की सामाजिक निर्भरता और लंबी जीवन अवधि उन्हें जलवायु परिवर्तन जैसी आपदाओं में कमजोर बना सकती है। वहीं ऑक्टोपस अकेले रहकर भी जी सकते हैं, जल्दी विकसित होते हैं और तेजी से बदलावों को अपना सकते हैं।

### अगर ऑक्टोपस बनें पृथ्वी के मालिक तो क्या होगा?

अगर ऐसा हुआ, तो क्या होगा? एक ऑक्टोपस-संस्कृति कैसी होगी? वे धरती को कैसे बदलेंगे? यह कल्पना भले ही काल्पनिक हो, लेकिन यह सवाल उठाती है कि धरती पर केवल इंसान ही नहीं, और भी जीव हैं जिनमें नेतृत्व की क्षमता हो सकती है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि जैव विविधता को बचाना कितना जरूरी है। क्योंकि, भविष्य शायद उन जीवों का हो, जिन्हें हम आज ठीक से समझ ही नहीं पाए हैं।

# अब अंतरिक्ष में धुलेंगे वैज्ञानिकों के कपड़े चीन ने बनाई अनोखी वॉशिंग मशीन




**बीजिंग।** अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में कई चीजों की आदत डालनी पड़ती है। इनमें से एक यह भी है कि वे अपने गंदे कपड़े नहीं धो सकते। लेकिन, चीन के वैज्ञानिकों ने अब इस समस्या के समाधान ढूंढने का ऐलान किया है। वैज्ञानिकों ने कहा है कि उन्होंने एक समाधान प्रस्तावित किया है, जिसमें एक छोटी, डिटर्जेंट-मुक्त वॉशिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। यह वॉशिंग मशीन पानी का इस्तेमाल किए बिना धुंध और ओजोन से कपड़े साफ करती है।

चीन अंतरिक्ष यात्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र की टीम के अनुसार, यह वॉशिंग मशीन एक क्यूब के आकार की है, जो एक कैरी-ऑन सूटकेस से थोड़ा ही बड़ा है। इसका वजन करीब 12 किलोग्राम है। उन्होंने कहा कि यह मशीन 800 ग्राम (28 औंस) तक कपड़े साफ करने के लिए हर एक साइकिल यानी चक्र में केवल 400 मिलीलीटर (13 द्रव औंस) पानी का उपयोग करता है। हालांकि, यह पानी द्रव रूप में नहीं होगा।

### डिटर्जेंट की जगह इससे साफ होंगे कपड़े

यह पानी अल्ट्रासोनिक एटमाइजेशन के माध्यम से एक अति-सूक्ष्म धुंध के रूप में दिया जाता है। डिटर्जेंट के बजाय, यह मशीन ओजोन उत्पन्न करने के लिए पराबैंगनी (अल्ट्रा वायलेट) प्रकाश का उपयोग करती है, जो एक शक्तिशाली कीटाणुनाशक है जो कपड़ों को पांच बार तक पहनने पर भी उन्हें कीटाणुओं से दूर रखता है।

# भारत के इस पहाड़ी इलाके में नजर आई दुर्लभ बिल्ली, कैमरे में हो गई कैद!



**नई दिल्ली।** भारत में इतने भिन्न-भिन्न तरह के जीव हैं कि उनके बारे में जानकर हर कोई हैरान हो जाता है। हाल ही में ऐसे ही एक जीव की तस्वीर अरुणाचल प्रदेश से सामने आई है, जिसने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश के ऊंचे हिमालयी इलाकों में हाल ही में एक अभूतपूर्व खोज हुई है। यहां पहली बार पैलस कैट की तस्वीर कैमरे में कैद हुई है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने वेस्ट कामेंग और तवांग जिलों के 2,000 वर्ग किलोमीटर में फैले ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 136 कैमरा ट्रैप 83 स्थानों पर लगाए। इस परियोजना को ब्रिटेन सरकार ने डार्विन इनिशिएटिव के जरिए फंड किया। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य था- हिमालयी पारिस्थितिकी और वहां पाई जाने वाली बिल्लियों की विविधता को समझना। टीम का नेतृत्व रोहन पंडित, ताकु साई, निसम लक्सोम और पेम्बा त्सेरिंग रोमो ने किया, जबकि मार्गदर्शन ऋषि कुमार शर्मा (हेड ऑफ साइंस एंड कंज़र्वेशन, हिमालयाज प्रोग्राम, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया) ने दिया।

### पैलस कैट की अहमियत

पैलस कैट, जिसे मैनुल भी कहा जाता है, दुनिया की सबसे कम अध्ययन की गई और कम देखी जाने वाली जंगली बिल्लियों में से एक है। यह प्रजाति आईयूसीएन की रेड लिस्ट में 'कम से कम चिंता का विषय' श्रेणी में आती है, लेकिन इसके बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। अरुणाचल में इसकी मौजूदगी ने इसके ज्ञात क्षेत्र को और आगे बढ़ाया है। इससे पहले यह केवल सिक्किम, भूटान और पूर्वी नेपाल में दर्ज की गई थी. यहां इसे लगभग 5,000 मीटर की ऊंचाई पर रिकॉर्ड किया गया, जो इसके वैश्विक अधिकतम 5,050 मीटर के करीब है।

### स्थानीय समुदाय की भूमिका

इस सर्वेक्षण में स्थानीय गाइड्स और ब्रोक़पा चरवाहा समुदाय ने अहम भूमिका निभाई. उनके जीवन और पशुपालन की तस्वीरें भी कैमरों में कैद हुईं, जिससे यह साफ हुआ कि परंपरागत पशुपालन और जंगली जीवन साथ-साथ रह सकते हैं। अरुणाचल प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्यजीव वार्डन निलयांग टाम ने कहा, 'पैलस कैट की खोज पूर्वी हिमालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसमें स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी यह दिखाती है कि संरक्षण, पारंपरिक ज्ञान और आजीविका एक साथ मिलकर नाज़ुक पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र को बचा सकते हैं।'

### अन्य प्रजातियां भी रिकॉर्ड हुईं

इस सर्वेक्षण में पैलस कैट के अलावा कई और अद्भुत रिकॉर्ड सामने आए- कॉमन लेपर्ड 4,600 मीटर पर, क्लाउडेड लेपर्ड 4,650 मीटर पर, मार्बल्ड कैट 4,326 मीटर पर, हिमालयन वुड आउल 4,194 मीटर पर, ग्रे-हेडेड फ्लाइंग स्क्विरेल 4,506 मीटर पर. ये आंकड़े न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सबसे ऊंची ऊंचाई पर दर्ज अवलोकनों में गिने जा सकते हैं। सर्वेक्षण के दौरान एक दिलचस्प घटना यह भी देखी गई ।




# तोता और कैलेंडर से लड़कियों को बनाता था बेवकूफ, लेकिन एक कुत्ते ने खोल दी पोल!



**लंदन।** एक शख्स गर्लफ्रेंड होने के बावजूद 10 साल तक एक ही समय में छह अलग-अलग लड़कियों को डेट करता रहा। अपने इस झूठ को छिपाने के लिए उसने बाकायदा एक तोते को भी ट्रेनिंग दी, लेकिन एक कुत्ते ने उसका फंडाफोड़ कर दिया। डैनी ने यह सबकुछ एक खेल की तरह लिया, और अपने झूठ को छिपाने के लिए कलर कोडेड कैलेंडर, 3 फोन यहां तक कि एक तोते का भी सहारा लिया।

### लगी सवालों की झड़ी

एक रिपोर्ट के अनुसार, 38 वर्षीय डैनी अपनी सभी प्रेमिकाओं को मैनेज करने के लिए एक कलर-कोडेड कैलेंडर का इस्तेमाल करता था। इसमें अलग-अलग रंग यह तय करते थे कि उसे किस दिन किस लड़की से मिलना है। वहीं, गर्लफ्रेंड का अपने फोन से ध्यान हटाने के लिए उसने एक तोते को ट्रेनिंग दे रखी थी। जब भी फोन पर कोई नोटिफिकेशन आता, तोता अजीब आवाज निकालना शुरू कर देता था। इससे लड़की का ध्यान फोन पर जाने की बजाय तोते पर चला जाता था। डैनी तीन फोन इस्तेमाल करता था। एक बार तो उसने अपने घर के बॉयलर का प्रेशर तक कम कर दिया, ताकि प्रेमिका के शक से बच सके। लेकिन, एक कुत्ते ने डैनी की सारी चालाकी का भंडाफोड़ कर दिया, और 10 साल पुराना उसका झूठ सबके सामने आ गया। दरअसल, डैनी की एक गर्लफ्रेंड के पास कॉकपू नस्ल का एक कुत्ता था।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com